भारत के राजपत्र, असाधारण के भाग-I, खंड I में प्रकाशनार्थ

फा. सं. 6/01/2024- **डीजीटीआर**
भारत सरकार
वाणिज्य विभाग
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(व्यापार उपचार महानिदेशालय)
चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग,
5, **संसद मार्ग, नई दिल्ली** - 110001

दिनांक : 7 **मार्च** 2025

<u>अंतिम निष्कर्ष</u>
<u>केस नं. - AD(OI) - 01/2024</u>

<u>विषय: चीन जन.गण. और जापान में उत्पन्न होने वाले या वहां से निर्यात होने वाले "अघुलनशील सल्फर" के आयात से संबंधित पाटनरोधी जांच</u>

क. <u>मामले की पृष्ठभूमि</u>

(फा.सं. 6/01/2024-डीजीटीआर) **-** समय-समय पर यथासंशोधित सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 (जिसे यहां आगे "अधिनियम" कहा गया है) और समय समय पर यथा-संशोधित सीमा प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति का निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे आगे यहां "पाटनरोधी नियमावली" कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए,

1. ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लिमिटेड (जिसे आगे "आवेदक" या "घरेलू उद्योग" या "याचिकाकर्ता" कहा गया है) ने घरेलू उद्योग की ओर से, चीन जन.गण. और जापान (जिसे आगे "संबद्ध देश" कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "अघुलनशील सल्फर" (जिसे आगे "विचाराधीन उत्पाद" या "संबद्ध सामान" अथवा "पीयूसी" भी कहा गया है) के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरू करने के लिए अधिनियम तथा पाटनरोधी नियमावली के अनुसार निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे आगे "प्राधिकारी" कहा गया है) के समक्ष आवेदन पत्र दायर किया।

2. प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा प्रस्तुत पर्याप्त *प्रथम दृष्टया* साक्ष्य के आधार पर, उपर्युक्त संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के तथाकथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव निर्धारित करने के लिए और पाटनरोधी शुल्क की उपयुक्त राशि जो यदि लगाई जाए, और घरेलू उद्योग को तथाकथित क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगी, की सिफारिश करने के लिए पाटनरोधी नियमावली के नियम 5 के साथ पठित अधिनियम की धारा 9क के अनुसार

पाटनरोधी जांच शुरु करते हुए भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित अधिसूचना सं. 6/01/2024-डीजीटीआर दिनांक 27 मार्च, 2024 (जिसे यहां आगे "जांच की शुरुआत की अधिसूचना" कहा गया है) द्वारा एक सार्वजनिक सूचना जारी की।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

3. जांच के संबंध में नीचे वर्णित प्रक्रिया अपनाई गई है:

i. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(5) के अनुसार जांच शुरु करने की कार्यवाही से पूर्व वर्तमान आवेदन-पत्र की प्राप्ति के संबंध में भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों को अधिसूचित किया।

ii. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच शुरु करते हुए भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित दिनांक 27 मार्च, 2024 को सार्वजनिक अधिसूचना जारी की।

iii. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों और ज्ञात उत्पादकों तथा संबद्ध देश के निर्यातकों, संबद्ध सामानों के ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं तथा आवेदक द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार अन्य हितबद्ध पक्षकारों को जांच की शुरुआत की अधिसूचना की प्रति भेजी। हितबद्ध पक्षकारों से अनुरोध किया गया था कि वे जांच की शुरुआत की अधिसूचना में निर्धारित स्वरूप और तरीके में संगत सूचना उपलब्ध कराएं तथा जांच की शुरुआत में निर्धारित समय सीमा के भीतर लिखित में अपने ज्ञात अनुरोध दें और उनसे अनुरोध किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर लिखित में अपने ज्ञात विचार दें।

iv. प्राधिकारी ने दिनांक 04.04.2024 के अपने ईमेल के माध्यम से पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों तथा संबद्ध देशों के दूतावासों को आवेदन-पत्र के अगोपनीय रूपांतर की प्रति उपलब्ध कराई।

v. भारत में संबद्ध देशों के दूतावासों से यह भी अनुरोध किया गया था कि वे अपने देश के निर्यातकों/उत्पादकों को जांच की शुरुआत की अधिसूचना में निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने की सलाह दें। संबद्ध देशों के दूतावासों को उनके संबंधित देशों के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों के नामों और पतों सहित उत्पादकों/निर्यातकों को भेजे गए पत्र एवं प्रश्नावली की प्रति भेजी गई।

vi. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार संबद्ध देशों में निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को प्रश्नावलियां भेजी।

vii. संबद्ध जांच की शुरुआत की अधिसूचना के उत्तर में संबद्ध देशों के निम्नलिखित उत्पादकों/निर्यातकों ने प्रश्नावली के उत्तर दायर कर, उत्तर दिया है:

i. मेसर्स शिकोकू केमिकल्स कॉर्पोरेशन, जापान
ii. मित्सुबिशी कॉर्पोरेशन प्लास्टिक लिमिटेड, जापान
iii. आईवीआईसीटी (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड, सिंगापुर

viii. चीन के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने वर्तमान जांच में उत्तर नहीं दिया है।

ix. संबद्ध देशों के जिन उत्पादकों/निर्यातकों ने प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत नहीं किए हैं अथवा जांच में सहयोग नहीं किया है, उन्हें इस जांच में असहयोगी माना गया है।

x. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना मंगाते हुए, भारत में संबद्ध सामानों के ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं और प्रयोक्ता एसोसिएशन को भी प्रश्नावलियां भेजी।

xi. संबद्ध जांच की शुरुआत की अधिसूचना के उत्तर में निम्नलिखित आयातकों और प्रयोक्ताओं ने प्रधिकारी को प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत किए हैं:

i. एमआरएफ लिमिटेड

xii. इसके अतिरिक्त, निम्नलिखित हितबद्ध पक्षकारों ने भी जांच के दौरान अनुरोध किए हैं:

i. आटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चर्रस एसोसिएशन (एटीएमए)

xiii. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों और संबंधित मंत्रालय को आर्थिक हित प्रश्नावली (ईआईक्यू) जारी की। ईआईक्यू के उत्तर निम्नलिखित हितबद्ध पक्षकारों ने प्रस्तुत किया था:

i. ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लिमिटेड ("घरेलू उद्योग")
ii. एमआरएफ लिमिटेड

xiv. वर्तमान जांच के लिए जांच की अवधि (जिसे आगे "पीओआई" कहा गया है) 1 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 (12 महीने) है। वर्तमान जांच के लिए क्षति जांच अप्रैल

2020 से मार्च 2021, अप्रैल 2021 से मार्च 2022, अप्रैल 2022 से मार्च 2023 और जांच की अवधि है।

xv. सिस्टम और डेटा प्रबंधन महानिदेशालय (डीजी सिस्टम) से क्षति जांच अवधि और जांच की अवधि के लिए संबद्ध सामानों के आयातों का लेन-देनवार ब्यौरा देने का अनुरोध किया गया था। वह प्राधिकारी को प्राप्त हो गया था और जांच की शुरुआत के स्तर पर उस पर विचार किया गया। वर्तमान प्रकटन विवरण के लिए, प्राधिकारी ने सिस्टम महानिदेशालय (जिसे आगे "डीजी सिस्टम" कहा गया है) के आयात आंकड़ों पर विश्वास किया है।

xvi. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों के साथ विचाराधीन उत्पाद और पीसीएन पद्धति पर चर्चा की। सभी हितबद्ध पक्षकारों से इनपुट और अनुरोध प्राप्त होने के बाद, प्राधिकारी ने 12 अगस्त 2024 की अधिसूचना द्वारा विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र निर्धारित किया। यह जाता है कि इस मामले में पीसीएन की आवश्यकता नहीं थी।

xvii. प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों का अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराया। सभी हितबद्ध पक्षकारों की एक सूची डीजीटीआर वेबसाइट पर अपलोड की गई थी, साथ ही उन सभी से अनुरोध किया गया था कि वे अपने अनुरोधों के अगोपनीय रूपांतर सभी अन्य हितबद्ध पक्षकारों को ईमेल करें।

xviii. पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों को 14 जनवरी 2025 को आयोजित सार्वजनिक सुनवाई में मौखिक रूप से अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया। जिन पक्षकारों ने मौखिक सुनवाई में अपने विचार प्रस्तुत किए, उनसे अनुरोध किया गया कि वे मौखिक रूप से व्यक्त किए गए विचारों के लिखित अनुरोध दायर करें। हितबद्ध पक्षकारों को यह भी निर्देश दिया गया था कि वे अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ उनके द्वारा प्रस्तुत लिखित अनुरोधों का अगोपनीय रूपांतर साझा करें।

xix. क्षति रहित कीमत (जिसे इसके बाद 'एनआईपी' कहा गया है) सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) और पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध III के आधार पर घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के आधार पर, भारत में संबद्ध सामानों के लिए उत्पादन की लागत और नियोजित पूंजी पर उपयुक्त आय के आधार पर निर्धारित की गई है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

xx. प्राधिकारी ने केंद्र सरकार को अंतिम सिफारिशें करने के लिए विचाराधीन सभी आवश्यक तथ्यों से युक्त प्रकटन विवरण 18 फरवरी 2025 को सभी हितबद्ध पक्षकारों को परिचालित किया। प्राधिकारी ने इन अंतिम जांच परिणामों में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई सभी प्रकटन पश्चात टिप्पणियों की जांच संगत समझी गई सीमा तक की है। कोई भी अनुरोध जो केवल पिछले अनुरोधों की पुनरावृत्ति था, और जिसकी प्राधिकारी द्वारा पर्याप्त रूप से जांच की गई थी, उसे संक्षिप्तता के लिए दोहराया नहीं गया है।

xxi. आवेदक द्वारा प्रस्तुत सूचना की जांच की गई है और आवश्यक समझी गई सीमा तक स्थल सत्यापन के दौरान सत्यापित किया गया है तथा वर्तमान प्रकटीकरण विवरण के लिए उस पर भरोसा किया गया है।

xxii. मैसर्स शिकोकू केमिकल्स कॉर्पोरेशन (एससीसी) द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना की, आवश्यकतानुसार स्थल सत्यापन के दौरान जांच और सत्यापन किया गया है और वर्तमान प्रकटन विवरण के लिए उस पर विश्वास किया गया है।

xxiii. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना की, गोपनीयता के दावे की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहां भी आवश्यक था, गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकटन नहीं की गई है। जहां भी संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को निदेश दिया गया था कि वे अगोपनीय रूपांतर में गोपनीय रूपांतर का पर्याप्त सार उपलब्ध कराएं।

xxiv. प्राधिकारी ने इस स्तर पर सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए सभी तर्कों और दी गई सूचना पर उस सीमा तक विचार किया है, जहां तक वे साक्ष्य से समर्थित है और वर्तमान जांच के संगत मानी गई है।

xxv. जहां भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच के दौरान आवश्यक सूचना तक पहुंच से इनकार किया है या अन्यथा उपलब्ध नहीं कराई है या जांच में काफी बाधा डाली है, प्राधिकारी ने ऐसे पक्षकारों को असहयोगी माना है तथा उपलब्ध तथ्यों के आधार पर यह प्रकटन विवरण रिकॉर्ड किया है।

xxvi. इस प्रकटन विवरण में '***' किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना तथा पाटनरोधी नियमावली के नियम 7 के तहत प्राधिकारी द्वारा मानी गई सूचना दर्शाता है।

xxvii. संबद्ध जांच के लिए प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई विनिमय दर 1 अमेरिकी डॉलर = 83.52 रुपए है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

4. जांच की शुरुआत के स्तर पर विचाराधीन उत्पाद (जिसे इसके बाद "पीयूसी" भी कहा गया है), निम्नलिखित रूप में परिभाषित किया गया था:

> *"2. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद "अघुलनशील सल्फर" है जिसे इसके बाद "संबद्ध सामान" अथवा "विचाराधीन उत्पाद" अथवा "पीयूसी" भी कहा गया है।*
>
> *3. अघुलनशील सल्फर, परिभाषा के अनुसार, एक बहुलक सल्फर है जो कार्बन डाइसल्फ़ाइड (सीएस2) में अघुलनशील है। अघुलनशील सल्फर का उपयोग आम तौर पर रबड़ के कुछ अनुप्रयोगों में वल्केनाइजेशन एजेंट के रूप में किया जाता है ताकि ब्लूमिंग घटना का प्रतिरोध किया जा सके जो रबड़ यौगिक के लिए हानिकारक है।*
>
> *4. अघुलनशील सल्फर एक महत्वपूर्ण रबड़ योजक एजेंट है। यह उत्पाद की गुणवत्ता, पहनने योग्यता और थकान और उम्र बढ़ने दोनों के प्रतिरोध में सुधार करता है। सर्वोत्तम वल्केनाइजिंग एजेंट के रूप में सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त होने के अलावा, इसका व्यापक रूप से टायर, ट्रेड, जूते, सभी प्रकार के ऑटोमोबाइल रबड़ भागों और अन्य रबड़ उत्पादों के निर्माण में उपयोग किया जाता है। इसलिए, इसकी गैर-ब्लूमिंग विशेषता के कारण, अघुलनशील सल्फर का व्यापक रूप से रबड़ उत्पादों के निर्माण में उपयोग किया जाता है जिसमें सामान्य सल्फर उच्च अनुपात में शामिल होता है। अंतिम उपयोगकर्ता उद्योग के आधार पर, भारत में अघुलनशील सल्फर की कुल खपत में से 90% से अधिक का उपयोग टायर उद्योग में किया जाता है और शेष का उपयोग गैर-टायर उद्योग में किया जाता है। उत्पाद के वजन में माप की इकाई किलोग्राम (किग्रा) में बताई गई है।"*

ग.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

5. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. जांच शुरुआत अधिसूचना में वर्णित विचाराधीन उत्पाद विस्तृत है क्योंकि इसमें कुछ ऐसे ग्रेड शामिल हैं जिनका घरेलू उद्योग निर्माण नहीं करता है। विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और विपणित ग्रेड और ऐसे ग्रेड शामिल हैं जो घरेलू रूप से निर्मित/घरेलू उद्योग के पास उपलब्ध नहीं हैं।

ख. ये ग्रेड भौतिक विशेषताओं, गुणवत्ता, अनुप्रयोग और अंतिम उपयोग के संदर्भ में विशिष्ट तकनीकी और वाणिज्यिक विशेषताओं को प्रदर्शित करते हैं, जो उन्हें घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित ग्रेड के साथ वाणिज्यिक रूप से गैर-प्रतिस्थापन योग्य बनाता है। परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित नहीं किए जाने वाले ग्रेड 'समान उत्पाद' या 'समान वस्तु' के रूप में योग्य नहीं बनते।

ग. हितबद्ध पक्षकारों ने घरेलू उद्योग के पास इसकी अनुपलब्धता के कारण विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से सुपर हाई थर्मल स्टेबिलिटी (जिसे आगे "एसएचटीएस" कहा गया है) ग्रेड को बाहर करने की मांग की है। आयातित एसएचटीएस ग्रेड सामान्य ग्रेड से अधिक कीमत का है जो विशिष्ट बाजार स्थिति दर्शाता है और सुनिश्चित करता है कि उसको हटाने से घरेलू उद्योग की कीमत को नुकसान नहीं होगा।

घ. एसएचटीएस ग्रेड स्टील बेल्ट से युक्त रेडियल टायरों में प्रयुक्त एक विशेष वेरिएंट है। यह ग्रेड इस्पात और रबड़ संघटकों के बीच बेहतर जुड़ा प्रदान करता है जो एक साधारण विचाराधीन उत्पाद का ग्रेड हासिल नहीं कर सकता। यह बढ़ा हुआ जुड़ाव गुण-धर्म टायर के टिकाऊपन और स्थिरता को बनाए रखने के लिए अनिवार्य है।

ड. एसएचटीएस ग्रेड रेडियल टायर के विनिर्माण में बहुविध महत्वपूर्ण कार्य करता है। यह टायरों की संरचनागत अखंडता में सुधार करता है और उनकी घिसाई पिटाई में उनकी प्रतिरोधकता बढ़ाता है जिससे उनका प्रचालनात्मक जीवन-काल बढ़ जाता है।

च. तापीय स्थिरता को एसएचटीएस ग्रेड की एक महत्वपूर्ण विशेषता के रूप में पहचाना जाता है। यह ग्रेड उच्च तापमान पर स्थिरता बनाए रखता है, जिससे उत्पादन के दौरान लगातार गुणवत्ता और निष्पादन सुनिश्चित होता है। उद्योग निर्माण मानकों को पूरा करने के लिए यह स्थिरता आवश्यक है।

छ. एसएचटीएस ग्रेड में यौगिकों में प्रभावी सल्फर फैलाव की क्षमता है। यह गुण-धर्म उच्च आसंजन (आसंजन) और ब्लूमिंग के प्रति शून्य सहिष्णुता की आवश्यकता वाले अनुप्रयोगों में महत्वपूर्ण है, क्योंकि ब्लूमिंग टायर की गुणवत्ता और निष्पादन को खराब कर सकता है। संपूर्ण फैलाव यौगिक की एकरूपता और अखंडता सुनिश्चित करता है।

ज. रेडियल टायरों का निर्माण मानक या साधारण पीयूसी ग्रेड का उपयोग करके नहीं किया जा सकता है, जिससे इस अनुप्रयोग के लिए एसएचटीएस ग्रेड अपरिहार्य हो जाता है।

झ. घरेलू उद्योग टायर निर्माताओं द्वारा आवश्यक एसएचटीएस विनिर्देशों को पूरा करने में असमर्थ रहा है। घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान किए गए सभी नमूने रेडियल टायर विनिर्माण के लिए गुणात्मक रूप से अपर्याप्त पाए गए हैं। परिणामस्वरूप, एमआरएफ ने रेडियल टायर विनिर्माण उपयोग के लिए घरेलू उत्पाद को मंजूरी नहीं दी है।

ञ. घरेलू उद्योग ने परीक्षण के उद्देश्यों के लिए एक विकल्प ग्रेड "वल्केमैक्स ओटी-10" की पेशकश की थी। हालांकि, संदर्भ आयातित सामग्री के खिलाफ मूल्यांकन किए जाने पर यह विकल्प ग्रेड प्रक्रिया मानकों में विफल रहा है।

ट. घरेलू उद्योग ने एक विकल्प ग्रेड "डायमंड सल्फ डीएस-ओटी-यूएचडी" की भी पेशकश की है। यह ग्रेड भी खराब सल्फर फैलाव और कम पुल-आउट आसंजन के कारण स्वीकार्य नहीं पाया गया, जो कि रेडियल टायरों के विनिर्माण के लिए अपेक्षित विचाराधीन उत्पाद के अनिवार्य गुण-धर्म हैं।

ठ. यूएचडी ग्रेड महत्वपूर्ण भौतिक/रासायनिक अंतर दर्शाता है। इन मौलिक असमानताओं के कारण यूएचडी ग्रेड एसएचटीएस ग्रेड के लिए सीधे प्रतिस्थापन अथवा परस्पर परिवर्तनीय विकल्प के रूप में कार्य नहीं कर सकता।

ड. घरेलू उद्योग के उच्च फैलाव योग्य तेल उपचारित (एचडी-ओटी-20) और तेल उपचारित (ओटी-20) ग्रेड आयातित उत्पादों के लिए प्रतिस्थापन नहीं हैं।

ढ. घरेलू ग्रेड आयातित उत्पादों से भिन्न पीले-भूरे रंग का रंग प्रदर्शित करता है। यह अंतर दृश्य उपस्थिति से परे मौलिक मुद्दों को दर्शाता है, जो परिष्कृत उत्पाद के निष्पादन को प्रभावित करता है। यह रंग घरेलू रूप से उपलब्ध विचाराधीन उत्पाद में संरचनागत अंतर और अशुद्धियों के कारण है। घरेलू उद्योग और एटीएमए सदस्यों के बीच पत्राचार के साथ-साथ व्यापक सुधारात्मक और निवारक कार्रवाई रिपोर्ट को घरेलू ग्रेड के निरीक्षण के दौरान पहचाने गए रंग भिन्नता के मुद्दों का विवरण दिखाने के लिए सबूत के तौर पर प्रस्तुत किया गया था।

ण. नमूना ग्रेडों के साथ भारी परीक्षण मापनीय संगठनात्मक अंतर दर्शाते हैं। टायर विनिर्माण में घरेलू ग्रेड का निष्पादन गैर इस्पात कोटिंग अनुप्रयोगों के लिए अपेक्षित टैक और ब्लूमिंग विनिर्देशों को पूरा करने में विफल हो जाता है।

त. अतिरिक्त शिकायतें न फैली हुई हार्ड ग्रिट प्रदूषक क्योर्ड टायर्स रिपोर्ट करती हैं, जिससे गुणवत्ता और सुरक्षा के जोखिम बनते हैं, साथ ही तननशीलता की विफलता की संभावना रहती है।

थ. घरेलू उद्योग के साथ कई तकनीकी परामर्शों के बावजूद, घरेलू ग्रेड की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार नहीं हो पाया है। भौतिक और तकनीकी विनिर्देश ग्राहकों, विशेष रूप से ऑटोमोबाइल ओईएम निर्माताओं द्वारा अनिवार्य किए जाते हैं। टायर निर्माण कंपनियां इन उत्पादों का उपयोग नहीं कर सकती हैं, जब उनके ग्राहक घरेलू ग्रेड में अंतर को अस्वीकार कर देते हैं।

द. बाद में यह अनुरोध किया गया कि "एचडी-ओटी-20" और "ओटी-20" ग्रेड हाल ही में आयातकों/उपयोगकर्ताओं द्वारा आयातित स्रोतों के साथ-साथ घरेलू स्रोतों से भी खरीदे जा रहे हैं। परिणामस्वरूप, इन ग्रेडों के विरुद्ध बहिष्कार के अनुरोधों पर एटीएमए द्वारा आगे दबाव नहीं डाला जाएगा।

ध. म्यूक्रॉन ओटी-20 एचडी जी (जिसे आगे "विशेष ग्रेड" कहा गया है) को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए क्योंकि यह घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद के समान वस्तु नहीं है। विशेष ग्रेड का उत्पादन घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया जाता है और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित ग्रेडों की तुलना में इसके प्रदर्शन और विनिर्देशों में महत्वपूर्ण अंतर होता है। विशेष ग्रेड की लागत और बिक्री मूल्य भी पीयूसी से भिन्न होता है।

न. चीन जन.गण.कोरिया गणराज्य, यूरोपीय संघ, जापान, ताइवान, इंडोनेशिया, यूएसए, थाईलैंड, दक्षिण अफ्रीका, यूएई, हांगकांग, सिंगापुर, मैक्सिको, वियतनाम और मलेशिया के मूल के अथवा वहां से निर्यातित स्टेनलेस स्टील के फ्लैट रोल्ड उत्पादों के आयात से संबंधित पाटनरोधी जांच में, प्राधिकारी ने कुछ ग्रेडों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा है क्योंकि घरेलू उद्योग ने निर्यातक के इस दावे का खंडन नहीं किया कि कुछ ग्रेडों का घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन नहीं किया जा सकता है और तुलनीय ग्रेडों का घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन और बिक्री नहीं की गई है।

प. चीन जन.गण., जापान, कोरिया, यूरोपीय संघ, दक्षिण अफ्रीका, ताइवान (चीनी ताइपेई), थाईलैंड और यूएसए से स्टेनलेस स्टील के कोल्ड रोल्ड फ्लैट उत्पादों के आयात से

संबंधित पाटनरोधी जांच में, प्राधिकारी ने विशेष रूप से कुछ ग्रेडों को जांच के दायरे क्षेत्र से बाहर रखा है क्योंकि घरेलू उद्योग ने यह साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं दिखाए कि उन्होंने जांच की अवधि में ऐसे ग्रेडों की आपूर्ति की थी और निर्यातकों द्वारा बाहर रखे जाने वाले ग्रेडों के साथ अपने ग्रेडों की तुल्यता नहीं दर्शाई थी।

फ. चीन जन., यूरोपीय संघ और यूएसए के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "कोटेड पेपर" के आयात से संबंधित पाटनरोधी जांच में, प्राधिकारी ने कुछ उत्पादों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर रखा है क्योंकि इसका उत्पादन घरेलू उद्योग द्वारा नहीं किया गया था।

ब. तापीय स्थिरता, ब्लूम प्रतिरोध और ज्वाला परीक्षण के संदर्भ में सामान्य ग्रेड की तुलना में विशेष ग्रेड का प्रदर्शन काफी बेहतर है। विशेष ग्रेड 120 डिग्री सेल्शियस दर पर उच्तर तापीय स्थिरता प्रदर्शित करता है। विशेष ग्रेड रबड़ यौगिक के मिश्रण के दौरान घुलनशील सल्फर में कम परिवर्तन के कारण सल्फर ब्लूम का जोखिम कर करता है। विशेष ग्रेड गैर-खतरनाक सामग्री मानी जाती है जबकि ओटी-20 एचडी ग्रेड को जापान में अग्निशमन सेवा अधिनियम के अनुसार खतरनाक सामग्री माना जाता है। विशेष ग्रेड का जलने का समय ओटी-20 एचडी ग्रेड के जलने के समय से काफी कम है। इसके अलावा, नियमित ग्रेड की तुलना में विशेष ग्रेड की लागत और कीमत अधिक है।

भ. घरेलू उद्योग ने मौखिक सुनवाई के दौरान स्वीकार किया कि वह इस विशेष ग्रेड का निर्माण नहीं करता है और इसके लिए मांग की कमी को जिम्मेदार ठहराया। घरेलू उद्योग का 'मांग की कमी' का दावा बाजार की वास्तविकताओं के अनुरूप नहीं है, क्योंकि जापान के उत्पादक ने भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत में विशेष ग्रेड बेचा है।

म. यह विशेष ग्रेड सुपर हाई थर्मल स्टेबिलिटी (जिसे आगे "एसएचटीएस" कहा गया है) ग्रेड से तुलनीय है, जिसके लिए प्रयोक्ता उद्योग उसे बाहर रखने का अनुरोध भी कर रहा है।

ग.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

6. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने अपने बहिष्कार अनुरोध का समर्थन करने के लिए किसी भी सकारात्मक सबूत के साथ कोई पुष्ट दावा नहीं किया है।

ख. एटीएमए ने अपनी सदस्य कंपनी यानी एमआरएफ की ओर से घरेलू उद्योग से अनुपलब्धता का दावा करते हुए एसएचटीएस ग्रेड को बाहर रखने की मांग की। घरेलू उद्योग ने यह दर्शाया कि उनका यूएचडी ग्रेड एसएचटीएस ग्रेड के बराबर है। उद्योग ने कहा कि उनके यूएचडी ग्रेड में उच्च तापीय स्थिरता, प्रभावी सल्फर फैलाव और इस एसएचटीएस ग्रेड के अन्य अपेक्षित गुण-धर्म मौजूद हैं।

ग. ओटी-20 के चार ग्रेड जो सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त हैं वे हैं: उच्च फैलाव (जिसे आगे "एचडी" कहा गया है), उच्च स्थिरता (जिसे आगे "एचएस" कहा गया है), अल्ट्रा-हाई फैलाव (जिसे आगे "यूएचडी" कहा गया है) और सामान्य ओटी-20। एचडी और यूएचडी ग्रेड बाजार व्यवहार में एक दूसरे के स्थान पर उपयोग किए जाते हैं तथा यूएचडी ग्रेड अंतिम प्रयोक्ता विनिर्देशनों के आधार पर एसएचटीएस ग्रेड का समानार्थी है।

घ. न्यूनतम राख सामग्री, कम अम्लता और नियंत्रित ताप हानि जैसे अतिरिक्त पैरामीटर यूएचडी ग्रेड की तकनीकी क्षमता को और पुष्ट करते हैं। बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए घरेलू उद्योग की प्रतिबद्धता का प्रमाण अन्य टायर निर्माताओं को यूएचडी ग्रेड की दीर्घकालिक आपूर्ति से मिलता है।

ड. घरेलू उद्योग का यूएचडी ग्रेड 105°सेल्शियस और 115°सेल्शियस पर उच्च तापीय स्थिरता प्रदर्शित करता है जो एमआरएफ की विनिर्देश आवश्यकताओं से अधिक है। घरेलू उद्योग ने व्यापक तकनीकी डाटा शीट उपलब्ध कराई है। तकनीकी डाटा शीट दर्शाती है कि ग्रेड में उपयुक्त योजकों के साथ सल्फर और कोटिंग तेल शामिल हैं, जिन्हें रेडियल टायर निर्माण में उपयोग किए जाने वाले नॉन-ब्लूमिंग वल्केनाइजिंग एजेंट के रूप में जाना जाता है।

च. एक तुलनात्मक विश्लेषण शीट ने घरेलू यूएचडी ग्रेड और आवश्यक एसएचटीएस विनिर्देशों के बीच बराबरी दर्शाती है। इस विश्लेषण में अघुलशील सल्फर सामग्री, सीएस2 का अघुलनशील मान, कुल सल्फर सामग्री और तापीय स्थिरता मानदंडों सहित कई मानदंड शामिल हैं। घरेलू उद्योग ने विस्तृत पुल आसंजन परीक्षण के परिणाम भी प्रदान किए, जो दर्शाते हैं कि उनके उत्पाद ने एमआरएफ की विनिर्देश आवश्यकता के विरुद्ध अपेक्षित मान प्राप्त किए हैं, जो तकनीकी क्षमता को प्रदर्शित करता है।

छ. यह सिद्ध है कि दो टायर निर्माण कंपनियों द्वारा आवश्यक एसएचटीएस उत्पाद उद्योग द्वारा पेश किए गए यूएचडी ग्रेड के समान है। घरेलू उद्योग 2018 से

इन दो विनिर्माण कंपनियों में से एक को इस यूएचडी ग्रेड की आपूर्ति करता रहा है।

ज. घरेलू उद्योग ने तर्क दिया कि अधिकतर वैश्विक टायर निर्माता विचाराधीन उत्पाद के मानक ग्रेड का उपयोग करते हैं। केवल दो टायर निर्माता रेडियल टायर के विनिर्माण के लिए एसएचटीएस ग्रेड की आवश्यकता का दावा करते हैं। घरेलू उद्योग ने कई निर्माताओं द्वारा अपने ग्रेड के सफल उपयोग को दर्शाने वाले साक्ष्य दिए, जो विचाराधीन उत्पाद के मानक ग्रेड का उपयोग करके रेडियल टायर का उत्पादन करते हैं।

झ. घरेलू उद्योग ने एमआरएफ के परीक्षण दृष्टिकोण की समस्याओं को उजागर किया, विशेष रूप से नियंत्रण नमूने बनाम घरेलू उद्योग के उत्पाद के लिए उपयोग किए जाने वाले विभिन्न आवर्धन पैमानों का उल्लेख किया है। इससे अनुचित तुलना की स्थितियां बनती हैं। घरेलू उद्योग ने अलग से तृतीय पक्षकार प्रयोगशाला परीक्षण के लिए नमूने भेजे जो विनिर्देशनों के अनुसार अनुपालन दर्शाते हैं।

ञ. ग्रेड को रद्द करने वाली घटनाओं की समय सीमा प्रक्रिया संबंधी अनुचित व्यवहार का पैटर्न दर्शाती है। एमआरएफ द्वारा समय पूर्व अस्वीकरण सूचित किया गया था, जो विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के संबंध में अतिरिक्त टिप्पणियां/स्पष्टीकरण दायर करने के लिए निर्धारित समय सीमा से एक पूर्व का समय था।

ट. अस्वीकृति के बाद, नमूनों पर परीक्षण फिर से एक तीसरे पक्ष की स्वतंत्र प्रयोगशाला द्वारा किया गया। इन परीक्षण रिपोर्टों का निष्कर्ष यह था कि घरेलू उद्योग का उत्पाद विभिन्न मापदंडों पर एमआरएफ द्वारा अपेक्षित उत्पाद से बेहतर है। स्वतंत्र प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्ट घरेलू उद्योग की उच्चतम तकनीकी मानकों को पूरा करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है और यूएचडी ग्रेड की क्षमताओं का प्रमाण प्रदान करती है।

ठ. सतही नाम (जिसमें औद्योगिक मान्यता प्राप्त मानक नहीं है) के आधार पर बाहर किए जाने को स्वीकार करना एक खतरनाक मिसाल स्थापित करेगा जो जांच की अखंडता को मौलिक रूप से कमजोर कर सकता है।

ड. घरेलू उद्योग ने संबद्ध जांच में विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से एचडी-ओटी-20 और ओटी-20 ग्रेड को हटाने के अपने प्रयास में एटीएमए द्वारा किए गए

निराधार और भ्रामक दावों पर आपत्ति जताई। घरेलू उद्योग नियमित रूप से ग्राहकों को एचडी-ओटी-20 और ओटी-20 ग्रेड की आपूर्ति करता है।

ढ. इन आपूर्ति किए गए ग्रेडों में कमियों के दावों के पीछे कोई वास्तविक सहायक साक्ष्य नहीं है और इसे प्रमाणित करने वाले किसी भी साक्ष्य को गोपनीयता के साथ छुपाया गया है।

ण. एक मामला ऐसा था जहां आपूर्ति किए गए उत्पाद का रंग पीला-भूरा था। हालांकि, घरेलू उद्योग ने ग्राहक के साथ इस मुद्दे को तुरंत सुलझा लिया। वास्तव में, इस विशेष ग्राहक ने घरेलू उद्योग से लगातार इस उत्पाद को खरीदना जारी रखा है।

त. विचाराधीन उत्पाद में हार्ड ग्रिट की मौजूदगी के संबंध में एकमात्र शिकायत प्राप्त हुई थी। तथापि, इस शिकायत को विधिवत हल किया गया और त्वरित और संतोषजनक तरीके से उसका समाधान किया गया। केवल एक शिकायत का होना, जिसे तुरंत और प्रभावी ढंग से हल किया गया था, उत्पाद को वर्तमान जांच के क्षेत्र से बाहर करने के लिए एक वैध आधार नहीं बनता है।

थ. व्यापक सुधारात्मक और निवारक कार्रवाई रिपोर्ट (सीएपीए) जारी करना निरंतर सुधार और गुणवत्ता आश्वासन को बढ़ावा देने के लिए विनिर्माण उद्योगों में एक मानक प्रचालन प्रक्रिया है - यह बड़े दोषों का संकेत नहीं है।

द. एटीएमए ने कुछ प्रदर्शों पर भरोसा किया है, लेकिन उन्हें पूरी तरह से गोपनीय के रूप में चिह्नित करने का विकल्प चुना है, जिससे उनकी सामग्री घरेलू उद्योग से छिप गई है। इन प्रदर्शों में घरेलू उद्योग और निचले स्तर के प्रयोक्ताओं के बीच आदान-प्रदान किए गए पत्राचार शामिल हैं। इन प्रदर्शों को गोपनीय रूप में नामित करके, घरेलू उद्योग को उस पत्राचार तक पहुंचने और उस पर टिप्पणी करने से रोक दिया जाता है जो सीधे उसके हितों से संबंधित है और उसमें शामिल है।

ध. घरेलू उद्योग ने यह भी अनुरोध किया कि म्यूक्रॉन ओटी 20 एचडी जी ("स्पेशलिटी ग्रेड") को हटाना अनावश्यक है क्योंकि एससीसी ने ग्रेड के विशिष्ट गुण-धर्म अथवा वाणिज्यिक मौजूदगी नहीं दर्शायी है। एससीसी ने यह साबित करने के लिए पर्याप्त जानकारी प्रदान नहीं की है कि स्पेशलिटी ग्रेड विचाराधीन उत्पाद की 'समान वस्तु' नहीं है।

न. उत्पाद को हटाने के लिए यह प्रमाण आवश्यक है कि ग्रेड न तो वाणिज्यिक रूप से और न ही तकनीकी रूप से घरेलू उत्पादों के साथ प्रतिस्थापनीय है। उन्होंने सामान्य रूप से घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन न किया जाना बताया है और बिना प्रमाण के निष्पादन अंतरों का दावा किया है।

प. यू एससीसी ने यह दर्शाने वाला कोई साक्ष्य नहीं दिया है कि उसका विशेष ग्रेड घरेलू उत्पादों के साथ प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता। इसमें केवल घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन न करने का दावा किया गया तथा बिना किसी प्रमाण के प्रदर्शन में अंतर का दावा किया गया।

फ. एससीसी ने तीनों मापदंडों - तापीय स्थितरता, ब्लूम प्रतिरोधकता और क्लेम परीक्षण के लिए प्रमुख तकनीकी आंकड़ों को गोपनीय चिन्हित किया है। तापीय स्थिरता के लिए यद्यपि एससीसी 120 डिग्री सेन्सियस पर बेहतर प्रदर्शन का दावा करता है, तथापि सभी तुलनात्मक परीक्षण परिणाम गोपनीय हैं। घरेलू उद्योग ने बिक्री बीजकों और विश्लेषण प्रमाण-पत्रों के माध्यम से भारतीय ग्राहकों को अपेक्षित तापीय स्थिरता वाले विचाराधीन उत्पाद की आपूर्ति करने का साक्ष्य दिया है।

ब. ब्लूम प्रतिरोधकता पर, एससीसी के परीक्षण के परिणाम गोपनीय हैं। तापीय स्थिरता के साथ ब्लूम प्रतिरोध स्वाभाविक रूप से बेहतर होता है, जिससे अलग से परीक्षण अनावश्यक हो जाता है।

भ. फ्लेम परीक्षण के लिए, एससीसी ने जापानी अग्निशमन सेवा अधिनियम का संदर्भ दिया, जिसमें कहा गया कि इसका ग्रेड गैर-खतरनाक है जबकि घरेलू उद्योग का उत्पाद खतरनाक है। तथापि, एससीसी ने अधिनियम के अनुदित अंश प्रदान नहीं किए हैं या जलने के समय के आंकड़ों का खुलासा नहीं किया है, जिससे यह जानकारी गोपनीय बनी हुई है। घरेलू उद्योग का कहना है कि विदेशी अधिकार क्षेत्रों से खतरे का वर्गीकरण भारतीय जांच में उत्पाद के दायरे का निर्धारण नहीं करता है। भारतीय अधिकारियों को विदेशी वर्गीकरणों की परवाह किए बिना भारतीय नियमों को लागू करना चाहिए।

म. तीसरे पक्षकार के आयात आंकड़ों से पता चलता है कि एससीसी ने अप्रैल 2023 में एक ही शिपमेंट के साथ केवल भारत को विशेष ग्रेड का निर्यात किया। घरेलू उद्योग नोट करता है कि जांच की अवधि के दौरान लगातार आयात के बिना ग्रेड को बाहर नहीं किया जा सकता है। एक ही शिपमेंट उसे हटाए जाने का

औचित्य नहीं बनाता। अन्य बाजारों को निर्यातों का न होना भारत और विश्व में दोनों जगह सीमित वाणिज्यिक मांग को दर्शाता है।

य. घरेलू उद्योग ने अनेक पूर्ववर्ती मामलों का हवाला दिया, जहां प्राधिकारी ने जांच की अवधि के दौरान पर्याप्त आयात के बिना ही हटाए जाने के अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया, जिसमें विद्युत इंसुलेटर जांच में हाल का निर्णय भी शामिल है।

कक. जब कोई आयात नहीं होता है, तो प्राधिकारी ने निरंतर हटाए जाने के अनुरोधों को अस्वीकार किया है। चीन जन.गण., रूस, सऊदी अरब, सिंगापुर और संयुक्त राज्य अमेरिका के मूल के अथवा वहां से निर्यातित आइसोब्यूटिलीन-आइसोप्रीन रबड़ (आईआईआर) के आयात से संबंधित पाटनरोधी जांच में अंतिम जांच परिणामों में इस स्थिति की पुष्टि की गई थी।

खख. विशेष ग्रेड एससीसी की कॉर्पोरेट वेबसाइट, विपणन सामग्री और अन्य मानक उत्पाद प्रचार प्लेटफार्मों से गैर-मौजूद है। इसलिए घरेलू उद्योग ने प्राधिकारी से एससीसी के हटाए जाने के दावे को अस्वीकार करने का अनुरोध किया, क्योंकि एससीसी ने ग्रेड की वाणिज्यिक मौजूदगी या उपलब्धता का सबूत नहीं दिया है।

गग. एससीसी के ग्रेड में उद्योग की मान्यता का अभाव है। उत्पाद के नाम में "जी" अक्षर जोड़ने से कोई स्वीकृत उत्पाद श्रेणी नहीं बनती है। एक अक्षर जोड़ने से उत्पाद की मूल संरचना या विशेषताओं में कोई बदलाव नहीं होता है। उत्पाद को बाहर करने के लिए केवल अलग-अलग नामकरण नहीं, बल्कि मूल अंतर की आवश्यकता होती है। केवल नाम परिवर्तन के आधार पर बाहर करने की अनुमति देने से उत्पादों के सरल नाम बदलने के द्वारा व्यापार उपायों की प्रवंचना की जा सकेगी।

घघ. प्राधिकारी ने व्यापक विचार-विमर्श के बाद पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि विशेष ग्रेड विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में आता है, तथा एससीसी के तर्कों में गैर-प्रतिस्थापनीयता को साबित करने के लिए साक्ष्य का अभाव था।

ग.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

7. विचाराधीन उत्पाद के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोधों की निम्नानुसार जांच की गई है।

8. जांच की शुरुआत के अनुसरण में, सभी हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन के संबंध में टिप्पणी करने का अवसर प्रदान किया गया था। इसके बाद, विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पीसीएन पद्धति पर टिप्पणियां दाखिल करने के लिए समय-सीमा बढ़ाने का अनुरोध प्राप्त होने पर, प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन उत्पाद/पीसीएन के संबंध में अपने अनुरोध दायर करने करने के लिए अतिरिक्त समय प्रदान किया।

9. किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने पीसीएन बनाने का प्रस्ताव नहीं दिया। विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर टिप्पणियां प्राप्त होने पर, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा की गई टिप्पणियों पर अपना उत्तर दायर कराने का निर्देश दिया।

10. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों की उचित जांच के बाद, प्राधिकारी ने निर्णय लिया कि वर्तमान जांच में पीसीएन की आवश्यकता नहीं है। दिनांक 12 अगस्त, 2024 की अधिसूचना से संगत उद्धरण नीचे दिया गया है:

> *"5. पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोधों की उचित जांच तथा वर्तमान जांच के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करने के पश्चात, प्राधिकारी ने पाया कि:*
>
> *• वल्कामैक्स ओटी-10 और एसएचटीएस (ओटी-20) के बीच तुलना गलत है, क्योंकि ओटी-20 और ओटी-10 मूल रूप से भिन्न हैं।*
>
> *• सल्फर फैलाव के संबंध में परीक्षण के परिणाम आवर्धन स्तरों में पद्धतिगत असंगतियों को प्रकट करते हैं। पुल-आउट आसंजन के परीक्षण के परिणाम संकेत देते हैं कि प्रतिस्पर्धी के उत्पाद/नियंत्रण का प्रदर्शन बेहतर है, घरेलू उद्योग का यूएचडी उत्पाद (एसएचटीएस के समान वस्तु) घरेलू उद्योग के ग्राहक की तकनीकी विनिर्देश आवश्यकताओं के अंतर्गत आता है।*
>
> *• एससीसी से प्राप्त तर्कों में सहायक साक्ष्य का अभाव है तथा यह प्रमाणित नहीं किया जा सका कि जिस उत्पाद को हटाए जाने की मांग की गई, वह घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित समान वस्तु से न तो वाणिज्यिक रूप से और न ही तकनीकी रूप से प्रतिस्थापनीय है।*

6. उपर्युक्त के मद्देनजर, प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद का निर्णय लिया है, और इसका क्षेत्र वही रहेगा जैसा कि अधिसूचना में कहा गया है और इसमें किसी पीसीएन या किसी को हटाए जाने की आवश्यकता नहीं है..."

11. प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से एसएचटीएस ग्रेड और म्यूक्रॉन ओटी 20 एचडी जी (इसके बाद "स्पेशलिटी ग्रेड" के रूप में संदर्भित) को बाहर करने के अनुरोध के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोधों की जांच की है।

12. एसएचटीएस ग्रेड को बाहर करने के संबंध में, एटीएमए ने अपनी सदस्य कंपनी यानी एमआरएफ की ओर से मुख्य रूप से इस आधार पर उसे हटाए जाने का अनुरोध किया है कि यह विशिष्ट तकनीकी विशेषताओं के साथ एक विशेष संस्करण का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका घरेलू उद्योग निर्माण नहीं करता है। एटीएमए ने तर्क दिया कि एसएचटीएस ग्रेड रेडियल टायरों में स्टील और रबड़ घटकों के बीच बेहतर आसंजन प्रदान करता है, उच्च तापमान पर उच्च तापीय स्थिरता बनाए रखता है, और प्रभावी सल्फर फैलाव को सक्षम बनाता है। इसने आगे तर्क दिया कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रदान किए गए नमूने रेडियल टायर विनिर्माण के लिए गुणात्मक रूप से अपर्याप्त पाए गए।

13. घरेलू उद्योग ने इन दावों के उत्तर में यह अनुरोध किया है कि घरेलू उद्योग का यूएचडी ग्रेड, एसएचटीएस ग्रेड की समान वस्तु है। घरेलू उद्योग ने यह दर्शाने के लिए प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्टों, तकनीकी आंकड़ा शीटों, विश्लेषण प्रमाणपत्र आदि के रूप में साक्ष्य प्रस्तुत किए कि घरेलू उद्योग का यूएचडी ग्रेड एसएचटीएस ग्रेड से काफी मिलता-जुलता है।

14. प्राधिकारी को घरेलू उद्योग के इस तर्क में औचित्य दिखाई देता है कि एसएचटीएस ग्रेड को परिभाषित करने वाला कोई सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत मानक नहीं है। आयात आंकड़ों की जांच से पता चलता है कि उच्च तापीय स्थिरता वाले विचाराधीन उत्पाद को "सुपर एचटीएस", "अत्यधिक फैलने योग्य सुपर थर्मल स्थिरता अघुलनशील सल्फर" आदि जैसे विभिन्न नामों से आयात किया गया है। घरेलू उद्योग ने तकनीकी आंकड़ा शीटों के साथ उनके गुण-धर्म बताते हुए घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय रूप से उच्च तापीय स्थिरता वाले ग्रेड की सक्रिय बिक्री का सबूत देने वाले बिक्री बीजक प्रस्तुत किए हैं। ये दस्तावेज यह सिद्ध करते हैं कि घरेलू उद्योग के उत्पाद में उपयुक्त योजकों के साथ सल्फर और कोटिंग तेल शामिल हैं और यह रेडियल टायर विनिर्माण में नॉन-ब्लूमिंग वल्केनाइजिंग एजेंट के रूप में कार्य करता है - वही उद्देश्य जो एसएचटीएस ग्रेड के लिए दावा किया गया है।

15. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत विस्तृत तकनीकी विनिर्देशों और एटीएमए द्वारा अपनी सदस्य कंपनी, यानी एमआरएफ की ओर से प्रस्तुत तकनीकी विनेर्दशों की भी जांच की है। प्राधिकारी ने इस मामले में प्रस्तुत परीक्षण परिणामों, जिसमें एक स्वतंत्र प्रयोगशाला द्वारा किए गए परीक्षण

के परिणाम भी शामिल हैं, का अवलोकन किया है। ग्रेडों के बीच परिणामों में तुलनीयता के साक्ष्य देने वाले रिकॉर्ड के संबंध में रखी गई सामग्री के आधार पर प्राधिकारी अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई परस्पर परिवर्तनीयता और समानता के अभाव के तर्क को स्वीकार करने में असमर्थ है।

16. प्राधिकारी ने एटीएमए द्वारा किए गए इस दावे के संबंध में एमआरएफ लिमिटेड द्वारा दायर प्रयोक्ता प्रश्नावली के उत्तर की सावधानीपूर्वक जांच की है कि एसएचटीएस ग्रेडों के आयातों की कीमत घरेलू उद्योग के उत्पादों की कीमत से अधिक है। प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम के आंकड़ों की भी जांच की और पाया कि घरेलू स्तर पर खरीदे गए विचाराधीन उत्पाद (ओटी-20 सामान्य ग्रेड) की कीमत चीन जन.गण. से आयातित विचाराधीन उत्पाद (एसएचटीएस ग्रेड) से अधिक है। यह प्रासंगिक है क्योंकि यदि एमआरएफ चीन से मुख्य रूप से एसएचटीएस ग्रेड का आयात कर रहा है, जैसा कि दावा किया गया है, तो एसएचटीएस ग्रेड और घरेलू उद्योग के उत्पादों के बीच पर्याप्त मूल्य अंतर होना चाहिए। इसलिए, एमआरएफ द्वारा दिया गया तर्क कि एसएचटीएस की कीमत घरेलू उद्योग के ग्रेड से अधिक है, का खंडन होता है तथा प्राधिकरण को प्रस्तुत उसके स्वयं के मूल्य निर्धारण आंकड़ों से भी इसका समर्थन नहीं होता है।

17. प्राधिकारी का मानना है कि केवल नाम के आधार पर हटाए जाने को स्वीकार करना कानून रूप से उचित नहीं है। किसी वस्तु के हटाए जाने को उसकी विशिष्टता और विचाराधीन उत्पाद से गैर-समानता के आधार पर उचित ठहराया जाना चाहिए न कि केवल लेबलिंग के आधार पर।

18. वाणिज्यिक मौजूदगी और बाजार में उपस्थिति के संबंध में, प्राधिकारी के आयात आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि क्षति अवधि के दौरान भारत को केवल एक बार विशेष ग्रेड का निर्यात किया गया था, अन्य देशों को निर्यात का कोई साक्ष्य नहीं है। यह एकल शिपमेंट वास्तविक वाणिज्यिक अस्तित्व या बाजार मांग को दर्शाने में विफल रहा है।

19. तकनीकी दावों की जांच करने में, हितबद्ध पक्षकार 120 डिग्री सेल्सियस पर तापीय स्थिरता में बेहतर निष्पादन का दावा करते हैं। तथापि, इसके विपरीत, घरेलू उद्योग ने तीसरे पक्षकार की प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्टों के माध्यम से सबूत प्रदान किए हैं जो दर्शाते हैं कि उनका उत्पाद विशेष ग्रेड की तुलना में समकक्ष या उच्च तापीय स्थिरता प्रदर्शित कर सकता है।

20. जापानी अग्निशमन सेवा अधिनियम के तहत वर्गीकरण के संबंध में दावे के संदर्भ में, प्राधिकरण का मानना है कि विभिन्न देशों में नियामक आवश्यकताएं भिन्न हो सकती हैं और इस उत्पाद का उपयोग वैश्विक स्तर पर किया जा रहा है और केवल इस तथ्य का मतलब यह नहीं है कि क्योंकि एक निश्चित ग्रेड को खतरनाक माना जाता है और किसी अन्य क्षेत्र में इसका उपयोग नहीं किया

जाता है, इसका मतलब यह नहीं है कि घरेलू स्तर पर उत्पादित पीयूसी एक समान वस्तु या व्यावसायिक और तकनीकी रूप से प्रतिस्थापन योग्य नहीं है।

21. प्राधिकारी ने एससीसी द्वारा किए गए इस दावे के संबंध में एससीसी द्वारा दायर प्रश्नावली के उत्तर की भी जांच की है कि जापान से आयातित विशेष ग्रेड की कीमतें सामान्य ग्रेड की तुलना में काफी अधिक हैं। इस संबंध में, प्राधिकारी ने नोट किया कि दो ग्रेड के बीच मूल्य अंतर उन्हें अलग-अलग उत्पाद नहीं माना जाता है।

22. इसलिए, प्राधिकरण इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि न तो एसएचटीएस ग्रेड और न ही म्यूक्रॉन ओटी-20 एचडी जी ग्रेड को पीयूसी के दायरे से बाहर रखने योग्य माना जा सकता है।

23. ओटी 20 और ओटी 20 एचडी ग्रेड को बाहर किए जाने के अनुरोध के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि एटीएमए ने 30 जुलाई 2024 के अनुरोधों में कहा है कि वह इन ग्रेडों को बाहर करने के अनुरोध पर आगे दबाव नहीं डालना चाहता है क्योंकि ये ग्रेड घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति किए गए हैं। एटीएमए के अनुरोध के अनुरूप, बाहर करने के अनुरोध को छोड़ने का प्रस्ताव है, और इन ग्रेडों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर नहीं रखने का प्रस्ताव है।

24. अत:, प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में संशोधन करना उपयुक्त नहीं पाते। तद्नुसार, विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र निम्नलिखित रूप में निर्धारित किया जाता है:

> *"2. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद "अघुलनशील सल्फर" है जिसे इसके बाद "संबद्ध सामान" अथवा "विचाराधीन उत्पाद" अथवा "पीयूसी" भी कहा गया है।*
>
> *3. अघुलनशील सल्फर, परिभाषा के अनुसार, एक बहुलक सल्फर है जो कार्बन डाइसल्फ़ाइड (सीएस2) में अघुलनशील है। अघुलनशील सल्फर का उपयोग आम तौर पर रबड़ के कुछ अनुप्रयोगों में वल्केनाइजेशन एजेंट के रूप में किया जाता है ताकि ब्लूमिंग घटना का प्रतिरोध किया जा सके जो रबड़ यौगिक के लिए हानिकारक है।*
>
> *4. अघुलनशील सल्फर एक महत्वपूर्ण रबड़ योजक एजेंट है। यह उत्पाद की गुणवत्ता, पहनने की योग्यता और थकान और उम्र बढ़ने दोनों के प्रतिरोध में सुधार करता है। सर्वोत्तम वल्केनाइजिंग एजेंट के रूप में सार्वभौमिक रूप से मान्यता प्राप्त होने के अलावा, इसका व्यापक रूप से टायर, ट्रेड, जूते, सभी प्रकार के ऑटोमोबाइल रबड़ भागों और अन्य रबड़ उत्पादों के निर्माण में उपयोग किया जाता है। इसलिए, इसकी गैर-ब्लूमिंग विशेषता के कारण, अघुलनशील सल्फर का व्यापक रूप से रबड़ उत्पादों के निर्माण में उपयोग किया जाता है जिसमें सामान्य सल्फर उच्च अनुपात में शामिल*

होता है। अंतिम उपयोगकर्ता उद्योग के आधार पर, भारत में अघुलनशील सल्फर की कुल खपत में से 90% से अधिक का उपयोग टायर उद्योग में किया जाता है और शेष का उपयोग गैर-टायर उद्योग में किया जाता है। उत्पाद के वजन में माप की इकाई किलोग्राम (किग्रा) में बताई गई है।"

5. *विचाराधीन उत्पाद सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 की पहली अनुसूची- I की प्रशुल्क मद 2802 00 10 और 3812 39 30 के अंतर्गत वर्गीकरणीय है। विचाराधीन उत्पाद प्रशुल्क मद 3824 99 00 के अंतर्गत भी आयात किया जाता है। तथापि, सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और इस जांच के क्षेत्र पर किसी भी तरह बाध्यकारी नहीं हैं।"*

25. इसके अतिरिक्त, पूर्वोक्त के मद्देनजर, घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद संबद्ध देशों से आयातित सामानों के समान वस्तु है। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश से आयातित उत्पाद भौतिक और रासायनिक गुण-धर्मों, प्रकार्य एवं प्रयोग, उत्पाद विशिष्टियों, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन और सामानों के प्रशुल्क वर्गीकरण के संदर्भ में तुलनीय हैं। आयातित सामानों और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित सामानों का परस्पर परिवर्तनीय रूप से प्रयोग किया जाता है। उसी के मद्देनजर, घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद को भारत में आयातित उत्पाद की समान वस्तु माना जाता है।

ङ. <u>घरेलू उद्योग का क्षेत्र और आधार</u>

घ.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

26. घरेलू उद्योग के क्षेत्र और उसके आधार के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा कोई अनुरोध नहीं किया गया है।

घ.2. <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

27. आवेदक ने घरेलू उद्योग के क्षेत्र और उसके आधार के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. आवेदक एकमात्र उत्पादक होने के कारण पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) और नियम 5(3) के तहत घरेलू है।

ख. यह न तो संबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद का आयातक है और न ही यह संबद्ध देशों में विचाराधीन उत्पाद के निर्यातक या भारत में विचाराधीन उत्पाद के आयातकों से संबद्ध है।

ग. ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लिमिटेड ने एनसीएलटी, अहमदाबाद बेंच द्वारा 10 अप्रैल 2024 के आदेश से अनुमोदित एक डीमर्जर के माध्यम से एक कॉर्पोरेट का पुनर्गठन किया।

घ. डीमर्जर में विचाराधीन उत्पाद केमिकल बिजनेस अंडरटेकिंग का हस्तांतरण शामिल है, जिसमें ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लिमिटेड ("डीमर्ज कंपनी") से ओसीसीएल लिमिटेड ("परिणामी कंपनी") एक सहायक कंपनी से विचाराधीन उत्पाद और सल्फ्यूरिक एसिड विनिर्माण और बिक्री शामिल है।

ड. रासायनिक व्यवसाय उपक्रम से संबंधित सभी परिसंपत्तियां और देनदारियां कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 230-232 और कंपनी (समझौता, व्यवस्था और समामेलन) नियमावली, 2016 और आयकर अधिनियम, 1961 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के अन्य लागू प्रावधानों के तहत कानून के प्रचालन द्वारा परिणामी कंपनी में एक चल रही कंपनी के रूप में अंतरित और निहित हो गईं।

च. ओसीसीएल लिमिटेड विचाराधीन उत्पाद और सल्फ्यूरिक एसिड विनिर्माण और बिक्री गतिविधियों को जारी रखेगा। पाटनरोधी जांच सहित रासायनिक व्यवसाय उपक्रम से संबंधित कानूनी कार्यवाही, परिणामी कंपनी को अंतरित हो गई।

छ. जांच की अवधि पहले ही पूरी होने के बाद प्रश्नगत अनामेलन प्रभावी हो गया। इस प्रकार, इस कॉर्पोरेट पुनर्गठन का वर्तमान पाटनरोधी जांच पर कोई असर या प्रासंगिकता नहीं है, क्योंकि जांच की अवधि के दौरान मौजूद स्थितियों और परिस्थितियों का विश्लेषण करना चाहिए।

घ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

28. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग निम्नलिखित रूप में परिभाषित हैः

''(ख) "घरेलू उद्योग'' का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या

आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में ''घरेलू उद्योग'' का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।"

29. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आवेदक, ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लिमिटेड, ने जांच की अवधि के बाद विभाजन किया है और रासायनिक व्यवसाय, जिसके अंतर्गत विचाराधीन उत्पाद आता है, को ओसीसीएल लिमिटेड को अंतरित कर दिया गया है। यह नोट किया जाता है कि इस तरह के विभाजन से घरेलू उद्योग की पात्रता में कोई बदलाव नहीं आया है।

30. प्राधिकारी आगे नोट करते हैं कि ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लिमिटेड/ओसीसीएल लिमिटेड विचाराधीन उत्पाद का एकमात्र उत्पादक है और उसका कुल भारतीय उत्पादन में 100% हिस्सा है।

31. यह भी देखा जाता है कि आवेदक ने विचाराधीन उत्पाद का आयात नहीं किया है। इसके अतिरिक्त, यह संबद्ध देशों के किसी भी उत्पादक/निर्यातक से संबद्ध नहीं है और भारत में संबद्ध सामानों के किसी भी आयातक से संबद्ध नहीं है।

32. अत:, प्राधिकारी इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि ओरिएंटल कार्बन एंड केमिकल्स लिमिटेड/ओसीसीएल लिमिटेड, पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के अभिप्राय से 'घरेलू उद्योग' है और यह मानते हैं कि आवेदन-पत्र पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार आधार के मानदंडों को पूरा करता है।

ड. <u>गोपनीयता</u>

ड.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

33. गोपनीयता के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. पहली चुनौती देश-वार निर्यात मूल्य अनुमानों से संबंधित है। यद्यपि याचिकाकर्ता ने ये अनुमान दिए, तथापि, वे माल ढुलाई लागत और समुद्री बीमा जैसे व्यय समायोजन निर्धारित करने के लिए स्रोतों का खुलासा करने में विफल रहे। याचिकाकर्ता ने केवल यह कहा कि इन्हें बिना किसी सहायक साक्ष्य के "अनुमानित और रूढ़िवादी आधार" पर समायोजित किया गया था, जो हितबद्ध पक्षकारों की निवल निर्यात कीमत गणनाओं का विश्लेषण करने की क्षमता से समझौता करता है।

ख. क्षमता उपयोग के लिए औसत उद्योग मानदंडों के संबंध में, याचिकाकर्ता आवश्यकताओं के बावजूद कोई भी डेटा प्रदान करने में पूरी तरह विफल रहा है।

ग. बिक्री मात्रा आंकड़ों के संबंध में, याचिकाकर्ता ने लघु उद्योग (एसएसआई) और गैर-एसएसआई क्षेत्रों, निर्यात बिक्री और कैप्टिव खपत के आंकड़ों के बीच घरेलू बिक्री को ठीक से अलग नहीं किया है।

घ. बिक्री मूल्य के संबंध में, अनुरोध एसएसआई और गैर-एसएसआई श्रेणियों, निर्यात बिक्री और कैप्टिव खपत मूल्यों के बीच घरेलू बिक्री के लिए गायब विवरणों का उल्लेख करता है।

ड. प्रति यूनिट बिक्री वूसली के संबंध में, याचिकाकर्ता घरेलू बिक्री (एसएसआई और गैर-एसएसआई), निर्यात बिक्री और कैप्टिव खपत के लिए अलग-अलग आंकड़े देने में विफल रहा है।

च. प्रति दिन उत्पादकता के लिए उद्योग मानदंडों को पूरी तरह से छोड़ दिया गया है।

छ. मालसूची प्रबंधन के लिए औसत उद्योग मानदंड मौजूद नहीं हैं।

ज. याचिकाकर्ता के वित्तीय विवरणों में उपलब्ध होने के बावजूद अनुसंधान एवं विकास व्यय नहीं दिए गए हैं।

झ. इक्विटी, ऋण और अग्रिम, कार्यशील पूंजी और अन्य स्रोतों के माध्यम से जुटाई गई धनराशि के बारे में जानकारी नहीं दी गई है।

ञ. निर्यात के लिए प्रति इकाई बिक्री की लागत का खुलासा नहीं किया गया है।

ट. औसत नियोजित पूंजी के प्रतिशत के रूप में पीबीआईटी के लिए उद्योग मानदंड नदारद हैं।

ठ. क्षतिरहित कीमत (एनआईपी) गणना को पूरी तरह से गोपनीय बताया गया है, यहां तक कि व्यापार नोटिस 10/2018 द्वारा आवश्यक सीमा भी प्रदान नहीं की गई है।

ड. अनुबंध 6.2 (जिसमें प्रारूप VI-1, VI-2, VI-2R, VI-2T, VI-4 और VI-5 शामिल हैं) की संपूर्णता को सार्थक अगोपनीय सार दिए बिना गोपनीय चिह्नित किया गया है।

ढ. आयात की मात्रा और मूल्य के रुझान के आंकड़ों का खुलासा न करने के बारे में एमआरएफ पर आरोप के संबंध में, एटीएमए ने स्पष्ट किया कि प्रकटन से घरेलू उद्योग को एमआरएफ के खरीद डेटा की गणना करने में मदद मिलेगी, क्योंकि घरेलू उद्योग पहले से ही एमआरएफ को अपनी बिक्री के बारे में जानता है। यह जानकारी व्यवसाय के प्रति संवेदनशील है और इसके प्रकटन से एमआरएफ के हितों पर असर पड़ेगा। एटीएमए नोट करता है कि घरेलू उद्योग ने उत्पादन गणनाओं की रक्षा के लिए पिछली जांचों में सटीक बाजार हिस्सेदारी का खुलासा नहीं किया है, और उनकी व्यवसाय के प्रति संवेदनशील जानकारी के लिए समान व्यवहार का अनुरोध करता है।

ण. विचाराधीन उत्पाद का उपयोग करने वाले उत्पादों के लिए बिक्री के आंकड़ों का खुलासा न करने के संबंध में, एटीएमए ने स्पष्ट किया कि व्यापार नोटिस 10/2018 पिछले प्रश्नावली प्रारूपों का उल्लेख करता है जिसमें साल-दर-साल रुझान की आवश्यकता होती है। तथापि, मौजूदा प्रारूपों में केवल एक वर्ष की जानकारी की आवश्यकता होती है जिससे कई वर्षों में सूचीबद्ध आंकड़े देना अव्यवहारिक हो जाता है।

त. भारत में पीयूसी से जुड़े इकाई विवरण का खुलासा न करने के आरोपों के संबंध में एटीएमए ने कहा कि यह व्यवसाय-संवेदनशील आंकड़ा है। उन्होंने यह तर्क दिया कि प्रत्येक इकाई और उनके परिचालन के बारे में विशिष्ट जानकारी देने से एमआरएफ की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति प्रभावित हो सकती है और स्वामित्व संबंधी परिचालन संबंधी सूचना प्रकट हो सकती है।

थ. विनिर्माण प्रक्रिया सार के संबंध में, एटीएमए ने कहा कि तकनीकों की स्वामित्व प्रकृति और उनके प्रतिस्पर्धी लाभ के लिए महत्वपूर्ण व्यापार रहस्यों के कारण प्रकटीकरण संभव नहीं है। उन्होंने नोट किया कि यह जानकारी गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रदान की गई है।

द. संबद्ध देश और घरेलू उत्पादों के बीच विचाराधीन उत्पाद की तुलनीयता के मामले के संबंध में, एटीएमए ने स्पष्ट किया कि ऐसी जानकारी आंतरिक रणनीतियों और खरीद नीतियों से जटिल रूप से जुड़ी हुई है। उनका तर्क है कि सार्वजनिक प्रकटीकरण से आंतरिक कार्यप्रणाली का पता चलेगा और प्रतिस्पर्धियों को अनुचित लाभ मिलेगा।

ध. एटीएमए ने टायर विनिर्माण के लिए आवश्यक कच्चे माल से संबंधित कई चल रही जांचों को उजागर करके पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव के मुद्दे को हल किया। वे नोट करते हैं कि आइसोब्यूटिलीन-आइसोप्रीन रबर (आईआईआर) पर पहले से ही उच्च पाटनरोधी शुल्क लगाया गया है, और हेलो-ब्यूटाइल रबर (एचआईआईआर) से

संबंधित एक और जांच चल रही है। एटीएमए ने जोर दिया कि कई कच्चे माल पर शुल्कों का संचयी प्रभाव टायर उद्योग को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करेगा और अंततः अंतिम उपभोक्ताओं पर बोझ डालेगा।

न. विचाराधीन उत्पाद के उपयोग विवरण के बारे में, एटीएमए ने स्पष्ट किया कि यह जानकारी जांच अवधि के लिए अनुपलब्ध थी, और इसका गैर-प्रावधान जानबूझकर किया गया था, न कि चूक। उन्होंने कहा कि इस जानकारी को संकलित करने के प्रयास जारी हैं।

प. आधारभूत सूचना को गोपनीय के रूप में चिह्नित करने के बारे में, यह स्पष्ट किया गया है कि जबकि कुछ जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध है, कुछ प्रदान किए गए विवरण सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी से भिन्न हैं और इसलिए गोपनीय व्यवहार की आवश्यकता है। एटीएमए ने जोर देकर कहा कि उनका इरादा अनावश्यक संशोधन करने का नहीं था।

ड.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

34. गोपनीयता के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. एमआरएफ लिमिटेड के प्रश्नावली उत्तर में दावा की गई अत्यधिक गोपनीयता के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

ख. एमआरएफ ने अनुबंध-5 में खरीद मात्रा और मूल्य संबंधी आंकड़ों की सूचना दी, लेकिन निर्यात के देश द्वारा इस जानकारी को वर्गीकृत करने में विफल रहा। आंकड़ों को संबद्ध और असंबद्ध पक्षकार खरीद, घरेलू खरीद और संबद्ध और असंबद्ध देशों से आयात के बीच ठीक से अलग नहीं किया गया था।

ग. एमआरएफ ने सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी होने के बावजूद कुल बिक्री टर्नओवर की जानकारी का खुलासा नहीं करके अत्यधिक गोपनीयता का दावा किया। घरेलू उद्योग इस बात पर जोर देता है कि एमआरएफ विशेष रूप से विचाराधीन उत्पाद का उपयोग करके निर्मित उत्पादों के लिए कारोबार संबंधी आंकड़े प्रदान देने में विफल रहा।

घ. एमआरएफ ने बिना किसी उचित अगोपनीय सार प्रदान किए भारत में विचाराधीन उत्पाद से जुड़ी इकाइयों के विवरण के लिए गोपनीयता का दावा किया। उन्होंने न तो आवश्यक जानकारी प्रदान की और न ही यह बताते हुए बयान दिए कि सार बनाना क्यों संभव नहीं था।

ड. एमआरएफ ने बिना किसी औचित्य के अपने पूर्ण उत्पाद पोर्टफोलियो की जानकारी रोक दी, उस जानकारी के लिए गोपनीयता का दावा किया जो सार्वजनिक रूप से सुलभ होनी चाहिए।

च. एमआरएफ के प्रश्नावली उत्तर के एक्सेल परिशिष्ट के अनुबंध-5 में "विचाराधीन का उपयोग" खंड को खाली छोड़ दिया गया था, जिसके बारे में घरेलू उद्योग का तर्क है कि गोपनीय सार में भी यह त्रुटि प्रतीत होती है।

छ. एमआरएफ ने आधारभूत सूचना को भी गोपनीय के रूप में चिह्नित किया और भाग-IV में किसी भी प्रश्न के उत्तर का खुलासा नहीं किया, सिवाय उन मामलों को छोड़कर जहां जानकारी अनुपलब्ध थी या लागू नहीं थी।

ज. एससीसी, एमसीपीएल और आईवीआईसीटी के प्रश्नावली उत्तर में दावा की गई अत्यधिक गोपनीयता के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए गए थे:

झ. एससीसी ने बिना किसी उपयुक्त अगोपनीय सार दिये बिना पूरी विनिर्माण प्रक्रिया को गोपनीय के रूप में चिह्नित किया, जो सीधे ही व्यापार सूचना अपेक्षाओं की प्रवंचना करता है। उन्होंने न तो कोई सार दिया और नही यह बताया कि सार असंभव क्यों था।

ञ. एससीसी अपने अगोपनीय उत्तरों में विचाराधीन उत्पाद के निर्माण में उपयोग किए गए कच्चे माल के नामों का खुलासा करने में विफल रही, ऐसी जानकारी जिसे गोपनीय होने का दावा नहीं किया जा सकता है।

ट. तीनों कंपनियों ने अपने वितरण चैनलों और संपूर्ण उत्पाद पोर्टफोलियो के बारे में जानकारी रोके रखी। घरेलू उद्योग ने तर्क दिया कि यह जानकारी बाजार मौजूदगी और व्यापार प्रचालनों का विश्लेषण करने के लिए महत्वपूर्ण है।

ठ. प्रभावी भागीदारी को सक्षम करने के लिए सूचना प्रकटन के महत्व के लिए ***टी. ताकानो बनाम सेबी [(2022) 8 एससीसी 162]*** और ***एच एंड आर जॉनसन (इंडिया) लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी [2005 (185) ई.एल.टी. 125 (ट्राई-डेल)]*** पर विश्वास किया गया था, जो स्पष्ट करता है कि गोपनीयता केवल इसलिए यांत्रिक रूप से नहीं दी जा सकती क्योंकि सूचना गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई है।

ड. घरेलू उद्योग ने अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उठाए गए गोपनीयता संबंधी चिंताओं की भी प्रतिक्रिया की।

ढ. देशवार निर्यात मूल्य अनुमानों के बारे में उठाए गए गोपनीयता के मुद्दों के उत्तर में, घरेलू उद्योग ने खर्चों को समायोजित करने के लिए अपनी कार्यप्रणाली स्पष्ट की। यह कहा गया कि उन्होंने प्रत्येक देश के लिए देशवार अनुमान प्रदान किए हैं और निवल निर्यात कीमत निर्धारित करने के लिए अनुमानित आधार पर माल ढुलाई लागत और समुद्री बीमा जैसे खर्चों को समायोजित किया है।

ण. क्षमता उपयोग के लिए औसत उद्योग मानदंड के संबंध में, घरेलू उद्योग ने कहा कि व्यापार सूचना संख्या 05/2021 के तहत यह जानकारी आवश्यक नहीं है। यह स्थिति कई अन्य चुनौती दी गई वस्तुओं के लिए बनी हुई है, जिसमें एसएसआई और गैर-एसएसआई क्षेत्रों के बीच बिक्री मात्रा आंकड़े, बिक्री मूल्य वर्गीकरण, प्रति इकाई बिक्री प्राप्ति आंकड़े, उत्पादकता और मालसूची के लिए उद्योग मानदंड, आरएंडडी व्यय और विभिन्न स्रोतों के माध्यम से जुटाई गई निधियां शामिल हैं।

त. घरेलू उद्योग ने यह बताकर प्रारूप VI-1, VI-2, VI-2आर, VI-2टी, VI-4, और VI-5 की गोपनीयता समाधान किया कि इस सूचना में संवेदनशील व्यावसायिक आंकड़े शामिल हैं, जहां सार संभव नहीं है।

थ. टायर विनिर्माण उद्योग पर पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव के मुद्दे के संबंध में, घरेलू उद्योग ने डीजीएफटी द्वारा जारी किए गए एसआईओएन मानदंडों के आधार पर जानकारी प्रस्तुत की। विशिष्ट गणना से पता चलता है कि प्रत्येक 100 किलोग्राम ऑटोमोबाइल टायर और ट्यूब के लिए, केवल 0.50 किलोग्राम अघुलनशील सल्फर का उपयोग किया जाता है। टायर विनिर्माण में अघुलनशील सल्फर का हिस्सा न्यूनतम है, जिससे यह निष्कर्ष निकलता है कि पाटनरोधी शुल्क का अंतिम उत्पाद पर कोई प्रभाव नगण्य होगा।

द. घरेलू उद्योग ने क्षति रहित कीमत रेंज भी अमेरिकी डॉलर 1500-2000 प्रति एमटी के रूप में प्रकट की है। यह खुलासा इस तर्क के बावजूद किया गया कि व्यापार नोटिस 10/2018 के तहत ऐसा खुलासा करना अनिवार्य नहीं है।

ध. त्रुटियों और अधिकारों की हानि के बारे में सामान्य बयान, ठोस उदाहरणों के बिना, उनके गोपनीयता दृष्टिकोण में संशोधन के लिए आधार प्रदान नहीं करते हैं।

न. घरेलू उद्योग ने एमआरएफ के गोपनीयता दावों के साथ मुद्दों को भी उजागर किया। एमआरएफ ने अनुबंध-5 में "विचाराधीन उत्पाद का उपयोग" को खाली छोड़ दिया और

आर्थिक हित प्रश्नावली में आधारभूत सूचना को गोपनीय चिह्नित किया। यह एमआरएफ के दावों का विश्लेषण करने की उद्योग की क्षमता को सीमित करता है।

ड.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

35. गोपनीयता के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोधों की निम्नानुसार जांच की गई है-

36. पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(7) के अनुसार प्राधिकारी ने विभिन्न हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना का अगोपनीय रूपांतर सभी अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध कराया।

37. सूचना की गोपनीयता के संबंध में नियमावली के नियम 7 में निम्नलिखित प्रावधान हैं:

> ***"7. गोपनीय सूचना:***
> *(1) नियम 6 के उपनियमों (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।*
> *(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।*
> *(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।"*

38. घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने गोपनीयता के दावों के मुद्दे उठाए हैं। घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना की गोपनीयता के दावों की पर्याप्तता के संबंध में जांच की गई। संतुष्ट होने पर, जहां भी आवश्यक था, प्राधिकारी ने गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया और उस सूचना को गोपनीय माना गया है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं की गई है। जहाँ भी संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना प्रदान करने वाले

पक्षकारों को गोपनीय आधार पर दायर की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर प्रदान करने का निर्देश दिया गया।

च. <u>विविध मुद्दे</u>

च.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

39. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने वर्तमान जांच में निम्नलिखित विविध अनुरोध किए हैं:

क. एससीसी ने लेन-देन-वार आयात आंकड़े उपलब्ध न कराने के संबंध में अनुरोध किया है। एक्सोटिक डेकोर प्राइवेट लिमिटेड एवं अन्य बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी में सेस्टैट के निर्णय पर भरोसा किया गया है, जिसमें यह सिद्ध हुआ कि प्राधिकारी को आयात आंकड़े उसी रूप और तरीके से प्रदान करना चाहिए जैसा जांच के दौरान रिकॉर्ड में लिया गया है।

ख. एससीसी ने व्यापार नोटिस संख्या 7/2018 के खंड 2(vi) का संदर्भ दिया, जो हितबद्ध पक्षकारों को जांच अधिकारी को अनुबंध-I में एक वचनबद्धता प्रदान करने के बाद याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत लेन-देन-वार आयात आंकड़े तक पहुंचने की अनुमति देता है।

ग. यह कहा गया है कि एससीसी ने 08 अक्टूबर 2024 को व्यापार सूचना संख्या 7/2018 के तहत याचिकाकर्ता द्वारा दायर छांटे गए/न छांटे गए देन-वार आयात आंकड़ों की मांग करते हुए एक अनुरोध दायर किया था। तथापि, प्राधिकारी ने रिकॉर्ड में लिए गए अनुसार उसी स्वरूप और तरीके में आंकड़े नहीं दिए हैं। संशोधनीय फार्मेट (एक्सेल) में आंकड़े न दिए जाने से क्षति संबंधी दावों पर टिप्पणी करने में एससीसी की क्षमता प्रभावित होती है।

च.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

40. घरेलू उद्योग ने वर्तमान जांच में कोई विविध अनुरोध नहीं किए हैं।

च.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

41. अन्य हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा किए गए विविध अनुरोधों की निम्नलिखित रूप में जांच की गई है:-

42. सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 135कक गोपनीय आंकड़ों की सुरक्षा से संबंधित है:

"135कक. (1) यदि कोई व्यक्ति भारत से निर्यात के लिए या भारत में आयात के लिए प्रवेश किए गए माल के मूल्य या वर्गीकरण या मात्रा से संबंधित, इस अधिनियम के तहत किसी निर्यातक या आयातक द्वारा सीमा शुल्क को दी गई कोई जानकारी प्रकाशित करता है, जिसमें शामिल व्यक्तियों की पहचान या किसी ऐसे तरीके से ऐसी पहचान का खुलासा होता है, जब तक कि किसी कानून के तहत ऐसा करने की आवश्यकता न हो या ऐसे निर्यातक या आयातक के विशिष्ट प्राधिकारी द्वारा ऐसा करने की आवश्यकता न हो, तो उसे छह महीने तक की कैद या पचास हजार रुपये तक के जुर्माने या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

(2) इस धारा में निहित कुछ भी निम्नलिखित पर लागू नहीं होगा-

(क) केंद्र सरकार द्वारा या उसकी ओर से किया गया कोई प्रकाशन;

(ख) भारत के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में प्रवृत्तियों के विश्लेषण और उसके प्रसार के लिए केंद्र सरकार द्वारा या उसकी ओर से किए गए किसी प्रकाशन से प्राप्त आंकड़े।

स्पष्टीकरण.– *इस धारा के प्रयोजनों के लिए, "प्रकाशित करना" पद में सूचना को मुद्रित या इलेक्ट्रॉनिक रूप में पुनः प्रस्तुत करना और उसे जनता के लिए उपलब्ध कराना सम्मिलित है"*

43. प्राधिकारी नोट करते है कि सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 135एए के लागू होने से भारत से निर्यातित या भारत में आयातित वस्तुओं के आयात मूल्य, वर्गीकरण, मात्रा के साथ-साथ इसमें शामिल व्यक्तियों की पहचान आदि के प्रकटन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसलिए प्राधिकारी किसी भी हितबद्ध पक्षकार के साथ लेन-देन-वार आयात आंकड़े साझा नहीं कर सकते हैं।

छ. <u>सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मर्जिन का निर्धारण</u>

छ.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

44. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. जापान के लिए सामान्य मूल्य के परिकलन के संबंध में, याचिकाकर्ता ने कच्चे माल की लागत, उपयोगिताओं, मजदूरी, वेतन, विनिर्माण लागत, प्रशासनिक खर्चों और लाभ मार्जिन का उपयोग करके सामान्य मूल्य की गणना की। याचिकाकर्ता ने सामान्य

मूल्य निर्माण के लिए उपयोग की जाने वाली उत्पादन लागतों का सार नहीं दिया है। चूंकि लागतें जापान के बाजार के आंकड़ों पर आधारित थीं, इसलिए यह जानकारी किसी भी उत्पादक का स्वामित्व नहीं हो सकती।

ख. मजदूरी और बिजली की लागत के बारे में आंकड़े जांच की अवधि के अनुरूप हैं या नहीं, यह सत्यापित करने के लिए पठनीय प्रतियों का अनुरोध किया गया था।

ग. निर्यात मूल्य पर माल ढुलाई और व्यय के प्रभावों के परिमाणीकरण पर अनुमान के आधार या आंकड़ा स्रोतों का कोई प्रकटन नहीं है।

घ. चीन जन.गण. के लिए सामान्य मूल्य के संबंध में, एटीएमए ने प्रतिनिधि देश के चयन को चुनौती दी है। यह चीन जन.गण. गणना के लिए यूएसए के चयन को चुनौती देता है। पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध 1 के पैराग्राफ 7 का हवाला दिया गया था जिसमें विकास के स्तरों पर विचार करने की आवश्यकता है। यूएसए की अर्थव्यवस्था चीन की विकास स्थिति से मेल नहीं खाती। भूगोल और विकास के स्तर के आधार पर मलेशिया को प्रतिनिधि के रूप में प्रस्तावित किया गया था।

ड. डाइएथिल थियो फॉस्फोरिल क्लोराइड जांच का उल्लेख किया गया था, जहां डेनमार्क को विकास की स्थिति के कारण प्रतिनिधि के रूप में खारिज कर दिया गया था। पेरोक्सोसल्फेट्स जांच पर भी भरोसा किया गया, जहां लागत अंतर के कारण यूएसए का उपयोग नहीं किया गया था।

च. प्रतिनिधि देश के रूप में यूएसए पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया और यह सुझाव दिया गया कि इसके बजाय विकास स्तर संरेखण के आधार पर मलेशिया पर विचार किया जा सकता है। यह प्रतिनिध चयन के लिए पाटनरोधी नियमावली की आवश्यकताओं को पूरा करेगा।

छ.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

45. वर्तमान जांच में सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. अभिगम नयाचार के अनुच्छेद 15 (घ) के अनुसार, अनुच्छेद 15(क) उप-पैरा (ii) के प्रावधानों की समाप्ति से यह स्वतः निष्कर्ष नहीं निकलता है कि चीन जन.गण. को बाजार अर्थव्यवस्था का दर्जा दिया जाएगा। उप-पैरा (क) के प्रावधानों को समाप्त करने के लिए आयातक विश्व व्यापार संगठन के सदस्य के राष्ट्रीय कानून के तहत यह

स्थापित करने की चीन जन.गण. की बाध्यता कि वह एक बाजार अर्थव्यवस्था है, अभी तक समाप्त नहीं हुई है।

ख. पिछले तीन वर्षों में सभी पाटनरोधी जांचों में भारतीय प्राधिकारी और अन्य देशों के जांच प्राधिकारियों द्वारा चीन जन.गण. को लगातार गैर-बाजार अर्थव्यवस्था माना गया है। इस आधार पर, वर्तमान जांच के प्रयोजनों के लिए चीन जन.गण. को वैध रूप से गैर-बाजार अर्थव्यवस्था माना जा सकता है और प्राधिकारी को गैर-बाजार अर्थव्यवस्था शर्तों के तहत चीन के लिए सामान्य मूल्य निर्धारित करना चाहिए, जब तक कि चीन के विशिष्ट उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा अन्यथा साबित न किया जाए।

ग. सामान्य मूल्य पद्धति के संबंध में, अनुबंध I का पैरा 7 में अनुक्रमवार विकल्पों का प्रावधान है: बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत/निर्मित मूल्य, तीसरे देश से भारत सहित अन्य देशों में मीमत अन्य उचित आधार। विकल्पों से प्रथम पद्धति की समाप्ति अनिवार्य करने वाले शेनयांग मात्सुशिता मामले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय पर भरोसा किया गया था।

घ. कई हालिया जांचों पर भरोसा किया गया जहां प्राधिकारी ने चीन जन.गण. के लिए यूएसए को प्रासंगिक तीसरे देश के रूप में माना है, जिसमें ***ग्लेज़्ड/अनग्लेज़्ड पोर्सिलेन टाइल्स और 1 1 1 2 टेट्राफ्लुओरोइथेन या आर 134 ए*** के मामले शामिल हैं।

ड. किसी भी चीन के उत्पादक/निर्यातक ने समय सीमा के भीतर प्रश्नावली के जवाब दाखिल करके भाग नहीं लिया है। प्राधिकारी को नियम 6(8) के साथ पठित धारा 9क(6क) के तहत उपलब्ध तथ्यों पर भरोसा करना चाहिए। यूएसए तथ्यों के उपलब्ध ढांचे के भीतर उपयुक्त तीसरे देश की पद्धति का प्रतिनिधित्व करता है।

च. इस अनुरोध से यह तर्क देकर निष्कर्ष निकलाता है कि चीनी उत्पादकों की गैर-भागीदारी से सूचना खाली रहती है जिसके लिए तीसरे देश की पद्धति की आवश्यकता होती है। वे प्राधिकारी से स्थापित परिपाटी और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर यूएसए के आंकड़ों का उपयोग करके सामान्य मूल्य निर्धारित करने का अनुरोध करते हैं।

छ. जापान से सामान्य मूल्य के संबंध में, प्राधिकारी जापान से भाग लेने वाले उत्पादक/निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों का विधिवत सत्यापन करने के पश्चात उनके द्वारा किए गए अनुरोधों के आधार पर सामान्य मूल्य की गणना कर सकते हैं।

छ.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

छ.3.1 सामान्य मूल्य का निर्धारण

<u>बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार की जांच</u>

46. घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों की जांच निम्नलिखित रूप में की गई है-

47. प्राधिकारी ने संबद्ध देशों के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को प्रश्नावलियां भेजी, जिसमें उन्हें प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र और तरीके से सूचना प्रदान करने की सलाह दी गई। जापान के उत्पादकों/निर्यातकों के निम्नलिखित समूहों ने निर्यातक की प्रश्नावली का उत्तर दायर किया है:

i. शिकोकू केमिकल्स कॉर्पोरेशन (उत्पादक), मित्सुबिशी कॉर्पोरेशन प्लास्टिक्स लिमिटेड (निर्यातक) और आईवीआईसीटी (सिंगापुर) प्रा. लि. (निर्यातक)

48. प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन जन.गण. के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने वर्तमान जांच में भाग नहीं लिया है और बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार का दावा करने के लिए संगत प्रश्नावली का उत्तर दायर नहीं किया है।

<u>चीन जन.गण. के लिए सामान्य मूल्य</u>

49. डब्ल्यूटीओ में चीन के अभिगम नयाचार के अनुच्छेद 15 में निम्नलिखत प्रावधान है:

> "जीएटीटी 1994 का अनुच्छेद VI, टैरिफ और व्यापार संबंधी सामान्य करार, 1994 ("पाटनरोधी करार") के अनुच्छेद VI के कार्यान्वयन संबंधी करार और एससीएम करार एक डब्ल्यूटीओ सदस्य में चीन के मूल के आयातों की संलिप्तता की कार्यवाहियों में लागू होंगे जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-
>
> *" (क) जीएटीटी 1994 के अनुच्छेद -VI और पाटनरोधी करार के तहत कीमत तुलनात्मकता का निर्धारण करने में, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे अथवा उस पद्धति का उपयोग करेंगे, जो निम्नलिखित नियमों के आधार पर घरेलू कीमतों या चीन में लागतों के साथ सख्ती से तुलना करने पर आधारित नहीं है:*
>
> *(i) यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण ,उत्पादन और बिक्री के*

संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो निर्यात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन के मूल्यों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त अनुपालन पर आधारित नहीं है ,यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण , उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग हैं।

(ख) एससीएम समझौते के पैरा II ,III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क),14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राजयसहायता को बताते समय एससीएम समझौते के प्रासंगिक प्रावधान लागू होंगे ,तथापि ,उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों ,तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए तब पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखती है और चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में ,जहां व्यवहार्य हो ,आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों का उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को ठीक करना चाहिए।

(ग)आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैरा (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी कार्य समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को कमिटी ऑन सब्सिडीज और काउंटर वेलिंग मैसर्स के लिए अधिसूचित करेगा।

(घ) आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य को राष्ट्रीय कानून के तहत चीन ने एक बार यह सुनिश्चित कर लिया है कि यह एक बाजार अर्थव्यवस्था है ,तो उप पैराग्राफ के प्रावधान (क)समाप्त कर दिए जाएंगे ,बशर्ते आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में प्राप्ति की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ क (II) के प्रावधान प्राप्ति की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त होंगे। इसके अलावा ,आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं ,उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

50. आवेदक ने चीन के अभिगम नयाचार के अनुच्छेद 15(क)(i) तथा अनुबंध I के पैरा 7 पर विश्वास किया है। आवेदक ने दावा किया है कि चीन जन.गण. में उत्पादकों को यह दर्शाने के लिए कहा जाना चाहिए कि विचाराधीन उत्पाद का विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उनके उद्योग में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां विद्यमान हैं। आवेदक द्वारा यह उल्लेख किया गया है कि यदि चीनी उत्पादकों ने भाग नहीं लिया है और इससे वे ये दर्शाने में अक्षम रहे हैं कि उनकी लागत और कीमत संबंधी सूचना बाजार संचालित है तो सामान्य मूल्य पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध I के पैरा 7 और 8 के प्रावधानों के अनुसार परिकलित किया जाना चाहिए।

51. यह नोट किया जाता है कि यद्यपि अनुच्छेद 15(क)(ii) में दिए गए प्रावधान 11 दिसंबर, 2016 को समाप्त हो गए हैं, तथापि अभिगम नयाचार की धारा 15(क)(i) के अधीन दायित्व के साथ पठित डब्ल्यूटीओ पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 2.2.1.1 के अंतर्गत प्रावधान में बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार का दावो करने संबंधी पूरक प्रश्नावली में दिए जाने के लिए सूचना/आंकड़ों के माध्यम से संतुष्ट होने हेतु पाटनरोधी नियमावली के अनुच्छेद I के पैरा 8 में निर्धारित मानदंड की अपेक्षा है। यह नोट किया जाता है कि चीन जन.गण. से कोई उत्पादक/निर्यातक नहीं है और पूरक प्रश्नावली का कोई उत्तर नहीं है। अत: सामान्य मूल्य का परिकलन पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 7 के प्रावधानों के अनुसार किया जाना अपेक्षित है।

52. चूंकि चीन जन.गण. से किसी भी उत्पादक ने भाग नहीं लिया है, अत: सामान्य मूल्य पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 7 के अनुसार निर्धारित किया गया है, जो निम्नलिखित रुप में पठित हैः

> *"गैर उचित लाभ मार्जिन को ,बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयात के मामले में- शामिल करने के लिए भारत में समान उत्पाद के लिए वास्तविक रूप से भुगतान किया गया अथवा भुगतान योग्यआवश्यकतानुसार पूर्ण ,तया समायोजित कीमत रहितसामान्य , मूल्य का निर्धारण तीसरे देश के बाजार अर्थव्यवस्था में कीमत अथवा परिकलित मूल्य के आधार पर अथवा भारत सहित ऐसे किसी तीसरे देश से अन्य देशों के लिए कीमत अथवा जहां यह संभव नहीं हैं या किसी अन्य उचित आधार पर किया जाएगा। संबद्ध , देश के विकास के स्तर तथा संबद्ध उत्पाद को देखते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा यथोचित पद्धति द्वारा एक समुचित बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश का चयन किया जाएगा और चयन के समय पर उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना पर यथोचित रूप से विचार किया जाएगा। बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी अन्य तीसरे देश के संबंध में किसी समयानुरूपी मामले में की जाने वाली जांच के मामले में जहां उचित हों-समय , सीमा के भीतर कार्रवाई की जाएगी। जांच से संबंधित पक्षकारों को किसी अनुचित विलंब के बिना बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के चयन के विशेष में सूचित किया जाएगा औरअपनी टिप्पणियां देने के लिए एक तर्कसंगत समयावधि प्रदान की जाएगी।"*

53. प्राधिकारी नोट करते हैं कि अनुबंध I के पैरा (7) के प्रावधानों तहत सामान्य मूल्य तीसरे देश में कीमत अथवा निर्मित मूल्य अथवा भारत सहित अन्य देशों में उस देश से कीमत के आधार पर निर्धारित किया जा सकता है। तथापि, जब यह आधार संभव न हो तो तभी प्राधिकारी भारत में प्रदत्त अथवा देय कीमत सहित किसी अन्य उपयुक्त आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित कर सकते हैं।

54. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध I के पैरा 7 के अनुसार, प्राधिकारी किसी उपयुक्त आधार पर सामान्य मूल्य निर्धारित करने की तीसरी पद्धति में जा सकते हैं, जब पहली पद्धति समाप्त हो गई हो अर्थात तीसरे देश में कीमत अथवा निर्मित मूल्य और दूसरी पद्धति अर्थात भारत सहित तीसरे देश से अन्य देशों में कीमत। तथापि, यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग ने *"ऐसे तीसरे देश से दूसरे देशों को कीमत"* के आधार पर सामान्य मूल्य का परिकलन करने का प्रस्ताव किया है। घरेलू उद्योग ने संगत तीसरे देश के रूप में यूएसए को लेने का प्रस्ताव किया है। एटीएमए ने मलेशिया को यूएसए तथा चीन जन.गण. में विकास के स्तर में अंतर के कारण संगत तीसरे देश के रूप में लेने का प्रस्ताव किया है। अनुरोधों और डीजी सिस्टम के आयात आंकड़ों की जांच करने तथा जांच की अवधि में मलेशिया से काफी आयात और विकास के स्तर पर विचार करने के बाद प्राधिकारी मलेशिया से भारत को विचाराधीन उत्पाद की आयात कीमत *अर्थात उस तीसरे देश से अन्य देशों में कीमत* के आधार पर सामान्य मूल्य निर्मित करने का प्रस्ताव करते हैं। कारखानागत स्तर पर सामान्य मूल्य निकालने के लिए आवश्यक समायोजन किए गए हैं। इस प्रकार निर्धारित सामान्य मूल्य नीचे पाटन मार्जिन तालिका में दिया गया है।

<u>जापान के लिए सामान्य मूल्य</u>

<u>क. शिकोकू केमिकल्स कॉर्पोरेशन, मित्सुबिशी कॉर्पोरेशन प्लास्टिक्स लिमिटेड और आईवीआईसीटी (सिंगापुर) प्रा. लि. के लिए सामान्य मूल्य</u>

55. जांच की अवधि के दौरान, एससीसी विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन में लगी हुई थी। प्रश्नावली का उत्तर एससीसी, मित्सुबिशी कॉर्पोरेशन प्लास्टिक्स लिमिटेड और आईवीआईसीटी (सिंगापुर) प्रा. लि. की ओर से दायर किया गया था।

56. भारत को निर्यात की तुलना में एससीसी द्वारा की गई घरेलू बिक्री पर्याप्त मात्रा में है।

57. सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए, प्राधिकारी ने संबद्ध सामानों की उत्पादन लागत के संदर्भ में लाभ कमाने वाले घरेलू बिक्री लेनदेन निर्धारित करने के लिए व्यापार परीक्षण का सामान्य प्रक्रिया की। चूंकि लाभ कमाने वाले लेनदेन 80% से अधिक थे, अत: प्राधिकारी ने सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए घरेलू बाजार में सभी लेनदेन पर विचार किया है।

58. एससीसी ने अंतर्देशीय भाड़ा और ऋण लागत के निमित्त समायोजनों का दावा किया है। प्राधिकारी ने इसके सत्यापन के बाद समायोजन को स्वीकार किया है। तदनुसार, कारखानागत स्तर पर सामान्य मूल्य निर्धारित किया गया है, तथा उसे पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाया गया है।

ख. जापान के सभी असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य

59. जापान के अन्य सभी असहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के सामान्य मूल्य का निर्धारण उपलब्ध तथ्यों के अनुसार किया गया है और उसका उल्लेख पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

छ.3.2 निर्यात कीमत का निर्धारण

चीन जन.गण. के लिए निर्यात कीमत

60. चूंकि चीन जन.गण. के किसी भी उत्पादक/निर्यातक ने वर्तमान जांच में भाग नहीं लिया है, इसलिए निर्यात कीमत का निर्धारण उपलब्ध तथ्यों के आधार पर किया गया है और उसका उल्लेख नीचे पाटन मार्जिन तालिका में किया गया है।

जापान के लिए निर्यात कीमत

क. सहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत

i. एससीसी, एमसीपीएल और आईवीआईसीटी (उत्पादक/निर्यातक)

61. एससीसी जापान में संबद्ध सामानों का उत्पादक है और उसने संबद्ध सामानों का निर्यात असंबद्ध व्यापारियों, मित्सुबिशी कॉरपोरेशन प्लास्टिक्स लिमिटेड (निर्यातक) और आईवीआईसीटी (सिंगापुर) प्रा. लि. (निर्यातक) के माध्यम से भारत में असंबद्ध ग्राहकों को किया है। नीचे दी गई तालिका भारत को निर्यात करने के लिए एससीसी बिक्री चैनल को दर्शाती है-

व्यापार चैनल	भारत को नियार्त (एमटी)	बीजक मूल्य (यूएस डा.)
एससीसी-->एमसीपी-->आईवीआईसीटी-->भारत	***	***
एससीसी-->एमसीपी -->भारत	***	***

कुल	***	***

62. जांच की अवधि के दौरान, एससीसी ने मित्सुबिशी कॉरपोरेशन प्लास्टिक्स लिमिटेड के माध्यम से भारत को संबद्ध सामानों के *** यूएस डॉ. बीजक मूल्य के *** एमटी का निर्यात किया है। एससीसी ने मित्सुबिशी कॉरपोरेशन प्लास्टिक्स लिमिटेड और आईवीआईसीटी (सिंगापुर) प्रा. लि. के माध्यम से भी भारत को संबद्ध सामानों के *** यूएस डॉ. बीजक मूल्य के *** एमटी का निर्यात किया है। उत्पादक ने अंतर्देशीय भाड़ा, पोत परिवहन लागत और ऋण लागत के निमित्त समायोजनों का दावा किया है। तदनुसार, इस प्रकार निर्धारित कारखानागत स्तर पर निवल निर्यात कीमत नीचे पाटन मार्जिन तालिका में दर्शाई गई है:

<u>ख. जापान से असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत</u>

63. अन्य सभी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत, जिन्होंने वर्तमान जांच में भाग नहीं लिया है, उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारित की गई है।

<u>छ.3.3. पाटन मार्जिन का निर्धारण</u>

64. संबद्ध सामानों के सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत पर विचार करते हुए, संबद्ध देशों से संबद्ध सामनों के लिए पाटन मार्जिन निम्नानुसार निर्धारित करने का प्रस्ताव है:

क्र.सं.	विवरण	सामान्य मूल्य (यूएस डा./एमटी)	निर्यात कीमत (यूएस डा./एमटी)	पाटन मार्जिन (यूएस डा./एमटी)	पाटन मार्जिन (%)	पाटन मार्जिन (रेंज)
चीन जन.गण. के लिए						
1	सभी	***	***	***	***	30-40
जापान के लिए						
1	शिकोकू केमिकल्स कॉर्पोरेशन (उत्पादक), मित्सुबिशी कॉर्पोरेशन प्लास्टिक लिमिटेड (निर्यातक) और आईवीआईसीटी (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड (निर्यातक)	***	***	***	***	20-30

2	अन्य	***	***	***	***	35-45

65. जापान और चीन के उत्पादकों/निर्यातकों के लिए पाटन मार्जिन न्यूनतम से भी अधिक है।

ज. <u>क्षति और कारणात्मक संपर्क की जांच</u>

ज.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

66. संचयी मूल्यांकन, क्षति और कारणात्मक संपर्क के मुद्दे के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध II खंड (iii) में "और" शब्द की मौजूदगी के कारण, यह आवश्यक हो जाता है कि घरेलू उद्योग पर संबद्ध आयातों के प्रभाव के संचयी मूल्यांकन के निर्धारण को उचित ठहराने के लिए सभी तीनों घटक साथ-साथ रहें। यहां तक कि यदि उपरोक्त घटकों में से एक मौजूद न हो तो, प्राधिकारी को घरेलू उद्योग पर संबद्ध देशों से आयात के प्रभाव का संचयी रूप से मूल्यांकन नहीं करना चाहिए।

ख. जापान से आयात का चीन से आयात के साथ संचयी रूप से मूल्यांकन नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ये आयात चीनी आयात की तुलना में बहुत कम हैं, जापान से कीमतें चीनी कीमतों की तुलना में काफी अधिक हैं, जापान से कीमतें क्षति अवधि में बढ़ी हैं और कोविड के बाद मात्रा सामान्य गति से बढ़ी है, और जापान के लिए कीमत कटौती नकारात्मक है। अत: जापान से आयात के कारण याचिकाकर्ता को कोई वास्तविक क्षति नहीं हुई है।

ग. चीन की तुलना में जापान से आयात की मात्रा काफी कम रही है। तदनुसार, याचिकाकर्ता को हुई क्षति, यदि कोई हो, अन्य देशों, विशेषकर चीन से आयात में तेज वृद्धि के कारण हुई है।

घ. याचिकाकर्ता ने प्रत्येक संबद्ध देश के बाजार हिस्से के संबंध में आंकड़े नहीं दिए हैं, जो हितबद्ध पक्षकारों की सार्थक टिप्पणी करने की क्षमता को सीमित करता है।

ड. वित्तीय वर्ष 2022-23 और जांच की अवधि में जापान से विचाराधीन उत्पाद के कुल आयातों की तुलना में चीन से आयात की मात्रा में काफी वृद्धि हुई है।

च. याचिकाकर्ता के बाजार हिस्से में गिरावट, यदि कोई हो, चीन से आयात की उच्च मात्रा के कारण होनी चाहिए।

छ. याचिका में, घरेलू उद्योग ने स्वीकार किया है कि जांच की अवधि सहित क्षति जांच अवधि के अधिकांश समय के लिए कीमत कटौती नकारात्मक है।

ज. आधार वर्ष और जांच की अवधि में निर्यातक की कीमत कटौती एक समान है, जबकि याचिकाकर्ता आधार वर्ष में लाभदायक था, लेकिन जांच की अवधि के दौरान लाभ में पर्याप्त गिरावट आई। परिणामस्वरूप, निर्यातक का पहुंच मूल्य याचिकाकर्ता पर किसी नकारात्मक मूल्य प्रभाव के पीछे कारण नहीं है।

झ. जापान से आयात की कीमत में पूरी क्षति अवधि और जांच की अवधि के दौरान लगातार वृद्धि हुई है। घरेलू उद्योग को कथित कीमत में कोई कटौती चीन से विचाराधीन के आयात के कारण हुई है।

ञ. जापान के संबंध में, आयात कीमत आधार वर्ष में 109,860 रुपये प्रति एमटी से बढ़कर जांच की अवधि में 121,459 रुपये प्रति एमटी हो गई - कीमत में यह वृद्धि जांच की अवधि में 0% बीसीडी के बावजूद हुई है, जिससे यह पता चलता है कि जापान की सीआईएफ कीमतों में वृद्धि हुई है। इसी अवधि के दौरान, जापान से कीमत कटौती नकारात्मक रही है। अत:, घरेलू उद्योग जापान से आयात के कारण मूल्य दबाव का सामना नहीं कर सकता है, और कोई भी क्षति विचाराधीन उत्पाद की कीमतों में वैश्विक गिरावट जैसे अन्य पहलुओं के कारण हुई है।

ट. घरेलू उद्योग ने आरोप लगाया कि अपना बाजार हिस्सा बनाए रखने के लिए, वह उन कीमतों पर बेचने के लिए मजबूर था जो संबद्ध आयातों की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी थीं। तथापि, अघुलनशील सल्फर सहित रसायनों के लिए वैश्विक कीमत प्रवृत्तियां वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान नीचे जाती हुई दिखाई दी, जो कि भाड़ा और कच्ची सामग्री कीमतों में सुधार के कारण है, जैसा कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 की वार्षिक रिपोर्ट में भी कहा गया है।

ठ. घरेलू उद्योग की निर्यात बिक्री के कीमत पैटर्न और गैर-संबद्ध देशों से आयात की कीमतें, जहां कोई पाटन मौजूद नहीं है, वैश्विक बाजार में कम कीमतों की इस प्रवृत्ति को प्रमाणित करते हैं।

ड. इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग के सकारात्मक पीबीडीआईटी और नकद लाभ यह दर्शाते हैं कि घरेलू उद्योग को अपनी बिक्री पर हानियां नहीं हो रही हैं। घरेलू उद्योग ने

अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यह भी कहा कि वे वैश्विक अघुलनशील सल्फर उद्योग मंदी के दौरान भी लाभप्रद बने रहने में सक्षम थे।

ढ. घरेलू उद्योग वर्तमान में कुल बाजार मांग का एक बड़ा हिस्सा, विशेष रूप से 60%, जो कुल 24,000 एमटी वार्षिक मांग में से 14,400 एमटी के बराबर है, की पूर्ति कर रहा है।

ण. घरेलू उद्योग की उत्पादन क्षमता 17,500 एमटी है, जिसका अर्थ है कि घरेलू उद्योग अपनी कुल क्षमता के लगभग 83% पर प्रचालन कर रहा है। क्षमता उपयोग का यह उच्च स्तर स्पष्ट रूप से घरेलू उद्योग की बाजार की पूर्ति करने, अपने उत्पादन और दक्षता को प्रभावी ढंग से अधिकतम करने की क्षमता को प्रदर्शित करता है।

त. कथित पाटित किए गए आयातों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अर्थात् 1,890 एमटी एसएचटीएस ग्रेड से संबंधित है, जिसकी घरेलू उद्योग आपूर्ति नहीं कर रहा है। इन विशिष्ट आयातों की मात्रा को घरेलू उद्योग की बिक्री या बाजार हिस्से पर किसी भी प्रभाव से उचित रूप से नहीं जोड़ा जा सकता है, क्योंकि घरेलू उद्योग इस विशेष ग्रेड की आपूर्ति करने में सक्षम नहीं है।

थ. घरेलू उद्योग ने आधार वर्ष और जांच की अवधि के बीच एक निरंतर बाजार हिस्सेदारी बनाए रखी है, भले ही समग्र बाजार आकार में विस्तार हुआ हो।

द. कथित पाटित आयातों के परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को कोई मात्रात्मक क्षति नहीं हुई है। घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा स्थिर रहा है, इसकी उत्पादन क्षमता का कुशलतापूर्वक उपयोग किया जा रहा है, और एसएचटीएस ग्रेड (जिसकी घरेलू उद्योग आपूर्ति नहीं कर सकता) के आयात ने घरेलू उद्योग की प्रतिस्पर्धी स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डाला है।

ध. जांच की अवधि के दौरान 2,927 एमटी की आयात मात्रा मात्र 12% बाजार हिस्सेदारी के बराबर है, जबकि घरेलू उद्योग का 60% बाजार हिस्सा है। आयात की इतनी कम मात्रा घरेलू उद्योग की बिक्री पर कीमत न्यूनीकरण का दबाव डालने के लिए अपर्याप्त है।

न. यदि एसएचटीएस ग्रेड के आयात (1,890 एमटी) को छोड़ दिया जाए, जिसकी आपूर्ति के लिए घरेलू उद्योग को मंजूरी नहीं है (विशेष रूप से, एमआरएफ लिमिटेड के लिए), तो 1,037 एमटी की शेष आयात मात्रा कुल बाजार का केवल 4% है।

प. क्षमता, उत्पादन, बिक्री मात्रा, प्रति यूनिट बिक्री कीमत, मजदूरी, प्रति दिन उत्पादकता, नियोजित पूंजी आदि सहित आर्थिक मापदंडों ने आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में सकारात्मक प्रवृत्ति दिखाई है।

फ. यदि घरेलू उद्योग 55-65% क्षमता उपयोग पर काम कर रहा है, तो उसके लिए 60% बाजार हिस्सा हासिल करना संभव नहीं होगा, जैसा कि आवेदन-पत्र में दावा किया गया है। इस प्रकार, घरेलू उद्योग का 55-65% क्षमता उपयोग होने का दावा गलत और भ्रामक है।

ब. कम उपयोग की गई क्षमता के लिए एकमात्र उचित स्पष्टीकरण यह हो सकता है कि यह विचाराधीन उत्पाद के कुछ विशिष्ट ग्रेड का उत्पादन करने में असमर्थ है, जो भारतीय बाजार में मांग का एक बड़ा हिस्सा है।

भ. आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की उत्पादन मात्रा में 26% तक की वृद्धि हुई है। इस प्रकार, यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि घरेलू उद्योग के निष्पादन में इस तथ्य के बावजूद उत्पादन के संदर्भ में सुधार हुआ है कि उसे स्पष्ट रूप से पाटित आयातों से क्षति हो रही है।

म. घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री में आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि में 30% तक वृद्धि हुई है। बिक्री में वृद्धि भारत में बाजार की मांग में वृद्धि के अनुरूप है।

य. याचिकाकर्ता ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यह भी स्वीकार किया है कि वित्त वर्ष 2022-23 में बिक्री और मात्रा में वृद्धि हुई है, जिसमें कहा गया है कि, "कंपनी ने बिक्री राजस्व में 20% की वृद्धि के साथ एच 46,486 लाख की सूचना दी है। यह वृद्धि मुख्य रूप से बढ़ी हुई इनपुट लागतों को कवर करने के लिए बिक्री प्राप्तियों में वृद्धि के कारण हुई। कंपनी द्वारा सूचित राजस्व हमेशा सबसे अधिक था।"

कक. घरेलू उद्योग की शुद्ध अचल परिसंपत्ति और कार्यशील पूंजी आधार वर्ष में 100 सूचकांक की तुलना में जांच की अवधि में क्रमशः 172 सूचकांक और 183 सूचकांक तक बढ़ी है। उल्लेखनीय रूप से बढ़ती ब्याज लागत और स्थापित क्षमता में वृद्धि के साथ इसे पढ़ने से यह समझा जा सकता है कि घरेलू उद्योग को पूंजी जुटाने में किसी भी मुद्दे का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

खख. याचिकाकर्ता ने वास्तविक क्षति के खतरे का दावा करते हुए एक चीनी उत्पादक, चाइना सनशाइन के आंकड़ों और गतिविधियों पर भरोसा किया है। याचिका में इस बात का

कोई ठोस सबूत नहीं है कि जापानी उत्पादक याचिका में दावा किए गए समान खतरा पैदा करते हैं।

गग. यह सुनिर्धारित है कि यह साबित करने का भार आवेदकों पर है कि पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध II खंड (vii) के तहत गिनाए गए निर्धारित कारक मौजूद हैं। तथपि, याचिकाकर्ता विशेष रूप से जापान से वास्तविक क्षति के खतरे के संबंध में कोई सकारात्मक साक्ष्य देने में विफल रहे हैं।

घघ. भारतीय बाजार में मांग-आपूर्ति में भारी अंतर है तथा संबद्ध देशों से आयात में कोई भी वृद्धि अपेक्षित ग्रेडों की अनुपलब्धता के कारण है।

ड.ड. घरेलू उद्योग ने बार-बार आरोप लगाया है कि चीन ने विचाराधीन उत्पाद की अपनी संस्थापित क्षमताओं में वृद्धि की है; हालांकि, इसने यह दिखाने के लिए विश्वसनीय आंकड़े नहीं दिए हैं कि ये बढ़ी हुई क्षमताएं विशेष रूप से भारतीय बाजार को ध्यान में रखकर बनाई गई हैं।

चच. क्षति अवधि के दौरान आर्थिक गतिविधियां कोविड-19 महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुईं। इस अवधि में आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान देखा गया और कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि हुई, जैसा कि याचिकाकर्ता की वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 में भी कहा गया है।

छछ. निचले स्तर के उद्योग यानी टायर उद्योग ने क्षति अवधि के दौरान आर्थिक मंदी देखी, जैसा कि याचिकाकर्ता की वित्त वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट में भी उल्लेख किया गया है।

जज. इन आर्थिक दबावों के परिणामस्वरूप टायर उद्योग के भीतर उत्पादन में गिरावट, याचिकाकर्ता के सामने आने वाली क्षमता उपयोग चुनौतियों में योगदान देने करने वाला प्रमुख कारक है। परिणामस्वरूप, कथित क्षति को आयात के कारण नहीं माना जा सकता है। यह समग्र रूप से उद्योग को प्रभावित करने वाली व्यापक आर्थिक स्थितियों के कारण है।

झझ. निर्यातक का अनुरोध है कि याचिकाकर्ता की लाभप्रदता में किसी भी गिरावट का कारण विचाराधीन उत्पाद की ऊपरीय स्तर की मूल्य श्रृंखला में कीमत में उतार-चढ़ाव है, जैसा कि याचिकाकर्ता की 2021-22 की वार्षिक रिपोर्ट से भी समझा जा सकता है।

ञञ. क्षति अवधि के दौरान कच्चे तेल की कीमत में काफी उतार-चढ़ाव आया। आधार वर्ष 2020-21 की तुलना में जांच की अवधि के दौरान यह दोगुना हो गया, जिसका प्रभाव सल्फर की लागत पर पड़ा, क्योंकि यह विचाराधीन उत्पाद के विनिर्माण में प्राथमिक कच्चा माल है। इस प्रकार, क्षति अवधि के दौरान कच्चे माल की लागत में तेजी से वृद्धि हुई है।

टट. याचिकाकर्ता की निर्यात मात्रा काफी है और वित्त वर्ष 2022-23 में उनकी घरेलू बिक्री से अधिक है और याचिकाकर्ता की बिक्री में किसी भी कथित कमी का कारण उनकी निर्यात बिक्री बढ़ाने पर उनका ध्यान हो सकता है।

ठठ. याचिकाकर्ता द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, उन्होंने न केवल अपनी डीटीए यूनिट के साथ, बल्कि अपनी एसईजेड यूनिट में भी लाभप्रदता में क्रमिक गिरावट की है। तथापि, उन्होंने मौखिक सुनवाई में स्वीकार किया है कि उन्होंने अपनी एसईजेड इकाई की क्षमता को 17,500 एसटी तक बढ़ाया था।

डड. घरेलू उद्योग की वसूली पर प्रभाव मुख्य रूप से वैश्विक स्तर पर कम हुई कीमतों के कारण है।

ढढ. वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करने के समय घरेलू उद्योग की उत्पादन क्षमता 3,000 एमटी प्रति वर्ष थी। बाद में जांच की अवधि से पहले क्षमता बढ़कर 12,000 एमटी प्रति वर्ष हो गई और जांच की अवधि के दौरान इसमें और विस्तार कर 17,500 एमटी प्रति वर्ष कर दिया गया।

णण. घरेलू उद्योग अघुलनशील सल्फर की कुल भारतीय मांग को पूरा करने में असमर्थ है, जो 24,000 एमटी है। केवल 17,500 एमटी की उत्पादन क्षमता के साथ, घरेलू उद्योग को आपूर्ति में भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे अंतर को पाटने और घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आयात करना आवश्यक हो रहा है।

तत. याचिकाकर्ता के लाभ में गिरावट का कारण क्षति अवधि और जांच की अवधि में दर्ज की गई उनकी उच्च मूल्यह्रास और ब्याज लागत हो सकती है।

थथ. याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, उनकी मूल्यह्रास और ब्याज लागत में काफी वृद्धि हुई है, जिसे उनकी विस्तारित क्षमताओं से जोड़ा जा सकता है। इसने 2021 में अपनी क्षमताओं का विस्तार किया, जिसमें महत्वपूर्ण पूंजी निवेश शामिल है, जिससे बदले में उच्च मूल्यह्रास व्यय होते हैं, जैसा कि नए उपस्करों और सुविधाओं का मूल्य समय के साथ आबंटित किया जाता है। घरेलू उद्योग के एनआईपी और

क्षति दावों का आकलन करते समय उच्च मूल्यह्रास और ब्याज लागत को समायोजित किया जाना चाहिए।

दद. याचिकाकर्ता पर पड़ा दबाव क्षति नहीं दर्शाता बल्कि इसकी अपेक्षा उनके अपने प्रचालनातमक विकल्पों और विस्तार की संबद्ध लागतों का परिणाम है।

धध. यह मूल्य ह्रास और ब्याज लागत एससीसी जैसी सुस्थापित कंपनी के साथ तुलना करते समय नहीं दी जानी चाहिए क्योंकि यह 1984 से प्रचालन में है और उसने हाल ही में अपनी क्षमताओं का विस्तार नहीं किया है, जिसके परिणामस्वरूप मूल्यह्रास और ब्याज लागत काफी कम है। इस प्रकार, घरेलू उद्योग और एससीसी के बीच तुलना करना अनुचित है।

नन. याचिकाकर्ता ने वास्तविक क्षति के खतरे का दावा करते हुए एक चीनी उत्पादक, चाइना सनशाइन के आंकड़ों और क्रियाकलापों पर भरोसा किया है, याचिका में कोई पर्याप्त साक्ष्य यह दर्शाते हुए नहीं दिया गया है कि जापानी उत्पादक याचिका में दावा किए गए अनुसार समान खतरा पैदा करते हैं।

पप. यह सुनिर्धारित है कि यह साबित करने का भार आवेदकों पर है कि पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध II खंड (vii) के तहत निर्धारित कारक मौजूद हैं। तथापि, याचिकाकर्ता विशेष रूप से जापान से वास्तविक क्षति के खतरे के संबंध में कोई सकारात्मक साक्ष्य देने में विफल रहा है।

फफ. घरेलू उद्योग ने यह दर्शाने के लिए कोई साक्ष्य/आंकड़े नहीं दिए हैं कि जापान के पास अतिरिक्त क्षमताएं हैं अथवा उसकी सुस्थापित क्षमताएं भारतीय बाजार को लक्षित करने के इरादे से हैं।

बब. घरेलू उद्योग ने बार-बार आरोप लगाया है कि चीन ने विचाराधीन उत्पाद के लिए अपनी संस्थापित क्षमताए बढ़ाई हैं; तथापि, इसने यह दिखाने के लिए विश्वसनीय आंकड़े नहीं दिए हैं कि ये बढ़ाई गई क्षमताएं विशेष रूप से भारतीय बाजार को लक्षित हैं।

भभ. याचिकाकर्ता ने वित्त वर्ष 2022-23 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भी माना है कि चीन से विशेष रूप से खतरा है। यही बात एक तीसरे पक्षकार की रेटिंग एजेंसी यानि आईसीआरए की रिपोर्ट में भी कही गई है, जिसमें कहा गया है कि चीनी कम कीमत वाले अघुलनशील सल्फर ओसीसीएल के लिए खतरा हैं।

ज.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

67. संचयी मूल्यांकन, क्षति और कारणात्मक संपर्क के मुद्दे के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. क्षति के संचयी मूल्यांकन का प्रश्न सभी संबद्ध देशों से समान मात्रा प्रवृत्तियों पर निर्भर नहीं करता है। आईआईआर जांच में, प्राधिकारी ने संबद्ध देशों से आयात मात्राओं में अंतर की मौजूदगी के बाद भी, घरेलू उद्योग को हुई क्षति की जांच के लिए संचयी मूल्यांकन विश्लेषण किया।

ख. यह भी यूरोपीय आयोग - ब्राजील से मैलेबल कास्ट आयरन ट्यूब या पाइप फिटिंग पर पाटनरोधी शुल्क में डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय के निर्णय में सिद्ध है कि है कि संचयी विश्लेषण इस मान्यता पर आधारित है कि घरेलू उद्योग को समग्र रूप से पाटित आयातों के प्रभाव का सामना करना पड़ता है, भले ही उनकी व्यक्तिगत देश-विशिष्ट मात्रा कुछ भी हो। आयात मात्रा के देश-विशिष्ट विश्लेषण की आवश्यकता संचय की अवधारणा को कमजोर करेगी।

ग. वर्तमान मामले में, चीन जन. गण. और जापान के लिए पाटन मार्जिन 2% से अधिक है और चीन जन. गण. और जापान से आयात की मात्रा क्रमशः 32% और 9% है।

घ. प्रतिस्पर्धा की शर्तों के बारे में अंतिम अपेक्षा भी पूरी हो गई है क्योंकि आयातित उत्पादों के बीच प्रतिस्पर्धा की शर्तों और आयातित उत्पादों और समान घरेलू उत्पादों के बीच प्रतिस्पर्धा की शर्तों में कोई अंतर नहीं है।

ड. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने जापान से आयात के संचयन को उचित ठहराने के लिए कोई सकारात्मक सबूत नहीं दिया है।

च. प्रस्तावित क्षति अवधि के दौरान भारत में उत्पादन और खपत के संबंध में संबद्ध देशों से आयात में निरपेक्ष रूप से काफी वृद्धि हुई है और इससे घरेलू उद्योग को क्षति हुई है।

छ. संबद्ध देशों से आयात में वृद्धि की दर भारतीय मांग में वृद्धि की दर से बहुत अधिक है।

ज. यह तर्क कि घरेलू उद्योग को क्षति केवल चीनी आयातों से उत्पन्न होती है, स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि एससीसी द्वारा भारत को किए गए विचाराधीन उत्पाद

के निर्यात में आधार वर्ष में 100 सूचकांक से जांच की अवधि में 760 सूचकांक की वृद्धि हुई है।

झ. भारत में पर्याप्त क्षमता होने के बावजूद संबद्ध देशों का बाजार हिस्सा काफी बढ़ता रहा है।

ञ. भारत में विचाराधीन उत्पाद की काफी मांग के बावजूद घरेलू उद्योग की लगभग आधी क्षमताएं बेकार पड़ी हैं। घरेलू उद्योग अपनी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं कर पाया है और क्षति अवधि के दौरान केवल 55-65% की सीमा में काम कर रहा है।

ट. जांच की अवधि के दौरान, संबद्ध देशों के आयात में काफी वृद्धि हुई और यह 2,927 एमटी तक पहुंच गया। घरेलू उद्योग ने अतिरिक्त बाजार हिस्से के नुकसान को रोकने के लिए बढ़ते घाटे के बावजूद कीमतों को और कम कर दिया और आयात कीमतों से कम कीमत पर बेचा, जिसके परिणामस्वरूप नकारात्मक कीमत कटौती हुई।

ठ. घरेलू उद्योग को लगातार संबद्ध आयातों से भारी कीमत दबाव का सामना करना पड़ रहा था और अपने बाजार हिस्से को बनाए रखने के लिए उसे संबद्ध आयातों की तुलना में अधिक प्रतिस्पर्धी कीमत पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा। अत:, घरेलू उद्योग को अपने बिक्री कीमतों पर न्यूनीकरण प्रभाव का सामना करना पड़ा।

ड. याचिकाकर्ता के ग्राहक विचाराधीन उत्पाद की कीमतों पर आक्रामक रूप से बातचीत कर रहे हैं। याचिकाकर्ता के ग्राहक संबद्ध देशों के आपूर्तिकर्ताओं द्वारा दी गई कीमतों का हवाला दे रहे हैं और याचिकाकर्ता से पाटित आयातों के साथ कीमतों का मिलान करने के लिए कह रहे हैं। बाजार हिस्सेदारी बनाए रखने और अपने ग्राहकों से ऑर्डर सुरक्षित करने के लिए, याचिकाकर्ता को अपने उत्पाद को पाटित कीमतों से नीचे बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे प्रमुख कीमत न्यूनीकरणऔर नकारात्मक कीमत कटौती हो रही है।

ढ. संबद्ध देशों से पाटित कीमतों पर आयात में वृद्धि के कारण पिछले वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में आउटपुट, उत्पादन और बिक्री की मात्रा में कमी आई है। क्षति अवधि के दौरान क्षमता उपयोग में गिरावट आई है।

ण. ये आंकड़े घरेलू मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन क्षमता होने के बावजूद, आधार वर्ष में [***] से जांच की अवधि में [***] तक घरेलू उद्योग की बाजार हिस्से में कमी दर्शाते हैं।

त. इसके विपरीत, क्षति अवधि के दौरान संबद्ध देशों की बाजार हिस्से में वृद्धि हुई।

थ. याचिकाकर्ता का लाभ, नकद लाभ और निवेश पर आय क्षति अवधि के दौरान लगातार घट रही है और 2022-23 में घाटे में बदल गई है और जांच की अवधि में घाटा और बढ़ गया।

द. एटीएमए की इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग अपनी वार्षिक रिपोर्ट के आधार पर लाभ अर्जित करता है, वार्षिक रिपोर्ट में बताए गए लाभ घरेलू उद्योग की डीटीए यूनिट से विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन और बिक्री से विशिष्ट लाभ के बजाय समग्र रूप से कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन को दर्शाते हैं।

ध. याचिकाकर्ता की औसत मालसूची क्षति अवधि के दौरान लगातार बढ़ती रही है और जांच की अवधि में इसमें थोड़ी गिरावट आई है।

न. घरेलू उद्योग के सभी मात्रात्मक और कीमत मानदंड जांच की अवधि में नकारात्मक वृद्धि दर्शाते हैं, सिवाय औसत मालसूची के जिसमें जांच की अवधि में मामूली गिरावट आई है।

प. यद्यपि संबद्ध आयात गहन हो गए हैं, घरेलू उद्योग के घाटे और औसत मालसूची में और वृद्धि हुई है, और जांच की अवधि के बाद की अवधि में वृद्धि में कमी आई है।

फ. चीन में विचाराधीन उत्पाद के सबसे बड़े उत्पादक, चाइना सनसाइन केमिकल होल्डिंग्स लिमिटेड ("चाइना सनसाइन") की नवीनतम छमाही रिपोर्ट के अनुसार, यह अपने कुल उत्पादन का 40% वैश्विक बाजार में निर्यात करता है, जो यह प्रमाणित करता है कि चाइना सनसाइन का लक्ष्य अपने निर्यात की मात्रा को बढ़ाकर वैश्विक बाजार पर हावी होना है। इसमें यह भी कहा गया है कि यह वैश्विक टायर निर्माताओं के 75% की पूर्ति करता है।

ब. संबद्ध देशों के अन्य निर्माता भी इसी दिशा में विकास की कल्पना कर रहे हैं, जिसमें वे वैश्विक बाजार में हिस्सा हासिल करने के लिए एशियाई देशों, विशेष रूप से भारत में कम कीमतों पर उत्पादों को पाटित करेंगे।

भ. अन्य देशों को एससीसी का निर्यात स्थिर रहा है, जो आधार वर्ष में 100 सूचकांक से बढ़कर जांच की अवधि में केवल 116 सूचकांक पर आ गया है, जबकि अन्य देशों को निर्यात का मूल्य समान स्थिरता दर्शाता है जो 100 सूचकांक से बढ़कर 130 सूचकांक

हो गया था। यह उल्लेख करता है कि यह विशिष्ट रूप से भारत को निर्यात है जिससे सात गुणा से अधिक की असाधारण वृद्धि हुई है।

म. चीन के निर्यातकों के पास काफी अप्रयुक्त क्षमताएं हैं जिनका उपयोग पाटित कीमतों पर निर्यात बढ़ाकर किए जाने की संभावना है और वे अब भी और अधिक क्षमताएं बढ़ाने की योजनाएं बना रहे हैं।

य. चाइना सनसाइन ने हाल ही में दिसंबर 2021 में 30,000 एमटी की अतिरिक्त क्षमता स्थापित करके एक विस्तार परियोजना पूरी की है। इस विस्तार परियोजना का अगला चरण 2024 की पहली छमाही तक पूरा होने वाला है। अगले चरण में 2024 तक 30,000 मीट्रिक टन की अतिरिक्त क्षमता जुड़ जाएगी।

कक. संबद्ध देशों के निर्यातकों और उत्पादकों के पास काफी मात्रा में मालसूची है, जिसे भारत में पाटित किया जा सकता है। उत्पादकों/निर्यातकों द्वारा दायर उत्तरों से प्राधिकारी द्वारा इसका सत्यापन किया जा सकता है।

खख. प्रौद्योगिकी में परिवर्तन के कारण घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है।

गग. पाटित आयातों के प्रभाव और क्षति की सीमा का निर्धारण करते समय याचिकाकर्ता के निर्यात निष्पादन को ध्यान में नहीं रखा गया है। इसलिए, याचिका में दावा की गई क्षति को निर्यात निष्पादन के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

घघ. घरेलू उद्योग ने एटीएमए द्वारा वार्षिक रिपोर्ट के आंकड़ों के उपयोग पर विवाद किया, जिसमें कहा गया कि ये बाजार अवलोकन के लिए अनुमानित और प्रस्तावित मूल्य हैं। मांग के आंकड़े टायर और रबड़ उद्योग के लिए वैश्विक अघुलनशील सल्फर बाजार पर नॉच कंसल्टिंग इंक की रिपोर्ट "अघुलनशील सल्फर के लिए विश्व बाजार" से लिए गए हैं। ये अनुमान पाटनरोधी कार्यवाहियों में अपेक्षित सत्यापित आंकड़ों से भिन्न हैं।

ङ.ङ. एटीएमए की बिक्री गणना के संबंध में, उद्योग का कहना है कि अनुमानित बाजार आंकड़ों से वास्तविक बिक्री मात्रा प्राप्त करना पाटनरोधी जांच के लिए अविश्वसनीय निष्कर्ष बनाता है। घरेलू उद्योग के पास दो विनिर्माण संयंत्र हैं- एक घरेलू टैरिफ क्षेत्र (डीटीए) में और दूसरा विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में है। डीटीए यूनिट प्रचालन दक्षताओं के माध्यम से उत्पादन क्षमता बनाए रखती है। एसईजेड इकाई, हालांकि निर्यात के लिए है, लेकिन इसमें वह क्षमता भी है जिसका उपयोग जरूरत पड़ने पर घरेलू मांग को पूरा करने के लिए किया जा सकता है। यह सेटअप बाजार की आवश्यकता

के लचीलेपन और किसी भी मांग-आपूर्ति अंतर के मामले में पर्याप्त आपूर्ति की अनुमति देता है।

चच. ग्राहकों की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और क्षमता विस्तार और प्रौद्योगिकी में निवेश करने में निष्पादन भारतीय बाजार के लिए घरेलू उद्योग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मांग-आपूर्ति का अंतर पाटन को उचित नहीं ठहराता है, क्योंकि विदेशी उत्पादक अपाटित कीमतों के माध्यम से भारतीय मांग को पूरा कर सकते हैं। यह स्थिति चीन जन.गण. से एनिलिन पाटनरोधी जांच में निष्कर्षों से समर्थन लेती है।

ज.3. प्राधिकारी द्वारा जांच

68. पाटनरोधी नियमावली, 1995 के अनुबंध-II के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम 11 में यह प्रावधान है कि क्षति के निर्धारण में पाटित आयातों की मात्रा, *".....समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर इस प्रकार के आयातों का परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत तथ्यों पर विचार करते हुए..."* घरेलू उद्योग को क्षति दर्शाने वाले कारकों की जांच शामिल होगी। इसके अतिरिक्त कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, इस बात की जांच करना आवश्यक माना गया है कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा कीमत में बहुत अधिक कटौती हुई है अथवा क्या इन आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों का काफी मात्रा में ह्रास करना अथवा कीमत में वृद्धि रोकना है जो अन्यथा बहुत अधिक मात्रा में हुई होती। भारत में घरेलू उद्योगों पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए, इन तत्वों, जिनका उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता हो जैसे उत्पादन, क्षमता का उपयोग, बिक्री की मात्रा, मालसूची, लाभप्रदता, निवल बिक्री वसूली, पाटन आदि की मात्रा और मार्जिन पर नियमावली के अनुबंध-II के अनुसार विचार किया गया है।

69. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग को क्षति के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों के तर्कों और प्रति-तर्कों की जांच की है। प्राधिकारी द्वारा किए गए क्षति विश्लेषण में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों को नीचे हल किया गया है।

70. जहां तक घरेलू उद्योग द्वारा दिए गए विवरणों और आंकड़ों के आधार पर अन्य हितबद्ध पक्षकारों के विभिन्न तर्कों का संबंध है, यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी के जांच परिणाम सत्यापित आंकड़ों पर आधारित हैं।

71. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध के संबंध में कि कथित पाटित आयातों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा एसएचटीएस ग्रेड से संबंधित है, जिसे घरेलू उद्योग आपूर्ति नहीं कर सकता है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने यह अच्छी तरह से स्थापित कर दिया है कि वे भारत और

वैश्विक बाजार में अन्य ग्राहकों को एसएचटीएस के समकक्ष ग्रेड की आपूर्ति कर रहे हैं। अपने दावे के समर्थन में, घरेलू उद्योग ने बीजक प्रदान किए हैं।

72. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के इस अनुरोध के संबंध में कि देश में विचाराधीन उत्पाद के लिए मांग-आपूर्ति का अंतर मौजूद है और इस अंतर को पाटने और घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आयात आवश्यक है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग अपनी डीटीए यूनिट से विचाराधीन उत्पाद की अधिकांश मांग को पूरा करने में सक्षम है। इसके अतिरिक्त, यह नोट किया जाता है कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से केवल घरेलू उद्योग को उचित व्यापारिक क्षेत्र सुनिश्चित होगा। इससे भारत में आयात बंद नहीं होंगे। मांग-आपूर्ति का अंतर पाटन के लिए कोई औचित्य नहीं है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से आयात पर प्रतिबंध नहीं लगता है, बल्कि यह सुनिश्चित होता है कि आयात पाटित कीमतों पर न हो।

73. उच्च ब्याज और मूल्यह्रास लागत के दावे के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा किए गए विस्तार के कारण मूल्यह्रास और ब्याज लागत में वृद्धि देखी गई है। यह भी नोट किया गया है कि विस्तार के मामले में मूल्यह्रास और ब्याज लागत में वृद्धि एक सामान्य घटना है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि यदि मूल्यह्रास और ब्याज लागत पर विचार नहीं किया जाता है, तो भी पीबीडीआईटी में गिरावट की प्रवृत्ति दिखाई देती है। नीचे दी गई तालिका इसे दर्शाती है:

विवरण	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
पीबीडीआईटी	लाख रु.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	90	104	64

74. इस दावे के संबंध में कि घरेलू उद्योग के एनआईपी और क्षति दावों का आकलन करते समय उच्च मूल्यह्रास और ब्याज लागतों को समायोजित किया जाना चाहिए, यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी एनआईपी की गणना पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-III के अनुसार करते हैं और वर्तमान मामले में भी उसी का पालन किया गया है।

75. जहां तक अन्य हितबद्ध पक्षकारों के इस दावे का संबंध है कि विचाराधीन उत्पाद की कीमतों में गिरावट कच्चे माल की कीमतों में गिरावट और वैश्विक बाजार में विचाराधीन उत्पाद की कीमतों में गिरावट के कारण हुई है, न कि पाटित आयातों के कारण, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की विचाराधीन की कीमतों में गिरावट जांच की अवधि के दौरान प्रमुख कच्चे माल सल्फर की कीमतों में गिरावट से अधिक थी। नीचे दी गई तालिका इसे दर्शाती है:

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	2022-23	जांच की अवधि
1	सल्फर की कीमतें	रु./एमटी	***	***
2	खपत कारक	रु./एमटी	***	***
3	सल्फर की लागत	रु./एमटी	***	***
4	घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***
5	संबद्ध देशों से पहुंच कीमत	रु./एमटी	1,36,864	1,15,340
6	कीमत में गिरावट			
क	सल्फर की कीमत	रु./एमटी		***
ख	सल्फर की लागत	रु./एमटी		***
ग	घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत	रु./एमटी		***
घ	संबद्ध देशों से पहुंच कीमत	रु./एमटी		(21,524)

76. ये आंकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत में गिरावट सल्फर की कीमतों में गिरावट से अधिक है। इसके अतिरिक्त, आयात की पहुंच कीमत में गिरावट कच्चे माल की कीमतों में गिरावट से अधिक है, जिससे घरेलू उद्योग को अलाभकारी कीमतों पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

77. जहां तक इस अनुरोध का संबंध है कि घरेलू उद्योग की अपनी वार्षिक रिपोर्टों के विवरण वैश्विक बाजार चुनौतियों के बीच भी लाभप्रदता बनाए रखने की इसकी क्षमता की दृढ़ता से पुष्टि करते हैं, जो कीमत न्यूनीकरण के किसी भी दावे को और कमजोर करते हैं, प्राधिकारी नोट करते हैं कि किसी भी याचिकाकर्ता कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में बताई गई लाभप्रदता की तुलना विचाराधीन उत्पाद व्यापार से लाभप्रदता के साथ नहीं की जा सकती है, विशेष रूप से यदि याचिकाकर्ता कंपनी एक से अधिक उत्पादों के विनिर्माण और बिक्री में शामिल है और तब और भी अधिक जब याचिकाकर्ता कंपनी की एसईजेड में यूनिट है और वह विचाराधीन उत्पाद का काफी निर्यात कर रहा है। वर्तमान जांच में, घरेलू उद्योग विचाराधीन उत्पाद और सल्फ्यूरिक एसिड के विनिर्माण और बिक्री में शामिल है। विचाराधीन उत्पाद के मामले में भी, घरेलू उद्योग की दो यूनिटें हैं और उनमें से एक एसईजेड है जो मुख्य रूप से निर्यात में शामिल है। अत:, वार्षिक रिपोर्ट में सूचित घरेलू उद्योग की लाभप्रदता की तुलना, पाटनरोधी प्रारूपों में सूचित घरेलू बाजार के लिए विचाराधीन उत्पाद व्यापार से लाभप्रदता के साथ करने से भ्रामक विश्लेषण होगा।

78. जहां तक इस अनुरोध का संबंध है कि निचले स्तर के उद्योग अर्थात् टायर उद्योग ने क्षति अवधि के दौरान आर्थिक मंदी देखी, प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकॉर्ड पर मौजूद आंकड़े दर्शाते हैं कि विचाराधीन उत्पाद की मांग क्षति अवधि के दौरान बढ़ी है।

79. प्राधिकारी नोट करते हैं कि रिकॉर्ड पर मौजूद आंकड़ों की जांच करने के बाद, डीटीए इकाई से घरेलू उद्योग की निर्यात बिक्री में क्षति अवधि के दौरान गिरावट आई है और घरेलू बिक्री की मात्रा में कमी को घरेलू उद्योग की निर्यात बिक्री बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करने के कारण नहीं माना जा सकता है।

80. जहां तक इस बात का संबंध है कि घरेलू उद्योग ने न केवल अपनी डीटीए यूनिट में, बल्कि अपनी एसईजेड यूनिट में भी लाभप्रदता में क्रमिक गिरावट की है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि डीटीए यूनिट के संबंध में घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में क्षति अवधि के दौरान गिरावट देखी गई है। यहां तक कि आधार वर्ष में डीटीए इकाई में घरेलू उद्योग का लाभ भी जांच अवधि में घाटे में बदल गया। दूसरी ओर, घरेलू उद्योग की एसईजेड यूनिट की लाभप्रदता 2021-22 और 2022-23 की तुलना में जांच अवधि में सुधार दर्शाती है।

<u>ज.3.1 क्षति का संचयी मूल्यांकन</u>

81. डब्ल्यूटीओ करार के अनुच्छेद 3 और नियमावली के अनुबंध-II के पैरा (iii) में यह प्रावधान है कि यदि जहां एक से अधिक देश से उत्पाद के आयात पाटनरोधी जांचों के अध्यधीन साथ-साथ रखे जा रहे हों, वहां प्राधिकारी ऐसे आयातों के प्रभाव का मूल्यांकन संचयी रूप से करेंगे, यदि वह निर्धारित करता है किः

    क. प्रत्येक देश से आयातों के संबंध में सिद्ध पाटन मार्जिन 2 प्रतिशत से अधिक निर्यात की प्रतिशतता के रूप में व्यक्त है और प्रत्येक देश से आयात की मात्रा समान वस्तु के आयात के 3 प्रतिशत (अथवा अधिक) है अथवा जहां अलग-अलग देशों का निर्यात 3 प्रतिशत से कम है, आयात सार्वजनिक रूप से समान वस्तु के आयात के 7 प्रतिशत से अधिक के लिए होता है, और

    ख. आयातों के प्रभाव का संचयी मूल्यांकन आयातित वस्तु और समान घरेलू वस्तु के बीच प्रतिस्पर्द्धा की स्थितियों के आलोक में उपयुक्त है।

82. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने संबद्ध देशों से पाटित आयातों के संचयी मूल्यांकन के संबंध में प्राधिकारी के समक्ष निम्नलिखित मुद्दे उठाए हैं:

    क. क्या संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों के आयात की मात्रा और आयात कीमत मे अंतर को देखते हुए संचयी मूल्यांकन उपयुक्त है?

    ख. क्या संबद्ध देशों से संबद्ध आयातों के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थितियों में अंतर को देखते हुए संचयी मूल्यांकन उपयुक्त है?

<u>संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों के आयात की मात्रा और आयात कीमतों में अंतर</u>

83. एससीसी ने तर्क दिया है कि संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों के मात्रा और मूल्य में अंतर को देखते हुए, प्राधिकारी को जापान से पाटित आयातों के साथ-साथ चीन से पाटित आयातों के प्रभाव की संचयी रूप से जांच नहीं करनी चाहिए। यह भी अनुरोध किया गया है कि जापान से आयात की मात्रा चीनी आयातों की तुलना में बहुत कम है और जापान से कीमतें चीनी आयात मूल्यों की तुलना में काफी अधिक हैं। यह भी तर्क दिया गया है कि जापान से कीमत कटौती नकारात्मक है और आवेदन के अनुसार चीन से नकारात्मक कीमत कटौती से अधिक है और इसलिए संचयी विश्लेषण की आवश्यकता नहीं है।

84. इस संबंध में, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि क्षति के संचयी मूल्यांकन का प्रश्न सभी संबद्ध देशों से समान मात्रा प्रवृत्तियों पर निर्भर नहीं करता है। घरेलू उद्योग ने आइसोब्यूटिलीन-आइसोप्रीन रबड़ (आईआईआर) के आयात के संबंध में पाटनरोधी जांच में जारी अंतिम जांच परिणाम और ईसी -ब्राजील से मैलेबल कास्ट आयरन ट्यूब या पाइप फिटिंग पर पाटनरोधी शुल्क (डब्ल्यूटी/डीएस219/एबी/आर) में डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय के फैसले पर भरोसा किया है, जिसमें कहा गया है कि संचयी विश्लेषण इस मान्यता पर आधारित है कि घरेलू उद्योग को पाटित आयातों के प्रभाव का सामना करना पड़ता है, भले ही उनकी व्यक्तिगत देश-विशिष्ट विश्लेषण मात्रा कुछ भी हो। आयात मात्रा के देश-विशिष्ट विश्लेषण की आवश्यकता संचय की मूल अवधारणा को कमजोर करेगी।

85. प्राधिकारी नोट करते हैं कि न तो पाटनरोधी नियमावली, 1995 के अनुबंध II के पैरा (iii) में और पाटनरोधी डब्ल्यूटीओ करार, 1994 के अनुच्छेद 3.3 में, संबद्ध आयातों के संचयी विश्लेषण को अस्वीकार करने के लिए संबद्ध आयातों की कीमत में अंतर को एक कारक के रूप में निर्धारित किया गया है। यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों की मात्रा और पाटन मार्जिन न्यूनतम आवश्यकता से अधिक है। इस प्रकार, पाटनरोधी नियमावली, 1995 के तहत निर्दिष्ट संचयी विश्लेषण की अपेक्षा का पहला भाग पूरा हो जाता है।

<u>संबद्ध देशों से संबद्ध आयातों के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थितियों में अंतर</u>

86. एससीसी ने तर्क दिया है कि कीमतों में काफी कीमत अंतर है और चीन और जापान से कीमत कटौती है, ये अंतर इस बात को रेखांकित करते हैं कि जापान और चीन से आयातों के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थितियां तुलनीय नहीं हैं। परिणामस्वरूप, पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध II के तहत संचयी मूल्यांकन के लिए आवश्यक "प्रतिस्पर्धा की स्थितियों" का घटक पूर्ण नहीं है।

87. इस संबंध में, घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि आयातित उत्पादों के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थितियों और आयातित उत्पादों और समान घरेलू उत्पादों के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थितियों में कोई अंतर नहीं है। इसके अलावा, निर्यातकों ने जापान से आयात के संचयन को उचित ठहराने के लिए कोई सकारात्मक साक्ष्य नहीं दिया है।

88. इस संबंध में, प्राधिकारी ने ऊपर बताए गए मापदंडों की जांच की है और निम्नलिखित निष्कर्ष प्रस्तावित किए हैं:

क. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देशों से आयातित संबद्ध सामान एक दूसरे की 'समान वस्तु' हैं। इसके अतिरिक्त, उपयोगकर्ता उद्योग ने एक या अधिक संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों का आयात किया है।

ख. यह नोट किया जाता है कि रिकार्ड में उपलब्ध सामग्री पर विचार करते हुए, प्राधिकारी यह स्वीकार करने में असमर्थ हैं कि संबद्ध देशों से आयातित संबद्ध वस्तुएँ और घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तुएँ ऊपर उल्लिखित कारणों से एक दूसरे के समान वस्तु नहीं हैं और इसलिए, वे परस्पर विनिमय योग्य नहीं हैं।

ग. नीचे दी गई तालिका क्षति अवधि के दौरान संबद्ध देशों से आयात की मात्रा दर्शाती है।

विवरण	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
चीन	एमटी	277	494	1,660	2,175
जापान	एमटी	144	480	672	688

घ. यह देखा जाता है कि अलग-अलग संबद्ध देशों से आयात की मात्रा एक-दूसरे के अनुरूप बढ़ी है। क्षति अवधि में संबद्ध देशों से आयात की मात्रा में वृद्धि हुई है, जो विभिन्न स्रोतों से आयात के बीच प्रतिस्पर्धा की मात्रा को दर्शाता है।

ङ. यह भी नोट किया जाता है कि उपभोक्ता घरेलू सामग्री और आयातित सामग्री का परस्पर परिवर्तनीय रूप से उपयोग कर रहे हैं और निर्यातक और घरेलू उद्योग ने एक ही उत्पाद को ग्राहकों के एक ही समूह को बेचा है।

च. आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों की कीमत में वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, तत्काल पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में, जांच की अवधि में दोनों संबद्ध देशों से आयात कीमत में गिरावट आई है।

89. उपर्युक्त के मद्देनजर, पाटनरोधी नियमावली, 1995 के तहत निर्दिष्ट संचयी विश्लेषण आवश्यकता का दूसरा भाग पूरा हो जाता है।

90. अत:, प्राधिकारी घरेलू उद्योग के आर्थिक और वित्तीय मापदंडों पर संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों के प्रभाव का संचयी रूप से आकलन करने का प्रस्ताव करते हैं।

ज.3.2. <u>पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव</u>

क) <u>मांग /स्पष्ट खपत का मूल्यांकन</u>

91. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों में कोई उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, चाहे वह पूर्ण मात्रा मे हों अथवा भारत में उत्पादन या खपत के संबंध में हो। क्षति विश्लेषण के उद्देश्य से, प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम से प्राप्त किए गए लेन-देन-वार आयात आंकड़ों पर भरोसा किया है। इस प्रकार परिकलित मांग/स्पष्ट खपत निम्नलिखित है:

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि
संबद्ध देशों से आयात	एमटी	421	974	2,332	2,863
चीन	एमटी	277	494	1,660	2,175
जापान	एमटी	144	480	672	688
अन्य देशों से आयात	एमटी	3,934	4,441	4,198	4,432
कुल आयात	एमटी	4,355	5,415	6,530	7,295
घरेलू उद्योग की बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	118	131	130
एसईजेड संयंत्र से आयात	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	95	78	68
अन्य घरेलू उत्पादकों की बिक्री	एमटी	-	-	-	-
कुल मांग/खपत	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	117	131	135

92. यह देखा जाता है कि विचाराधीन उत्पाद की मांग क्षति अवधि में वृद्धि दर्शाती है। घरेलू उद्योग की बिक्री 2022-23 तक बढ़ी है और जांच अवधि में थोड़ी गिरावट आई है। तथापि, घरेलू उद्योग

की बिक्री मांग में वृद्धि के अनुरूप नहीं बढ़ी है। क्षति अवधि के दौरान, घरेलू उद्योग के पास बेकार क्षमताएं होने के बावजूद, पाटित आयातों द्वारा महत्वपूर्ण मांग को पूरा किया गया है।

ख) भारत में उत्पादन और खपत के सापेक्ष संबद्ध देशों से आयात की मात्रा

93. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों में पूर्ण दृष्टि से या भारत में उत्पादन या खपत के संबंध में, काफी वृद्धि हुई है। क्षति जांच अवधि के दौरान संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के आयात की मात्रा और संबद्ध आयातों का हिस्सा निम्नलिखित है:

विवरण	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
संबद्ध देशों से आयात	एमटी	421	974	2,332	2,863
चीन	एमटी	277	494	1,660	2,175
जापान	एमटी	144	480	672	688
अन्य देशों से आयात	एमटी	3,934	4,441	4,198	4,432
कुल आयात	एमटी	4,355	5,415	6,530	7,295
उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*112*	*137*	*126*
मांग/खपत	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*117*	*131*	*135*
निम्नलिखित के संबंध में संबद्ध आयात:					
कुल आयात	%	10%	18%	36%	39%
उत्पादन	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*206*	*403*	*540*
मांग/खपत	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*197*	*423*	*504*

94. यह देखा जाता है कि संबद्ध देशों से आयात की मात्रा आधार वर्ष में 10% से बढ़कर जांच की अवधि में 39% हो गई है। संबद्ध देशों से आयात भी भारतीय उत्पादन और खपत के संबंध में क्षति अवधि में बढ़ गया है।

ज.3.3. पाटित आयातों का कीमत प्रभाव

95. नियमावली के अनुबंध II (ii) के अनुसार, कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करना अपेक्षित है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में पाटित आयातों से काफी कीमत कटौती है, या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों को काफी मात्रा तक कम करना है या मूल्य वृद्धि को रोकना है, जो अन्यथा काफी मात्रा तक हुई होती।

क) कीमत कटौती

96. जांच अवधि के लिए आयातों की पहुंच कीमत के साथ घरेलू उद्योग की निवल बिक्री वसूली की तुलना करके कीमत कटौती का निर्धारण किया गया है।

97. यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग कीमत दबाव के कारण आयातों की पहुंच कीमत से कम कीमत पर बिक्री कर रहा है और परिणामस्वरूप समग्र रूप से संबद्ध देशों के लिए कीमत कटौती नकारात्मक है।

क्र.सं.	विवरण	यूओएम	जांच की अवधि
1	निवल बिक्री कीमत	रु./एमटी	***
2	**संबद्ध देश समग्र रूप में**		
i	पहुंच कीमत	रु./एमटी	1,15,340
ii	कीमत कटौती	रु./एमटी	(***)
iii	कीमत कटौती	%	(0-10%)
3	**चीन जन.गण.**		
i	पहुंच कीमत	रु./एमटी	1,16,324
ii	कीमत कटौती	रु./एमटी	(***)
iii	कीमत कटौती	%	(0-10%)
4	**जापान**		
i	पहुंच कीमत	रु./एमटी	1,12,228
ii	कीमत कटौती	रु./एमटी	***
iii	कीमत कटौती	%	0-10%

ख) <u>कीमत ह्रास/न्यूनीकरण</u>

98. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या आयातों का प्रभाव कीमतों को माफी मात्रा तक कम करना है या मूल्य वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा हुई होती, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग की बिक्री लागत और बिक्री कीमत की तुलना संबद्ध सामानों की पहुंच कीमत से की है।

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि
बिक्री लागत	रु./एमटी	***	***	***	***
बिक्री कीमत	रु./एमटी	***	***	***	***
पहुंच कीमत	रु./एमटी	99,102	1,20,813	1,36,864	1,15,340
वृद्धि/(कमी)					
बिक्री लागत	रु./एमटी		***	***	***
बिक्री कीमत	रु./एमटी		***	***	***
पहुंच कीमत	रु./एमटी		21,711	16,052	-21,524

99. यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में जांच अवधि में *** रुपये प्रति एमटी की गिरावट आई है और बिक्री मूल्य में *** रुपये प्रति एमटी की गिरावट आई है। पहुंच कीमत में गिरावट 21,524 रुपये प्रति एमटी है और इससे घरेलू उद्योग की कीमतों में काफी गिरावट आई है।

ज.3.4 घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंड

100. नियमावली के अनुबंध-II में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में उन उत्पादों के घरेलू उत्पादकों पर पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव की वस्तुपरक जांच शामिल होगी। उन उत्पादों के घरेलू उत्पादकों के पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव के संबंध में नियमावली में यह भी प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक और संभावित गिरावट; वे कारक जो घरेलू कीमतों पर प्रभाव डालते हों, नकदी प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता सहित उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले सभी संगत आर्थिक कारकों और घटकों का वस्तुपरक एवं निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा। घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति मानदंडों पर यहां नीचे चर्चा की गई है।

क) <u>उत्पादन, क्षमता, क्षमता उपयोग और बिक्री मात्रा</u>

101. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की क्षमता, उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग निम्नानुसार थे:

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि
क्षमता	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	114	150	150
उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	112	137	126
क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	99	92	84
घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	118	131	130

102. यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग ने अपनी क्षमता का विस्तार किया है जो 21 दिसंबर से प्रचालनात्मक था। यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग के विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन और बिक्री में 2022-23 तक वृद्धि हुई और देश में मांग बावजूद जांच अवधि में गिरावट आई।

ख) <u>बाजार हिस्सा</u>

103. घरेलू उद्योग का और आयातों का बाजार हिस्सा नीचे दी गई तालिका में दर्शाया गया है:

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि
घरेलू उद्योग का हिस्सा	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	100	97
एसईजेड से आयात हिस्सा	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति		100	81	60	50
अन्य भारतीय उत्पादकों का हिस्सा	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-	-	-	-
संबद्ध देशों का हिस्सा	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	197	423	504

अन्य देशों का हिस्सा	%	***	***	***	***
प्रवृति	सूचीबद्ध	100	96	81	84

104. यह देखा जाता है कि देश में घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त क्षमता होने के बावजूद घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में जांच अवधि में गिरावट आई है।

105. इसके अतिरिक्त, यह भी स्पष्ट है कि अन्य देशों से आयातों की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट की प्रवृत्ति रही है, जबकि केवल संबद्ध देशों की बाजार हिस्सेदारी ही है जो पूरी क्षति अवधि के दौरान लगातार बढ़ रही है।

ग) <u>मालसूची</u>

106. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची की स्थिति नीचे तालिका में दी गई है:

विवरण	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
आरंभिक	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*119*	*108*	*158*
अंतिम	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*91*	*143*	*96*
औसत	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	*सूचीबद्ध*	*100*	*104*	*127*	*124*

107. यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग की मालसूची में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है, जबकि जांच अवधि में इसमें मामूली गिरावट आई है।

घ) <u>लाभप्रदता, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय</u>

108. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लाभप्रदता, निवेश पर आय और नकद लाभ नीचे तालिका में दिए गए हैं:

विवरण	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
कर पूर्व लाभ (पीबीटी)	लाख रु.	***	***	***	(***)
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	40	-	(65)

ब्याज और कर पूर्व लाभ (पीबीआईटी)	लाख रु.	***	***	***	(***)
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	60	56	(6)
नकद लाभ	लाख रु.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	78	69	29
निवेश पर आय	%	***	***	***	(***)
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	35	32	(3)

109. यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग का लाभ, नकद लाभ और निवेश पर आय क्षति अवधि के दौरान लगातार घट रही है। वस्तुत:, घरेलू उद्योग को 2022-23 में घाटा उठाना शुरू हो गया और जांच की अवधि में घाटा तेजी से बढ़ा।

ड.) <u>रोजगार, उत्पादकता और मजदूरी</u>

110. प्राधिकारी ने रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता से संबंधित सूचना की जांच की है, जो कि नीचे दी गई है।

विवरण	**यूनिट**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**जांच की अवधि**
उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	112	137	126
कर्मचारी	संख्या	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	97	100	98
प्रति कर्मचारी उत्पादकता	एमटी/सं.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	116	137	128
वेतन एवं मजदूरी	लाख रु.	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	105	114	120

111. यह देखा जाता है कि क्षति अवधि के दौरान कर्मचारियों की संख्या कमोबेश एक समान रही। घरेलू उद्योग के वेतन और मजदूरी में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। प्रति कर्मचारी उत्पादकता में लगातार सुधार दिखाई देता है, तथापि कम उत्पादन स्तरों के कारण जांच अवधि में इसमें मामूली गिरावट आई है।

च) <u>वृद्धि</u>

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	जांच की अवधि
उत्पादन (एमटी)	वर्ष/वर्ष		***	***	(***)
घरेलू बिक्री (एमटी)	वर्ष/वर्ष		***	***	(***)
पीबीटी (लाख रु.)	वर्ष/वर्ष		(***)	(***)	(***)
मालसूची (एमटी)	वर्ष/वर्ष		***	***	(***)
बाजार हिस्सा (%)	वर्ष/वर्ष		***	(***)	(***)
नकद लाभ (लाख रु.)	वर्ष/वर्ष		(***)	(***)	(***)
निवेश पर आय (%)	वर्ष/वर्ष		(***)	(***)	(***)

112. यह देखा जाता है कि घरेलू उद्योग के मात्रात्मक मानदंड औसत मालसूची को छोड़कर जांच अवधि में नकारात्मक वृद्धि दर्शाते हैं, जिसमें जांच की अवधि में नगण्य गिरावट आई है। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग के सभी कीमत मानदंड क्षति अवधि और जांच अवधि में नकारात्मक वृद्धि दर्शाते हैं। घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा भी नकारात्मक वृद्धि दर्शाता है।

छ) <u>पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर प्रभाव</u>

113. प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि घरेलू उद्योग ने भारत में विचाराधीन उत्पाद की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी क्षमताएं बढ़ाने के लिए नए निवेश किए हैं, फिर भी घरेलू उद्योग अपनी क्षमताओं का उपयोग करने में असमर्थ रहा है और पाटित आयातों के कारण घाटे का सामना कर रहा है।

ज) <u>कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक</u>

114. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच अवधि के दौरान आयात की मात्रा काफी अधिक थी और ऐसे आयात घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत से काफी कम कीमतों पर थे। घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत संबद्ध आयातों से गंभीर रूप से प्रभावित हुई है।

झ. <u>पाटन की मात्रा</u>

115. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देशों से पाटन मार्जिन काफी है तथा संबद्ध सामानों के आक्रामक कीमत निर्धारण को दर्शाता है।

ञ. <u>गैर-आरोपण विश्लेषण</u>

116. घरेलू उद्योग की कीमतों पर पाटित आयातों की क्षति, मात्रा तथा कीमत प्रभावों की मौजूदगी की जांच करने पर, प्राधिकारी ने यह जांच की है कि क्या घरेलू उद्योग को क्षति, नियमावली के तहत सूचीबद्ध किए गए अनुसार पाटित आयातों को छोड़कर किसी अन्य कारक से हो सकती है।

क) <u>तीसरे देशों से आयात की मात्रा तथा मूल्य</u>

117. यह नोट किया जाता है कि संबद्ध देशों से आयात भारत में कुल आयात का 39% है। मलेशिया तथा यूएसए से आयात काफी हैं और भारत में कुल आयातों का लगभग 61% है। मलेशिया तथा यूएसए से आयात संबद्ध देशों की तुलना में बहुत अधिक कीमतों पर हैं। अत:, अन्य देशों से आयात घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति का कारण नहीं हो सकता है।

ख) <u>मांग में संकुचन</u>

118. विचाराधीन उत्पाद की मांग क्षति अवधि में लगातार बढ़ी है। घरेलू उद्योग को मांग में संभावित संकुचन के कारण क्षति नहीं हुई है।

ग) <u>खपत का पैटर्न</u>

119. यह नोट जाता है कि विचाराधीन उत्पाद की खपत के पैटर्न में कोई वास्तविक परिवर्तन नहीं हुआ है, जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती हो।

घ) <u>प्रतिस्पर्धा की स्थितियां और व्यापार प्रतिबंधात्मक परिपाटियां</u>

120. प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्रतिस्पर्धा की स्थितियों या व्यापार प्रतिबंधात्मक परिपाटियों का कोई साक्ष्य नहीं है जो घरेलू उद्योग को दावा की गई क्षति के लिए जिम्मेदार हैं।

ड) <u>प्रौद्योगिकी में विकास</u>

121. संबद्ध सामानों के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। घरेलू उद्योग ने संबद्ध सामानों के उत्पादन के लिए अपनी क्षमताओं का विस्तार भी किया है।

च) <u>उत्पादकता</u>

122. प्राधिकारी नोट करते हैं कि उत्पादन में गिरावट के कारण जांच अवधि में घरेलू उद्योग की उत्पादकता में मामूली गिरावट आई है। उत्पादकता में मामूली गिरावट इस निमित्त घरेलू उद्योग को हुई क्षति का कारण नहीं हो सकती।

छ) <u>घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन</u>

123. ऊपर जांच की गई क्षति संबंधी सूचना केवल घरेलू बाजार के संदर्भ में घरेलू उद्योग के निष्पादन से संबंधित है। इस प्रकार, हुई क्षति को घरेलू उद्योग के निर्यात निष्पादन के कारण नहीं माना जा सकता।

ज) <u>अन्य उत्पादों का निष्पादन</u>

124. प्राधिकारी ने केवल संबद्ध सामानों के निष्पादन से संबंधित आंकड़ों पर विचार किया है। अत:, उत्पादित और बेचे गए अन्य उत्पादों का निष्पादन घरेलू उद्योग को हुई क्षति का संभावित कारण नहीं है।

झ. <u>क्षति मार्जिन की मात्रा</u>

125. नियमावली के अनुबंध III के अनुसार प्राधिकारी द्वारा निर्धारित घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामानों की क्षतिरहित कीमत की तुलना जांच अवधि के दौरान क्षति मार्जिन के निर्धारण के लिए संबद्ध देशों से निर्यात के पहुंच मूल्य से की गई है और इस प्रकार निकाला गया क्षति मार्जिन निम्नानुसार है:

क्र.सं.	विवरण	सामान्य मूल्य (यूएस डा./एमटी)	निर्यात कीमत (यूएस डा./एमटी)	पाटन मार्जिन (यूएस डा./एमटी)	पाटन मार्जिन (%)	पाटन मार्जिन (रेंज)
चीन जन.गण. के लिए						
1	सभी	***	***	***	***	20-30
जापान के लिए						

1	शिकोकू केमिकल्स कॉर्पोरेशन, मित्सुबिशी कॉर्पोरेशन प्लास्टिक लिमिटेड और आईवीआईसीटी (सिंगापुर) प्राइवेट लिमिटेड	***	***	***	***	15-25
2	सभी अन्य	***	***	***	***	30-40

ट. <u>भारतीय उद्योग के हित और अन्य मुद्दे</u>

ठ.1. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

126. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने भारतीय उद्योग के हित के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. घरेलू उद्योग के आर्थिक हित प्रश्नावली के उत्तर में टायर उत्पादन लागत के बारे में जागरूकता की कमी और परिणामस्वरूप पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव की गणना करने में अक्षमता को स्वीकार किया गया है। हितबद्ध पक्षकारों ने नोट किया कि जबकि घरेलू उद्योग ने शुल्क प्रभाव की गणना करने का दावा किया है, कोई आकड़ा स्रोत अथवा पद्धति का खुलासा नहीं किया गया है, जिससे अन्य पक्षकारों के दावों को सत्यापित करने या सार्थक टिप्पणियां देने की क्षमता पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। जबकि घरेलू उद्योग का दावा है कि निचले स्तर के उपयोगकर्ताओं पर पाटनरोधी शुल्क का प्रभाव नगण्य होगा, उन्होंने इस दावे का समर्थन करने वाले का परिकलन नहीं दिया है।

ख. आईआईआर आयातों पर मौजूदा पाटनरोधी शुल्क, एचआईआईआर आयातों पर प्रत्याशित शुल्क और टायर निर्माण में उपयोग किए जाने वाले अन्य कच्चे माल के संबंध में नई जांच मौजूद है। इन शुल्कों के संयुक्त प्रभाव से प्रति टायर उत्पादन लागत में 10-15% की वृद्धि होगी, जो निचले स्तर के उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता को काफी प्रभावित करेगी।

ग. विभिन्न कच्चे माल के अलग-अलग उद्देश्यों को स्वीकार करते हुए, कई शुल्कों के सामूहिक बोझ पर विचार करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। यह दृष्टिकोण घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों में निचले स्तर के उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता पर प्रभाव का अधिक सटीक

आकलन प्रदान करता है, जहां निर्माताओं को प्रतिस्पर्धी मूल्य वाले कच्चे माल तक पहुंच वाले देशों से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है।

घ. पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने से घरेलू उद्योग को विचाराधीन उत्पाद की आपूर्ति मात्रा और मूल्य निर्धारण निर्धारित करने में स्वत: स्व-विवेक प्राप्त होगा। इससे भारतीय उपभोक्ता संभावित बाजार हेरफेर और मूल्य वृद्धि के प्रति सुभेद्य होंगे। बढ़ी हुई लागत संभवतः मूल्य श्रृंखला के माध्यम से आगे जाएगी, जो अंततः उच्च टायर कीमतों के माध्यम से अंतिम उपभोक्ताओं को प्रभावित करेगी।

ड. पाटनरोधी शुल्क लगाने से कच्चे माल की बढ़ी हुई कीमतों और प्रचालनात्मक खर्चों की मौजूदा चुनौतियों में वृद्धि होगी। टायर क्षेत्र में नवाचार और निवेश पर संभावित प्रभाव हो सकते हैं, साथ ही भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए जोखिम भी हो सकते हैं।

<u>ठ.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

127. घरेलू उद्योग ने भारतीय उद्योग के हित के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

क. एसएचटीएस ग्रेड आपूर्ति पर, घरेलू उद्योग तकनीकी विनिर्देशों को पूरा करने वाले यूएचडी ग्रेड के माध्यम से क्षमता प्रदर्शित करता है। शुल्क प्रभाव पर एटीएमए के दावों को डीजीएफटी के एसआईओएन मानदंडों का उपयोग करके हल किया गया था जिसमें कहा गया है कि 100 किलोग्राम टायर उत्पादन के लिए 0.05 किलोग्राम विचाराधीन उत्पाद का उपयोग किया जाता है। यह विभिन्न टायर प्रकारों पर 0.01% से 0.04% का लागत प्रभाव दर्शाता है।

ख. विभिन्न उत्पादों पर विभिन्न पाटनरोशी शुल्कों के प्रभाव के एटीएमए के आक्रामक रूप का खंडन किया जाता है। प्रत्येक जांच विशिष्ट बाजार स्थितियों, मूल्य निर्धारण और क्षति मापदंडों के साथ अलग-अलग उत्पादों की जांच करती है। उद्देश्य विशिष्ट उत्पादों के लिए अनुचित व्यापारिक परिपाटियों को हल करने पर जोर देता है।

ग. निर्यातकों के दावों के संबंध में, घरेलू उद्योग ने शुल्क गणना डेटा स्रोतों के बारे में तर्कों को हल किया, उद्योग ने कहा कि इसने सबूतों के साथ टायर उद्योग में विचाराधीन उत्पाद पाटनरोधी शुल्कों पर के प्रभाव संबंधी विस्तृत परिकलन दिए।

घ. भारतीय बाजार में एकाधिकार की स्थिति के दावे के संबंध में, यह उल्लेख किया गया था कि पाटनरोधी शुल्क आयातों को प्रतिबंधित नहीं करता है, बल्कि उचित कीमतें सुनिश्चित

करता है। उपयोगकर्ता उद्योग ने घरेलू उद्योग की एकाधिकार स्थिति को साबित नहीं किया है। प्राधिकारी ने एकल उत्पादकों के साथ कई मामलों में पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश की है। चीन जन.गण., जापान और कोरिया गणराज्य के मूल के अथवा वहां से निर्यातित ***"आइसोब्यूटिलीन-आइसोप्रीन रबर ("आईआईआर") के आयात से संबंधित पाटनरोधी जांच और जापान, रूस, सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "हैलोब्यूटिल-रबड़ (एचआईआईआर) के आयात से संबंधित पाटनरोधी जांच पर विश्वास किया है।***

ङ. प्रश्नावली के उत्तरों के संबंध में, एमआरएफ लिमिटेड ने प्रयोक्ता प्रश्नावली और आर्थिक हित प्रश्नावली के उत्तर दायर किए, परंतु यह दावा किया कि यह शुल्क प्रभाव पर जानकारी एकत्र कर रहा था। प्रश्नावली के उत्तर में अपेक्षित सूचना समय पर दायर की जानी चाहिए थी।

च. घरेलू उद्योग समय पर अवसर और सख्त समय प्रतिबंधों पर डब्ल्यूटीओ के विचारों का हवाला देता है। ***यूएस-हॉट-रोल्ड स्टील*** मामले का संदर्भ दिया गया जहां अधिकारियों ने जापानी निर्यातक के देर से किए गए अनुरोधों को रद्द कर दिया। अपीलीय निकाय ने जांच नियंत्रण के लिए समय सीमा स्थापित करने का समर्थन किया।

छ. वित्तीय आंकड़े 2019-20 से 2023-24 तक एमआरएफ की लाभप्रदता दर्शाते हैं, जबकि घरेलू उद्योग को पाटित आयातों से हानियां हो रही हैं। दस्तावेज़ में प्रयोक्ता उद्योग के निष्पादन संबंधी विशिष्ट आंकड़े शामिल हैं, जिसमें एमआरएफ लिमिटेड का राजस्व 2019-20 में 15,991.14 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में अनुमानित 24,673.68 करोड़ रुपये हो गया, जो पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव के बारे में दावा की गई चिंताओं के बावजूद वृद्धि दर्शाता है।

ज. पाटनरोधी शुल्क का उद्देश्य पाटन की अनुचित व्यापार परिपाटियों के कारण घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को समाप्त करना है, ताकि भारतीय बाजार में खुली और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की स्थिति स्थापित हो सके, जो देश के सामान्य हित में है।

ठ.3. <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

128. प्राधिकारी नोट करते हैं कि सामान्य रूप में पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने का उद्देश्य पाटन की अनुचित व्यापार परिपाटियों से घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को समाप्त करना है, ताकि भारतीय बाजार में खुली और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की स्थिति को फिर से स्थापित किया जा सके, जो देश के सामान्य हित में है। पाटनरोधी उपायों को लागू करने का उद्देश्य किसी भी तरह से

संबद्ध देश से आयात को प्रतिबंधित करना नहीं है। व्यापार सुधारात्मक जांच का उद्देश्य व्यापार को विकृत करने वाले आयातों के खिलाफ उचित शुल्क लगाकर घरेलू उत्पादकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करके घरेलू बाजार में समान प्रतिस्पर्धी अवसर बहाल करना है। साथ ही, प्राधिकारी को पता है कि ऐसे शुल्कों का प्रभाव केवल विचाराधीन उत्पाद के घरेलू उत्पादकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि विचाराधीन उत्पाद के प्रयोक्ताओं और उपभोक्ताओं को भी प्रभावित करता है।

129. प्राधिकारी नोट करते हैं कि एमआरएफ द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से पता चलता है कि विचाराधीन उत्पाद का हिस्सा एक टायर की कुल लागत का 0-1% है, जिसका अर्थ है कि यदि पाटनरोधी शुल्क लगाया जाता है तो इसका टायर उद्योग पर न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा।

130. यद्यपि हितबद्ध पक्षकार टायरों के कई कच्चे माल पर शुल्कों के संयुक्त प्रभाव का तर्क देते हैं, तथापि प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्रत्येक जांच विशिष्ट तथ्यों के आधार पर स्वतंत्र रूप से की जानी चाहिए। पाटनरोधी जांच विभिन्न व्यापार उपायों के संचयी आर्थिक प्रभाव के बजाय विशिष्ट पाटित आयातों से होने वाली क्षति को दूर करने पर केंद्रित होती है।

131. प्राधिकारी नोट करते हैं कि कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से घरेलू उद्योग के लिए उचित अवसर सुनिश्चित होंगे। इससे भारत में आयात बंद नहीं होगा। मांग आपूर्ति का अंतर पाटनरोधी शुल्क न लगाने का कोई औचित्य नहीं है।

ठ . प्रकटन पश्चात टिप्पणियां

ठ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

132. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रकटन के पश्चात निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

a. निर्यातक ने कभी यह दावा नहीं किया कि विचाराधीन उत्पाद के म्यूक्रोन ओटी-20-एचडी-जी" ("स्पेशलिटी ग्रेड") इसकी निर्यात कीमत घरेलू उद्योग द्वारा बेचे गए विचाराधीन उत्पाद की कीमतों से काफी अधिक हैं। इसके बजाय, निर्यातक ने अनुरोध किया था कि स्पेशियलिटी ग्रेड के निर्यातों की कीमतें निर्यातक द्वारा निर्यात किए गए गैर-स्पेशलिटी ग्रेड या नियमित ग्रेड की तुलना में काफी अधिक हैं। जैसा कि हमने पहले अपने लिखित अनुरोधों में अनुरोध किया है, स्पेशियलिटी ग्रेड की कीमत 9% है और लागत मानक ग्रेड यानी के म्यूक्रोन ओटी-20-एचडी-जी से 5% अधिक है। यह दावा कि अंतर मामूली है और महत्वपूर्ण नहीं है, व्यक्तिपरक है और इसमें समर्थन तर्क का अभाव है।

b. प्राधिकारी ने जिस रिपोर्ट पर भरोसा किया है, उसमें कहा गया है कि घरेलू स्तर पर उत्पादित ग्रेड, विशेष ग्रेड की तुलना में समतुल्य या उच्चतर तापीय स्थिरता प्रदर्शित कर सकते हैं, उसे हितबद्ध पक्षकारों के साथ साझा नहीं किया गया है, जिससे निर्यातक की रिपोर्ट का आकलन करने और सार्थक टिप्पणी करने के अधिकार में बाधा उत्पन्न हो रही है।

c. प्राधिकारी ने केवल तापीय स्थिरता पर विचार किया है, जबकि विशेष ग्रेड और नियमित ग्रेड या विचाराधीन उत्पाद के बीच बेहतर ब्लूम प्रतिरोध के महत्वपूर्ण अंतर को नजरअंदाज किया है।

d. याचिकाकर्ता की मांग में कमी का दावा बाजार की वास्तविकताओं से मेल नहीं खाता है, क्योंकि एससीसी ने भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत में विशेष ग्रेड की बिक्री की है।

e. जापान से आयात को कम किया जाना चाहिए क्योंकि जापान से आयात चीनी आयात की तुलना में बहुत कम है। जापान से सीआईएफ की कीमतें चीनी आयात की तुलना में काफी अधिक हैं। याचिका में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, क्षति की अवधि में जापान से कीमतों में वृद्धि हुई है और कोविड के बाद की मात्रा सामान्य गति से बढ़ी है।

f. जापान के लिए कीमत में कटौती नकारात्मक है। इसलिए, जापान से आयात के कारण याचिकाकर्ता को कोई वास्तविक क्षति नहीं हुई है।

g. संबद्ध देशों की आयात मात्रा अन्य देशों से आयात की तुलना में अत्यधिक कम है। जापान से आयात की मात्रा चीन की तुलना में बहुत कम रही है। जापान से विचाराधीन उत्पाद के कुल आयात की तुलना में चीन से आयात की मात्रा में वित्तीय वर्ष 2022-23 और जांच अवधि में काफी वृद्धि हुई है।

h. याचिकाकर्ता को यदि कोई क्षति हुई है तो वह अन्य देशों, विशेषकर चीन से आयात में तीव्र वृद्धि के कारण हुई है।

i. जांच की अवधि में जापान के लिए नकारात्मक कीमत कटौती है। आधार वर्ष और जांच अवधि में कीमत कटौती एक समान है, जबकि याचिकाकर्ता आधार वर्ष में लाभ में था, लेकिन जांच अवधि के दौरान लाभ में पर्याप्त गिरावट आई है। इसलिए, निर्यातक का पहुंच मूल्य याचिकाकर्ता पर किसी भी नकारात्मक कीमत प्रभाव का कारण नहीं है।

j. जापान से आयात की कीमत में क्षति अवधि और जांच की अवधि के दौरान लगातार वृद्धि हुई है। जापान से आयात की कीमत आधार वर्ष में 109,860 रुपये प्रति एमटी से बढ़कर जांच अवधि में 121,459 रुपये प्रति एमटी हो गई - कीमत में यह वृद्धि जांच अवधि में 0% बीसीडी के बावजूद हुई है, जब कीमत में कटौती नकारात्मक थी।

k. याचिकाकर्ता का यह दावा कि उन्हें अपने ग्राहकों से कुछ पत्र-व्यवहार के आधार पर मूल्य दबाव का सामना करना पड़ रहा है, गोपनीय रखा गया है। प्राधिकारी को यह निर्धारित करना चाहिए कि ग्राहक के आदेश जांच की अवधि से संबद्ध हैं या नहीं और यदि हैं, तो किस हद तक जापान से आयात से संबंधित हैं।

l. याचिकाकर्ता को पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध II (iv) के अनुसार विभिन्न आर्थिक कारकों के आलोक में कोई क्षति नहीं हो रही है। क्षमता, उत्पादन, बिक्री की मात्रा, प्रति इकाई बिक्री मूल्य, मजदूरी, प्रति दिन उत्पादकता, नियोजित पूंजी आदि सहित सभी आर्थिक मापदंडों ने आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में सकारात्मक प्रवृत्ति दिखाई है। निष्पादन मापदंडों में मामूली बदलाव महत्वहीन हैं और किसी भी "भौतिक क्षति" को नहीं दर्शाते हैं।

m. याचिकाकर्ता ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भी स्वीकार किया है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में बिक्री और मात्रा में वृद्धि हुई है।

n. प्राधिकारी एक अर्ध-न्यायिक निकाय है, इसलिए उसे यह सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है कि उचित प्रक्रिया का पालन किया जाए तथा हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध को अस्वीकार करने से पहले उसे कारण बताना अपेक्षित है।

o. याचिकाकर्ता की वित्तीय वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट में स्वीकार किया गया है कि विशेष रूप से चीन से खतरा है, जिसका उल्लेख तीसरे पक्ष की रेटिंग एजेंसी यानी आईसीआरए द्वारा भी किया गया है।

p. याचिकाकर्ता की वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 से यह भी पता चलता है कि कोविड-19 के कारण आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई और कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि हुई।

q. निचले स्तर के उद्योग यानी टायर उद्योग ने क्षति की अवधि के दौरान आर्थिक मंदी देखी, जिसका सबूत याचिकाकर्ता की वित्तीय वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट से भी मिलता है।

r. विचाराधीन उत्पाद की ऊपरी स्तर के मूल्य में कीमत के उतार-चढ़ाव के कारण लाभप्रदता में गिरावट आई, जो याचिकाकर्ता की वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 से भी सिद्ध है।

s. आधार वर्ष 2020-21 की तुलना में जांच की अवधि के दौरान कच्चे तेल की कीमत दोगुनी हो गई थी। कच्चे तेल की लागत सल्फर की लागत को प्रभावित करती है जो विचाराधीन उत्पाद के निर्माण में एक प्राथमिक कच्चा माल है।

t. याचिकाकर्ता की बिक्री में कथित कमी का कारण उनका निर्यात बिक्री बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना माना जा सकता है।

u. हालांकि याचिकाकर्ता ने अपनी एसईजेड इकाई की क्षमता को ***एमटी तक बढ़ा दिया है, लेकिन घरेलू उद्योग की प्राप्ति मुख्य रूप से वैश्विक स्तर पर कम कीमतों के कारण है। इसलिए, याचिकाकर्ता की अपनी प्रचालनात्मक अक्षमताओं और प्रबंधन निर्णयों से नुकसान हुआ।

v. केवल *** की उत्पादन क्षमता के साथ, घरेलू उद्योग को *** की मांग को पूरा करने के लिए आपूर्ति में महत्वपूर्ण कमी का सामना करना पड़ता है, जिससे अंतर को पाटने और घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आयात की आवश्यकता होती है।

w. घरेलू उद्योग ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में क्षमता विस्तार किया, जिसमें पर्याप्त पूंजीगत व्यय शामिल था, जिसके कारण मूल्यह्रास और ब्याज लागत में वृद्धि हुई। घरेलू उद्योग के एनआईपी और क्षति के दावों का आकलन करते समय उच्च मूल्यह्रास और ब्याज लागत को समायोजित किया जाना चाहिए।

x. घरेलू उद्योग और एससीसी के बीच तुलना असमान है क्योंकि एससीसी 1984 से प्रचालन में है और इसने क्षति अवधि या जांच की अवधि के दौरान अपनी क्षमताओं का विस्तार नहीं किया है, जिसके परिणामस्वरूप मूल्यह्रास और ब्याज लागत काफी कम हो गई है।

y. घरेलू उद्योग के एनआईपी और क्षति दावों का आकलन करते समय उच्च मूल्यह्रास और ब्याज लागत को समायोजित किया जाना चाहिए।

z. शुल्क लगाए जाने से प्रति टायर ***% का असर पड़ेगा। यदि पाटनरोधी शुल्क लगाया जाता है, तो यह उपयोगकर्ता उद्योग को घरेलू बाजार में मांग-आपूर्ति के अंतर के कारण प्रमुख कच्चे माल के आयात के लिए उच्च कीमत चुकाने के लिए मजबूर करेगा, जिससे बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ेगा और अंततः पेंट उद्योग के अंतिम उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ेगा। यदि पाटनरोधी शुल्क लगाया जाता है, तो इससे एकाधिकार बनेगा।

aa. प्राधिकारी ने उत्तरदाता द्वारा 30 जुलाई 2024 को दायर किए गए अनुरोधों पर विचार किए बिना, 12 अगस्त 2024 के नोटिस के जरिए विचाराधीन उत्पाद/पीसीएन कार्यप्रणाली को अंतिम रूप दिया।

bb. प्राधिकारी का यह अवलोकन और तर्क कि घरेलू उद्योग का यूएचडी ग्रेड एसएचटीएस के अंतिम उपयोगकर्ताओं द्वारा आवश्यक विनिर्देशों के अनुरूप है और घरेलू उद्योग के ग्रेड और जांच की अवधि के आयातित ग्रेड के बीच अदला-बदली मौजूद है, स्वाभाविक रूप से त्रुटिपूर्ण है।

cc. जबकि एसएचटीएस एक सामान्य विवरण है, एसएचटीएस के लिए विशिष्ट मापदंडों से संबंधित आवश्यकताएं ग्राहक (टायर निर्माता) के आधार पर अलग-अलग होती हैं। तदनुसार, एमआरएफ उम्मीद करता है कि इसका कच्चा माल एम2631 (डीएचटीएस) के तहत

निर्धारित अपनी अनूठी उत्पादन प्रक्रियाओं और निष्पादन मानकों के आधार पर निर्दिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करता है।

dd. केवल यह उल्लेख करना कि कुछ कंपनियों ने घरेलू उद्योग के यूएचडी ग्रेड को खरीदा है, सभी उपयोगकर्ताओं के लिए परस्पर परिवर्तनीयता स्थापित नहीं करता है क्योंकि ऐसे टायर निर्माता हैं जो घरेलू उद्योग के उत्पाद में तकनीकी कमियों के कारण विशेष रूप से आयातित एसएचटीएस पर निर्भर रहते हैं। इसलिए, माननीय निर्दिष्ट प्राधिकारी की टिप्पणियां यह साबित करने में विफल रहीं कि घरेलू उद्योग का ग्रेड इस ग्रेड के सभी उपयोगकर्ताओं के लिए व्यवहार्य प्रतिस्थापन है।

ee. माननीय निर्दिष्ट प्राधिकारी ने स्पष्ट रूप से यह नहीं देखा है कि घरेलू उद्योग द्वारा अन्य ग्राहकों को बेचे गए यूएचडी ग्रेड वाणिज्यिक मात्रा में थे या नहीं। इस तरह के निर्धारण के अभाव में, इन बिक्रियों के साक्ष्य पर यूएचडी ग्रेड को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में शामिल करने के लिए भरोसा नहीं किया जा सकता है।

ff. विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में एक अस्वीकृत परीक्षण उत्पाद को शामिल करने से क्षति विश्लेषण विकृत हो गया है, जिससे घरेलू उद्योग के क्षति के दावों को कृत्रिम रूप से बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है, यह मानकर कि यह ऐसे बाजार में प्रतिस्पर्धा कर रहा था, जहां इसकी कोई वास्तविक बिक्री नहीं थी। इस तरह का दृष्टिकोण व्यापार सुधारात्मक जांच के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन करता है, जैसे कि 'समान वस्तु' के आयात के कारण घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति और उद्योग की वाणिज्यिक वास्तविकताओं की अनदेखी करना।

gg. माननीय निर्दिष्ट प्राधिकारी ने प्रकटन विवरण के पैरा 17 में यह उल्लेख किया है कि उन्होंने प्रयोक्ता प्रश्नावली के उत्तर ('यूक्यूआर') और डी.जी. सिस्टम डेटा की सावधानीपूर्वक यह निष्कर्ष निकालते हुए जांच की है कि घरेलू उद्योग के ग्रेड की कीमत विचाराधीन उत्पाद के आयातित एसएचटीएस ग्रेड से अधिक है। तथापि, यह निष्कर्ष मौलिक रूप से त्रुटिपूर्ण और भ्रामक है।

hh. घरेलू उद्योग का ग्रेड कभी भी जांच की अवधि के दौरान एमआरएफ लिमिटेड को वाणिज्यिक रूप से नहीं बेचा गया था, यह स्पष्ट नहीं है कि माननीय निर्दिष्ट प्राधिकारी ने मूल्य तुलना के लिए किस आंकड़े पर भरोसा किया है। किसी भी वास्तविक जांच की अवधि बिक्री आंकड़ों की अनुपस्थिति में, माननीय निर्दिष्ट प्राधिकारी की मूल्य तुलना का आधार स्वाभाविक रूप से अप्रमाणित है।

ii. एसएचटीएस की वाणिज्यिक और औद्योगिक प्रासंगिकता लेन-देन-वार आयात आंकड़ों से स्पष्ट है जो पुष्टि करता है कि इसका एक विशिष्ट ग्रेड के रूप में व्यापक रूप से व्यापार किया जाता है।

jj. एसएचटीएस के आयात की कम मात्रा इसकी विशिष्ट अनुप्रयोग को दर्शाती है, न कि मांग की अनुपस्थिति को।

kk. एसएचटीएस ग्रेड के लेन-देन-वार आयात आंकड़े इसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उपस्थिति की पुष्टि करते हैं और इसकी विशिष्टता को और मजबूत करते हैं।

ll. संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन जन.गण. में विकास के स्तर में अंतर के कारण मलेशिया को प्रासंगिक तीसरे देश के रूप में लेने के उत्तरदाता के प्रस्ताव को स्वीकार करना। प्राधिकारी का यह निष्कर्ष कि मांग-आपूर्ति में अंतर होने पर भी, घरेलू उद्योग अपनी डीटीए इकाई के माध्यम से अधिकांश मांग को पूरा कर सकता है, गलत है।

mm. वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए घरेलू उद्योग की वार्षिक रिपोर्ट से पता चलता है कि विचाराधीन उत्पाद की कुल घरेलू मांग ***एमटी है, जबकि घरेलू उद्योग की उत्पादन क्षमता केवल ***एमटी प्रति वर्ष है, जिससे लगभग ***एमटी की महत्वपूर्ण कमी हो रही है।

nn. क्षति का आकलन घरेलू उद्योग की बाजार में सेवा देने की वास्तविक क्षमता के अनुरूप होना चाहिए, जो ***एमटी की मांग के मुकाबले ***एमटी तक सीमित है।

oo. यह स्वीकार किया जाना कि घरेलू उद्योग एक मजबूत पी.बी.डी.आई.टी. के साथ लाभप्रद रूप से प्रचालन कर रहा है, जिससे किसी भी पाटनरोधी शुल्क को लागू करने का मामला कमजोर हो जाता है।

pp. यद्यपि यह स्वीकार किया जाता है कि घरेलू उद्योग के प्रचालन का एक हिस्सा इसकी एसईजेड इकाई से जुड़ा हो सकता है, लेकिन इससे अघुलनशील सल्फर प्रभाग की लगातार लाभप्रदता कम नहीं होती है।

qq. आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद की मांग में *** सूचकांक अंकों की वृद्धि हुई, जबकि इसी अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री में *** सूचकांक अंकों की वृद्धि हुई, जो आनुपातिक वृद्धि को दर्शाता है।

rr. घरेलू उद्योग की अपनी वार्षिक रिपोर्ट पुष्टि करती है कि उसने 2023-24 और 2020-21 दोनों में लगातार 60% का बाजार हिस्सा बनाए रखा है।

ss. हाल ही में विस्तार के बावजूद, घरेलू उद्योग की कुल संस्थापित क्षमता ***एमटी तक सीमित है, जबकि कुल मांग ***एमटी है। 100% क्षमता उपयोग के अंतर्गत भी, घरेलू उद्योग पूरे भारतीय बाजार की जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ होगा।

tt. इसके अलावा, विचाराधीन उत्पाद के कुछ ग्रेड, जैसे एसएचटीएस, को जांच की अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति नहीं की जा सकती क्योंकि घरेलू उद्योग ने जांच की

अवधि के दौरान उत्पाद अनुमोदन के लिए उपयोगकर्ता उद्योग से संपर्क भी नहीं किया था और परीक्षण जांच की अवधि के बाद शुरू किए गए थे।

uu. आयात में 39% की वृद्धि के बावजूद, घरेलू उद्योग ने जांच की अवधि में बिक्री में 30% की वृद्धि और 60% बाजार हिस्सेदारी के साथ अपनी बाजार स्थिति का विस्तार और उसे बनाए रखना जारी रखा है।

vv. आयात में वृद्धि अतिरिक्त मांग के कारण है जिसे घरेलू उद्योग पूरा करने में असमर्थ है तथा विचाराधीन उत्पाद के कुछ अनुमोदित ग्रेडों की अनुपलब्धता है।

ww. अंतिम निष्कर्ष में नकारात्मक मूल्य कटौती संबंधी प्राधिकारी की टिप्पणी की पुनः पुष्टि की जानी चाहिए।

xx. घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत आयातों की पहुंच कीमत से कम होने के संबंध में घरेलू उद्योग सकारात्मक पीबीडीआईटी के साथ, जैसा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 और वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट, इसका याचिका और प्रकटन विवरण में उल्लेख है, सकारात्मक पीबीडीबआईटी के साथ अब भी वित्तीय रूप से स्थिर है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग के पास सकारात्मक नकद लाभ भी है, जिसका अर्थ है कि घरेलू उद्योग अपने उत्पाद को भारतीय बाजार में अपने उत्पाद की लागत से अधिक कीमत पर बेचने में सक्षम है और इसलिए घरेलू उद्योग को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

yy. निर्यातक का कहना है कि क्षमता में वृद्धि के कारण घरेलू उद्योग की मूल्यह्रास और ब्याज लागत में वृद्धि हुई है। निर्यातक अनुरोध करता है कि घरेलू उद्योग के एनआईपी और क्षति दावों का आकलन करते समय उच्च मूल्यह्रास और ब्याज लागत को समायोजित किया जाए।

zz. निर्यातक ने आगे कहा कि एससीसी जैसी सुस्थापित कंपनी के साथ तुलना करने पर इस तरह के मूल्यह्रास और ब्याज लागत की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। एससीसी 1984 से परिचालन में है और इसने क्षति अवधि या जांच अवधि के दौरान अपनी क्षमताओं का विस्तार नहीं किया है, जिसके परिणामस्वरूप मूल्यह्रास और ब्याज लागत काफी कम है। इस प्रकार, घरेलू उद्योग और एससीसी के बीच तुलना करना अनुचित है।

aaa. चूंकि डीआई लाभप्रद रूप से परिचालन जारी रखे हुए है, इसलिए प्राधिकरण को जांच समाप्त कर देनी चाहिए, क्योंकि इसके लाभ में बने रहने के लिए वैध कानूनी और आर्थिक आधार का अभाव है।

bbb. आधार वर्ष और जांच अवधि में निर्यातक की कीमत में कटौती एक समान है, जबकि याचिकाकर्ता आधार वर्ष में लाभ में था, लेकिन जांच अवधि के दौरान लाभ में पर्याप्त गिरावट आई। परिणामस्वरूप, निर्यातक का उतराई मूल्य याचिकाकर्ता पर किसी भी

नकारात्मक मूल्य प्रभाव का कारण नहीं है। इसके अलावा, जापान की कीमतें क्षति अवधि और जांच अवधि के दौरान लगातार बढ़ी हैं, और इस प्रकार याचिकाकर्ता को जापानी आयातों के कारण होने वाली कीमत क्षति का सामना नहीं करना पड़ता है।

ccc. घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री कीमत, इसका निर्यात मूल्य, तथा असंबद्ध देशों से आयात की पहुंच कीमत, जो सभी कथित पाटन से स्वतंत्र हैं, में समान गिरावट की प्रवृत्ति देखी गई है। इसलिए, मूल्य में कमी वैश्विक बाजार स्थितियों का परिणाम है, न कि संबद्ध आयातों से उत्पन्न प्रतिस्पर्धात्मक दबाव का।

ddd. घरेलू उद्योग द्वारा मूल्य दमन/मंदी के दावे को वित्तीय संकट के साक्ष्य द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। तथापि, घरेलू उद्योग का वित्तीय निष्पादन निरंतर लाभप्रदता को दर्शाता है, जैसा कि सकारात्मक पीबीडीआईटी और लगातार नकद मुनाफे से पुष्टि होती है, जैसा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 और वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक रिपोर्टों से भी स्पष्ट है।

eee. संबद्ध आयातों की मात्रा बहुत कम है, जिससे कीमतों पर बहुत अधिक दबाव नहीं पड़ सकता। जांच अवधि के दौरान, कुल आयात 2,927 एमटी रहा, जो बाजार का मात्र 12% था, जबकि घरेलू उद्योग का 60% हिस्सा प्रभावी था।

fff. इसके अलावा, यदि 1,890 एमटी एसएचटीएस ग्रेड आयात को छोड़ दिया जाए, तो शेष संबद्ध आयात केवल 1,037 एमटी या कुल बाजार का मात्र 4% है, जो घरेलू उद्योग की कीमत का न्यूनीकरण अथवा ह्रास नहीं कर सकता है, विशेष रूप से इसकी मजबूत बाजार स्थिति और निरंतर लाभप्रदता को देखते हुए।

ggg. जांच की अवधि में घरेलू उद्योग के कम उत्पादन और बिक्री के संबंध में, यह देखा जाना चाहिए कि घरेलू उद्योग ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में महत्वपूर्ण क्षमता विस्तार किया, जो दिसंबर 2021 में चालू हो गया जो इसके उत्पादन और बिक्री में गिरावट का एक कारण है।

hhh. यद्यपि इस तरह के विस्तार से क्षमता उपयोग में वृद्धि होनी चाहिए थी तथा उत्पादन और बिक्री में वृद्धि होनी चाहिए थी, लेकिन घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री में गिरावट आई, जिससे पता चलता है कि संबद्ध आयातों को छोड़कर अन्य कारकों ने भी इसमें भूमिका निभाई।

iii. क्षमता उपयोग में उत्तरोत्तर गिरावट दर्शाती है कि घरेलू उद्योग अपनी विस्तारित क्षमता का पूर्ण उपयोग करने में असमर्थ रहा है, जिसका कारण आंतरिक अकुशलताएं, उत्पादन योजना में परिवर्तन या अन्य प्रचालन चुनौतियां हो सकती हैं।

jjj. घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में कथित गिरावट केवल 3 सूचीबद्ध अंकों की है, जो किसी भी भौतिक क्षति को दर्शाने के लिए महत्वहीन है। इसके अतिरिक्त, घरेलू उद्योग की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, इसका बाजार हिस्सा 60% है।

kkk. संबद्ध आयात घरेलू उद्योग की बिक्री को विस्थापित नहीं कर रहे हैं, बल्कि बढ़ती मांग को पूरा कर रहे हैं और विचाराधीन उत्पाद के ऐसे ग्रेड की आपूर्ति कर रहे हैं जो घरेलू बाजार में अनुपलब्ध या अस्वीकृत हैं।

lll. लाभ और निवेश पर आय में गिरावट के संबंध में, घरेलू उद्योग ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में क्षमता विस्तार किया, जिसमें पर्याप्त पूंजीगत व्यय शामिल था, जिसके कारण मूल्यह्रास और ब्याज लागत में वृद्धि हुई, जो दोनों गैर-आवर्ती प्रकृति के हैं। मूल्यह्रास और ब्याज लागत में वृद्धि घरेलू उद्योग के लिए घाटे का कारण हो सकती है।

mmm. वित्तीय स्थिरता का अधिक उचित और सटीक उपाय पीबीडीआईटी का मूल्यांकन होगा, जो गैर-नकद व्यय से विकृतियों के बिना परिचालन लाभप्रदता को दर्शाता है। घरेलू उद्योग का पीबीडीआईटी सकारात्मक रहा, जैसा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 और वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए इसकी वार्षिक रिपोर्ट में पुष्टि की गई है।

nnn. घरेलू उद्योग की बढ़ी हुई क्षमताओं के कारण, आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में इसकी ब्याज लागत 9 गुना से अधिक बढ़ गई है और आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में मूल्यह्रास लागत लगभग दोगुनी हो गई है।

ooo. याचिकाकर्ता की वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 से स्पष्ट है कि चोट की अवधि के दौरान आर्थिक गतिविधियाँ कोविड-19 महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुई थीं। इस अवधि में आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान देखा गया और कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि हुई।

ppp. बाजार की गतिशीलता से प्रभावित वैश्विक कीमत सुधार से स्वाभाविक रूप से स्थिर बिक्री मात्रा के बावजूद कम राजस्व हुआ। अत:, घरेलू उद्योग की क्षति को कीमतों में वैश्विक उतार-चढ़ाव के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, न कि विचाराधीन उत्पाद के आयातों को।

qqq. एसएचटीएस के आयात के कारण होने वाली क्षति को जांच के क्षेत्र से बाहर रखा जाना चाहिए।

rrr. संबद्ध आयातों की मात्रा इतनी कम है कि इससे घरेलू उद्योग पर कोई असर नहीं पड़ता। जांच की अवधि के दौरान कुल आयात *** एमटी रहा, जो बाजार का सिर्फ *** हिस्सा था, जबकि घरेलू उद्योग का 60% हिस्सा प्रभावी था। इसके अतिरिक्त , अगर एसएचटीएस ग्रेड आयात के *** एमटी को छोड़ दिया जाए, तो शेष संबद्ध आयात की मात्रा सिर्फ *** एमटी या कुल बाजार का सिर्फ *** हिस्सा है।

sss. मांग-आपूर्ति घाटे का समाधान किए बिना पाटनरोधी शुल्क लागू नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि यह निचले स्तर के उद्योगों पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा जो स्थिर और पर्याप्त कच्चे माल की उपलब्धता पर निर्भर हैं।

ttt. घरेलू स्तर पर निर्मित न होने वाले ग्रेडों, जैसे एसएचटीएस पर पाटनरोधी शुल्क लगाने से आवश्यक आयातों पर अनावश्यक बोझ पड़ता है, क्योंकि इससे आपूर्ति श्रृंखला बाधित होती है और इन आयातों पर निर्भर उद्योगों के लिए अनुचित कठिनाई उत्पन्न होती है।

uuu. प्राधिकारी प्रयोक्ता उद्योग की चिंताओं का व्यापक मूल्यांकन करने में विफल रहे हैं, इसके बजाय उन्होंने जोर दिया है कि प्रत्येक जांच का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन किया जाना चाहिए। यद्यपि इस सिद्धांत को स्वीकार किया जाता है, यह पाटनरोधी शुल्क लागू करने के व्यापक आर्थिक परिणामों पर विचार करने के महत्व को कम नहीं करता है।

vvv. एनआईपी का उद्देश्य घरेलू उद्योग को अपनी उत्पादन लागत वसूलने तथा उचित लाभ अर्जित करने में सक्षम बनाना है, लेकिन एनआईपी को घरेलू उद्योग को अत्यधिक संरक्षण प्रदान नहीं करना चाहिए या अनुचित लाभ नहीं देना चाहिए।

www. घरेलू उद्योग सकारात्मक पीबीडीआईटी और नकद लाभ बनाए रखते हुए वित्तीय स्थिरता दर्शाते हुए अपनी उत्पादन लागत से अधिक कीमतों पर पहले ही विचाराधीन उत्पाद की बिक्री कर रहा है।

xxx. 22% आरओसीई की अनुमति देने से घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में वृद्धि होगी, जो समान अवसर सुनिश्चित करने के बजाय प्रभावी रूप से बाजार की गतिशीलता को बर्बाद कर देगा। इंडियन स्पिनर्स एसोसिएशन बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी (2004 (170) ई.एल.टी. 144) और मेसर्स ब्रिज स्टोन टायर मैन्युफैक्चरिंग बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी (2011 (270) ई.एल.टी. 696) में सेस्टैट का संदर्भ लें।

yyy. प्राधिकारी को ऐतिहासिक उद्योग-विशिष्ट रिटर्न पर विचार करना चाहिए, जो एनआईपी के लिए उचित आधार होगा। घरेलू उद्योग कई वर्षों से प्रचालन में है, और इसके वास्तविक पिछले वित्तीय प्रदर्शन के आधार पर उचित आय निर्धारित की जानी चाहिए थी।

ठ.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

133. घरेलू उद्योग द्वारा प्रकटन के पश्चात निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

क. घरेलू उद्योग ने प्राधिकारी से अनुरोध किया कि वे विचाराधीन उत्पाद, घरेलू उद्योग की स्थिति, गोपनीयता, विविध मुद्दे, सामान्य मूल्य, घरेलू उद्योग को क्षति,

कारणात्मक संपर्क और सार्वजनिक हित के संबंध में प्रकटन विवरण में की गई टिप्पणियों की पुष्टि करें।

ख. विचाराधीन उत्पाद का एक समरूप उत्पाद है जिसकी कीमतों में बहुत अधिक अंतर नहीं है और साथ ही, प्राधिकारी द्वारा संबद्ध जांच में कोई पीसीएन अधिसूचित नहीं किया गया है। इसलिए, यदि प्राधिकारी वर्तमान मामले में शुल्क की सिफारिश करने का निर्णय लेते हैं, तो अनुरोध है कि इसकी निश्चित आधार पर और यहां तक कि यूएस डॉलर के संदर्भ में भी सिफारिश की जाए।

ग. प्राधिकारी को घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति के खतरे के संबंध में घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों के दावे की जांच करनी चाहिए।

<u>ठ.3 प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

134. प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए प्रकटन पश्चात अनुरोधों की जांच की है और नोट करते हैं कि कुछ टिप्पणियां दोहराई गई हैं जिनकी पहले ही अंतिम जांच परिणाम के संगत पैराओं में उचित और पर्याप्त रूप से जांच की गई है। हितबद्ध पक्षकारों और घरेलू उद्योग द्वारा प्रकटन पश्चात टिप्पणियों/अनुरोधों में पहली बार उठाए गए मुद्दों की प्राधिकारी द्वारा संगत समझे जाने पर नीचे जांच की गई है।

135. एससीसी के इस दावे के बारे में कि विशेष ग्रेड के निर्यात की कीमतें उसके द्वारा निर्यात किए गए गैर-विशेष ग्रेड की तुलना में काफी अधिक हैं, प्राधिकरण ने पहले ही निष्कर्ष निकाला है कि विशेष ग्रेड एक समान वस्तु है और इसे पीयूसी के साथ प्रतिस्थापित किया जा सकता है। इसके अलावा, दो ग्रेड के बीच केवल मूल्य अंतर उन्हें अलग-अलग उत्पाद नहीं माना जाता है।

136. जहां तक इस अनुरोध का संबंध है कि जिस रिपोर्ट पर प्राधिकारी ने भरोसा किया है कि घरेलू स्तर पर उत्पादित ग्रेड, विशेष ग्रेड की तुलना में समतुल्य या उच्चतर तापीय स्थिरता प्रदर्शित कर सकते हैं, उसे हितबद्ध पक्षकारों के साथ साझा नहीं किया गया है, जिससे रिपोर्ट का आकलन करने और सार्थक टिप्पणियां करने के निर्यातक के अधिकार में बाधा उत्पन्न हो रही है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि संतुष्ट होने पर उन्होंने गोपनीयता के दावों को स्वीकार कर लिया है, जहां भी अपेक्षित था और ऐसी सूचना को गोपनीय माना गया है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इसका खुलासा नहीं किया गया है।

137. इस अनुरोध के संदर्भ में कि प्राधिकारी ने केवल थर्मल स्थिरता पर विचार किया है, जबकि विशेष ग्रेड और नियमित ग्रेड या विचाराधीन उत्पाद के बीच बेहतर ब्लूम प्रतिरोध के महत्वपूर्ण अंतर को नजरअंदाज किया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्रस्तुतियों में थर्मल स्थिरता और ब्लूम प्रतिरोध

के बीच संबंध को स्वीकार किया गया है। इसलिए, यदि थर्मल स्थिरता सिद्ध हो जाती है, तो अलग से ब्लूम प्रतिरोध विश्लेषण की आवश्यकता नहीं होती है।

138. इस अनुरोध के संबंध में कि विशेष ग्रेड की मांग में कमी बाजार की वास्तविकताओं के साथ असंगत है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि एससीसी ने पूरी क्षति अवधि में विशेष ग्रेड की एकल शिपमेंट का निर्यात किया है। इसके अलावा, यह नोट किया गया है कि एससीसी द्वारा किए गए विशेष ग्रेड का निर्यात जांच की अवधि में 16 एमटी है जो विचाराधीन उत्पाद की कुल मांग का 0.08% है। प्राधिकारी इस तर्क को स्वीकार करने में असमर्थ है कि एससीसी द्वारा किए गए विशेष ग्रेड के निर्यात की एकल शिपमेंट के आधार पर भारत में विशेष ग्रेड की नियमित मांग है।

139. जहां तक इस निवेदन का संबंध है कि जापान के लिए कीमत में कटौती नकारात्मक है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि डीजी प्रणालियों के अनुसार आयातों के आधार पर जापान के मामले में कीमत में कटौती सकारात्मक है, यद्यपि यह नगण्य नहीं है।

140. जहां तक इस दावे का संबंध है कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से एकाधिकार को बढ़ावा मिलेगा, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाने से आयात नहीं रुकता बल्कि घरेलू उद्योग को समान अवसर उपलब्ध होता है।

141. जहां तक एटीएमए के इस दावे का संबंध है कि प्राधिकारी ने एटीएमए द्वारा 30 जुलाई 2024 को दायर किए गए अनुरोधों पर विचार किए बिना ही 12 अगस्त 2024 के नोटिस के जरिए विचाराधीन उत्पाद/पीसीएन पद्धति को अंतिम रूप दे दिया, प्राधिकारी नोट करते हैं कि एटीएमए सहित सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दायर किए गए सभी अनुरोधों पर प्राधिकारी द्वारा विचाराधीन उत्पाद/पीसीएन को अंतिम रूप देने से पहले विचार किया गया था।

142. जहां तक इस बात का संबंध है कि पीयूसी के दायरे में एक अस्वीकृत परीक्षण उत्पाद को शामिल करने से क्षति विश्लेषण विकृत हो गया है, जिससे घरेलू उद्योग के क्षति के दावे कृत्रिम रूप से बढ़ गए हैं, यह मानकर कि वह ऐसे बाजार में प्रतिस्पर्धा कर रहा था, जहां उद्योग की कोई वास्तविक बिक्री नहीं थी, प्राधिकारी नोट करते हैं कि चूंकि घरेलू उद्योग बाजार में एक समान वस्तु बेच रहा है, इसलिए उसके द्वारा किया गया क्षति विश्लेषण विकृत नहीं है।

143. आयातित एसएचटीएस ग्रेड और घरेलू उद्योग द्वारा आपूर्ति किए गए ग्रेड की कीमतों में अंतर के बारे में एटीएमए के निवेदनों के संदर्भ में, प्राधिकरण ने नोट किया कि एटीएमए ने अपने दावे के पक्ष में कोई विशिष्ट डेटा प्रस्तुत नहीं किया है। हालांकि, एटीएमए द्वारा प्रस्तुत डेटा के अवलोकन से यह पाया गया कि घरेलू उद्योग से एमआरएफ द्वारा खरीदे गए ग्रेड की कीमत चीन से आयात किए गए ग्रेड की औसत कीमत से अधिक है।

144. जहां तक इस निवेदन का संबंध है कि मांग-आपूर्ति में अंतर विद्यमान है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि मांग और आपूर्ति में अंतर, यदि कोई हो, पाटनरोधी शुल्क न लगाने का आधार नहीं हो सकता, बशर्ते कि संबद्ध देशों से पाटन हो, घरेलू उद्योग को क्षति हो और दोनों के बीच कारणात्मक संबंध हो।

145. इस दलील के संबंध में कि यद्यपि यह स्वीकार किया जाता है कि घरेलू उद्योग के संचालन का एक हिस्सा इसकी एसईजेड इकाई से जुड़ा हो सकता है, लेकिन इससे अघुलनशील सल्फर प्रभाग की लगातार लाभप्रदता कम नहीं होती है, प्राधिकरण नोट करता है कि घरेलू उद्योग के क्षति विश्लेषण के उद्देश्य से, उसने घरेलू उद्योग की डीटीए इकाई की पीयूसी लाभप्रदता और घरेलू बिक्री पर विचार किया है। इसलिए, घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति के बारे में प्राधिकरण का विश्लेषण घरेलू उद्योग की वार्षिक रिपोर्ट में प्रकाशित अघुलनशील सल्फर प्रभाग की संयुक्त लाभप्रदता पर विचार किए बिना है।

146. जहां तक इस दलील का संबंध है कि आयात में वृद्धि अतिरिक्त मांग के कारण हुई है जिसे घरेलू उद्योग पूरा करने में असमर्थ है और पीयूसी के कुछ अनुमोदित ग्रेडों की अनुपलब्धता के कारण हुई है, प्राधिकरण ने निर्धारित किया है कि घरेलू उद्योग एक ऐसा उत्पाद बेच रहा है जो आयातित उत्पाद के "समान" है, और इसलिए, उसे इस तर्क में कोई योग्यता नहीं दिखती है कि घरेलू उद्योग कुछ उत्पादों की मांग को पूरा करने में असमर्थ है और परिणामस्वरूप आयात में वृद्धि हुई है।

147. कघरेलू उद्योग की लाभप्रदता के संदर्भ में, प्राधिकरण ने नोट किया है कि घरेलू उद्योग की लाभप्रदता में उल्लेखनीय गिरावट आई है, तथा आधार वर्ष में सकारात्मक लाभ जांच अवधि में घाटे में बदल गया है। प्राधिकरण ने आगे नोट किया है कि पीबीडीआईटी में जांच अवधि में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है।

148. कुछ पक्षकारों ने यह अनुरोध किया है कि मूल्यह्रास और ब्याज में वृद्धि के कारण लाभ मार्जिन में कमी आई है और इसके परिणामस्वरूप जांच अवधि के दौरान कोई कम कीमत पर बिक्री नहीं हुई है। इस संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उन्होंने घरेलू उद्योग के एनआईपी की गणना पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-III में निर्धारित पद्धति के अनुसार की है।

149. कुछ पक्षकारों ने यह अनुरोध किया है कि घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री कीमत, उसका निर्यात मूल्य और असंबद्ध देशों से आयात की पहुंच कीमत, सभी कथित पाटन से स्वतंत्र, एक समान गिरावट की प्रवृत्ति का अनुसरण कर रही हैं। अत:, मूल्य में कमी वैश्विक बाजार परिस्थितियों का परिणाम है, न कि संबद्ध आयातों से प्रतिस्पर्धी दबाव का। इस संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की घरेलू बिक्री कीमतों में गिरावट जांच अवधि में सल्फर की

कीमतों में गिरावट से कहीं अधिक है, क्योंकि संबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद के आयात मूल्यों में महत्वपूर्ण गिरावट आई है। इसके अलावा, प्राधिकारी नोट करते हैं जबकि असंबद्ध देशों से आयात कीमत में भी गिरावट आई है, ऐसी कीमतें घरेलू उद्योग के उचित बिक्री कीमत से कहीं अधिक हैं और इससे घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हो रही है।

150. इस अनुरोध के संबंध में कि संबद्ध आयातों की मात्रा बहुत कम है, जिससे कीमतों पर बहुत अधिक दबाव नहीं पड़ सकता, प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देशों की बाजार हिस्सेदारी आधार वर्ष में 3% की तुलना में जांच अवधि में 14% है। आधार वर्ष में, घरेलू उद्योग लाभ में था और पाटित कीमतों पर संबद्ध देशों से आयात की मात्रा में निरंतर वृद्धि के साथ जांच अवधि में घरेलू उद्योग का लाभ काफी घाटे में बदल गया।

151. इस अनुरोध के संबंध में कि जांच अवधि के दौरान कुल आयात 2,927 एमटी रहा, जो बाजार का मात्र 12% था, जबकि घरेलू उद्योग का 60% हिस्सा प्रमुख था, प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच अवधि में घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई है और खोई हुई बाजार हिस्सेदारी को संबद्ध देशों से आयातों ने अपने कब्जे में ले लिया है। इसके अलावा, प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देशों ने न केवल घरेलू उद्योग के हिस्से पर कब्जा कर लिया है, बल्कि गैर-संबद्ध देशों के बाजार हिस्से पर भी कब्जा कर लिया है।

152. जहां तक इस अनुरोध का संबंध है कि यदि 1890 एमटी एसएचटीएस ग्रेड के आयातों को छोड़ दिया जाए, तो शेष संबद्ध आयात केवल 1,037 एमटी या कुल बाजार का मात्र 4% है, जो घरेलू उद्योग के कीमत निर्धारण का न्यूनीकरण अथवा कीमत ह्रास कर सकता है, विशेष रूप से इसकी मजबूत बाजार स्थिति और निरंतर लाभप्रदता को देखते हुए, यह नोट किया जाता है कि प्राधिकारी एसएचटीएस ग्रेड के आयातों को छोड़ने के बाद आयात विश्लेषण करना उचित नहीं समझते हैं, जब प्राधिकारी द्वारा पहले ही यह निष्कर्ष निकाला जा चुका है कि घरेलू उद्योग के समान वस्तु का विनिर्माण और बिक्री कर रहा है।

ख. <u>निष्कर्ष और सिफारिश</u>

153. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों और उनमें उठाए गए मुद्दों की जांच करने तथा रिकार्ड में उपलब्ध तथ्यों पर विचार करने के बाद, प्राधिकरण इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि जैसा कि नीचे दिया गया है :

154. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद चीन जन.गण. और जापान के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "अघुलनशील सल्फर" है।

155. संबद्ध देशों से निर्यातित संबद्ध सामान और घरेलू उद्योग द्वारा निर्मित वस्तुएँ पाटनरोधी नियमावली, 1995 के नियम 2(घ) के अनुसार एक दूसरे के समान वस्तु हैं।

156. आवेदक विचाराधीन उत्पाद का एकमात्र उत्पादक है और विचाराधीन उत्पाद के कुल भारतीय उत्पादन का 100% हिस्सा है। इसलिए, आवेदक पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के तहत 'प्रमुख अनुपात' परीक्षण पास करता है और आवेदन-पत्र पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(3) के अनुसार स्थिति के मानदंडों को पूरा करता है।

157. संबद्ध सामानों के सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत पर विचार करते हुए, संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों के लिए पाटन मार्जिन निर्धारित किया गया है, और मार्जिन सकारात्मक और काफी है।

158. क्षति अवधि के दौरान जांच अवधि में संबद्ध देशों से पाटित आयातों की मात्रा में निरपेक्ष एवं सापेक्ष रूप से वृद्धि हुई है।

159. घरेलू उद्योग की क्षमताएं निष्क्रिय रहने तथा भारत में पीयूसी की बढ़ती मांग की पृष्ठभूमि में संबद्ध देशों की बाजार हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

160. घरेलू उद्योग अपनी पूरी क्षमता का उपयोग नहीं कर पाया है तथा क्षति अवधि के दौरान केवल 55-65% की सीमा में प्रचालन कर रहा है।

161. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता और नियोजित पूंजी पर आय में क्षति अवधि के दौरान गिरावट देखी गई है। आधार वर्ष में लाभ जांच अवधि में महत्वपूर्ण घाटे में बदल गया।

162. घरेलू उद्योग की औसत माल-सूची में क्षति अवधि के दौरान वृद्धि हुई है, तथा जांच अवधि में इसमें कुछ गिरावट आई है।

163. घरेलू उद्योग को पाटित आयातों से काफी कीमत दबाव का सामना करना पड़ रहा है और अपनी गिरती बाजार हिस्सेदारी को बनाए रखने के लिए उसे अपनी बिक्री कीमतों को कम करना पड़ा है।

164. पाटित आयातों के परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है तथा संबद्ध देशों से पाटित आयातों और घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बीच कारणात्मक संपर्क है।

165. संबद्ध देशों से पाटन मार्जिन और क्षति मार्जिन काफी सकारात्मक हैं।

166. पाटनरोधी शुल्क लगाने से ग्राहकों के लिए उत्पाद की उपलब्धता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

167. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच शुरु की गई थी और सभी हितबद्ध पक्षकारों को अधिसूचित की गई थी और घरेलू उद्योग, निर्यातकों, आयातों और अन्य हितबद्ध पक्षकारों को पाटन, क्षति, और कारणात्मक संपर्क के पहलू सबंधी सकारात्मक सूचना प्रदान करने का पर्याप्त अवसर दिया गया था। पाटनरोधी नियमावली के अन्तर्गत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार पाटन, क्षति और कारणात्मक संपर्क की जांच शुरु करने और जांच करने पर प्राधिकारी का यह मत है कि पाटन और क्षति को दूर करने के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाना अपेक्षित है। अत: प्राधिकारी, संबद्ध देशों से संबद्ध सामानों के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं।

168. प्राधिकारी द्वारा अपनाए गए कमतर शुल्क नियम को ध्यान में रखते हुए,प्राधिकारी मार्जिन और क्षति मार्जिन में से कमतर के बराबर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं ताकि घरेलू उद्योग को हुई क्षति समाप्त की जा सके। तद्नुसार, प्राधिकारी संबद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के आयातों पर केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में जारी की जाने वाली अधिसूचना की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए नीचे दी गई शुल्क तालिका के कॉलम 7 में उल्लिखित राशि के बराबर पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश करते हैं:

शुल्क तालिका

क्र. सं.	उप शीर्ष अथवा प्रशुल्क मद	सामानों का विवरण	मूल देश	निर्यात का देश	उत्पादक	राशि	यूनिट	मुद्रा
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	38123930, 28020010, 38249900	अघुलनशील सल्फर	चीन जन.गण.	चीन सहित अन्य कोई देश	कोई	307	एमटी	यूएस.डॉ.
2	-वही-	-वही-	चीन और जापान को छोड़कर कोई देश	चीन जन.गण.	कोई	307	एमटी	यूएस.डॉ.
3	-वही-	-वही-	जापान	जापान	शिकोकु केमिकल्स कारपोरेशन	259	एमटी	यूएस.डॉ.
4	-वही-	-वही-	जापान	जापान सहित अन्य कोई देश	क्र.सं. (3) को छोड़कर कोई	358	एमटी	यूएस.डॉ.
5	-वही-	-वही-	चीन और जापान को छोड़कर कोई देश	जापान	कोई	358	एमटी	यूएस.डॉ.

* सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।

ग. <u>आगे की प्रक्रिया</u>

169. इस अंतिम जांच परिणाम में निर्दिष्ट प्राधिकारी के निर्धारण के विरुद्ध कोई अपील अधिनियम के संगत प्रावधानों के अनुसार सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और सेवा कर अपीलीय अधिकरण के समक्ष की जाएगी।

दर्पण जैन

(दर्पण जैन)
निर्दिष्ट प्राधिकारी